तिथि-चैत्र, शुक्ल, द्वादशी
सोना - 91,755
शेयर मार्केट- 74,227
चांदी- 94,000
निफ्टी- 22,535
अधिकतम -38 ºc
न्यूनतम -25 ºc

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com | वर्ष - 21 अंक-135 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, बुधवार 9 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य : दो रुपये

## प्रधानमन्त्री मोदी ने बताई वक्फ संशोधन कानून की अहमियत

चर्चित राजनीति। एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वक्फ संशोधन कानून की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम सामाजिक न्याय की दिशा में उनकी सरकार का बड़ा कदम है। 2013 में पिछला कानून भू-माफिया और मुस्लिम कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए बनाया गया था। एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संसद में इस मुद्दे पर बहस में तुष्टिकरण की राजनीति की झलक देखने को मिली।

विपक्ष को घेरते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 1947 में देश के विभाजन के पीछे भी यही रवैया था। जब कांग्रेस के कुछ नेताओं ने कट्टरपंथी विचार को बढ़ावा दिया। जबकि आम मुसलमान इस पर सहमत नहीं थे। आम मुसलमानों और उनके बीच गरीब, पिछड़े लोगों को केवल उपेक्षा, शिक्षा का अभाव और बेरोजगारी ही मिली, जबकि कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए महिलाओं के सांविधानिक अधिकारों की बलि दी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 2013 में बनाए गए वक्फ कानून से यह भ्रम पैदा हुआ कि यह अधिनियम संविधान से ऊपर है। यह कानून न्याय के लिए था, लेकिन यह डर का स्रोत बन गया। संशोधित कानून समाज

● **भारत न तो झुकने वाला और न ही रुकने वाला : प्रधानमन्त्री**

और मुस्लिम समुदाय के हित में है। उन्होंने संसद को इस शानदार कानून को लागू करने के लिए बधाई दी और कहा कि संसदीय इतिहास में दूसरी सबसे लंबी बहस हुई। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने इस साल के पहले 100 दिनों में अपनी नीतियों के साथ संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं। भारत अब न तो झुकने वाला है और न ही रुकने वाला है। तेज विकास के लिए शांति, स्थिरता और सुरक्षा बहुत जरूरी है। सरकार ने आतंकवाद और नक्सलवाद पर लगाम लगाई है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और संवेदनशीलता दिखाई है। 2025 में 100 दिन एक या दो दिन में खत्म हो जाएंगे। जो लोग सोचते थे कि भारत धीमी और स्थिर गति से चलेगा, वे तेज और निडर भारत को देख रहे हैं। इन 100 दिनों में उनकी सरकार की ओर से लिए गए फैसलों में युवाओं की आकांक्षाएं प्रतिबिंबित होती हैं, जिसने भविष्य के लिए मजबूत नींव भी रखी है।

**इस महीने सऊदी अरब की यात्रा पर जा सकते हैं पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर जा सकते हैं। इससे परिचित लोगों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी। यात्रा के दौरान वे व्यापार, निवेश, ऊर्जा और रक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी की यह यात्रा लगभग चार वर्षों के अंतराल के बाद खाड़ी देश की उनकी पहली यात्रा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों पक्षों के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के साथ-साथ प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर भी विचार-विमर्श होने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि पिछले नवंबर में, सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने भारत का दौरा किया था, जिसमें दोनों पक्षों ने विशेष रूप से व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा, सुरक्षा और संस्कृति के क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की थी। पिछले कुछ वर्षों में भारत और सऊदी अरब के बीच संबंधों में तेजी आई है। सऊदी अरब में 26 लाख भारतीय समुदाय रहता है।

## कैबिनेट मीटिंग : कई अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी

### आवास विभाग के हाईटेक टाउनशिप नीति में संशोधन पर सहमति



चर्चित राजनीति। ब्यूरो

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने हाथरस में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की स्थापना किये जाने हेतु ग्राम सभा बिजाहरी, तहसील सासनी में आगरा अलीगढ़ मार्ग पर स्थित दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ लि. सासनी, जनपद हाथरस के परिसर में चिन्हित 6.675 हे. भूमि चिकित्सा शिक्षा विभाग को सशुल्क उसी दर पर, जिस लागत पर प्रश्नगत भूमि दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. सासनी अलीगढ़ द्वारा वर्ष 1987 में पुनर्ग्रहीत की गयी है, चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तान्तरित किये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया है। ज्ञातव्य है कि सरकार की प्राथमिकता उन जनपदों में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की है, जहां शासकीय अथवा निजी क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी मेडिकल कॉलेज स्थापित नहीं है। इसी क्रम में प्रदेश के असेवित जनपद हाथरस में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जानी है। वर्तमान में प्रदेश के कुल 60 जनपदों में राजकीय/निजी क्षेत्र के कुल 80 मेडिकल कॉलेज स्थापित/संचालित हैं।

जनपद हाथरस में प्रश्नगत भूमि पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने से जहां एक ओर उत्कृष्ट कोटि के चिकित्सकों को तैयार किया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर जन सामान्य को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें प्राप्त हो सकेंगी। मंत्रिपरिषद ने जनपद अयोध्या में प्रस्तावित 300

● **योगी सरकार ने बढ़ाया पीआरडी जवानों का भत्ता**

शैय्या चिकित्सालय के निर्माण हेतु पुराने सीतापुर आई हॉस्पिटल की सन्दर्भगत भूमि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पक्ष में, प्रभावी जिलाधिकारी सर्किल दर पर छूट प्रदान करते हुये, कतिपय शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निःशुल्क आवंटित/हस्तांतरित किये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। यह हस्तांतरण अपवादस्वरूप होगा तथा इसे भविष्य में दृष्टांत के रूप में नहीं माना जाएगा।

मंत्रिपरिषद द्वारा जिलाधिकारी अयोध्या से प्राप्त प्रस्ताव/अनुरोध तथा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सहमति के क्रम में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-ए-2-75/दस-77-14(4)/74 दिनांक 03.02.1977 के प्राविधानों को शिथिल करते हुए अपवादस्वरूप उक्त कार्यालय ज्ञाप के अधीन भूमि को निःशुल्क आवंटित/हस्तांतरित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

मंत्रिपरिषद ने जनपद अयोध्या में 3 से 7 आयु वर्ग के श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित एवं मानसिक मंदित छात्रों हेतु बचपन डे केयर सेन्टर की स्थापना के लिए नजूल भूमि की चक-4 बह्मकुण्ड अयोध्या, परगना हवेली अवध तहसील सदर, जिला अयोध्या स्थित 4,000 वर्गफीट (371.74 वर्गमीटर) क्षेत्रफल भूमि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के पक्ष में प्रभावी जिलाधिकारी, सर्किल दर पर छूट प्रदान करते हुए कतिपय शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निःशुल्क आवंटित/हस्तांतरित किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। यह हस्तांतरण अपवादस्वरूप होगा तथा इसे भविष्य में दृष्टांत के रूप में नहीं माना जाएगा। ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी अयोध्या के पत्र दिनांक 20.08.2024 द्वारा जनपद अयोध्या में बचपन डे केयर सेन्टर की स्थापना हेतु उपरोक्त भूमि जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अयोध्या को हस्तांतरित किये जाने का संस्तुति सहित प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। उक्त भूमि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

**प्रान्तीय रक्षक दल के स्वयंसेवकों के ड्यूटी भत्ता में बढ़ोत्तरी के सम्बन्ध में :** मंत्रिपरिषद ने प्रान्तीय रक्षक दल के स्वयंसेवकों के ड्यूटी भत्ते को 395 रुपये प्रतिदिन से ब?ाकर 500 रुपये प्रतिदिन वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत दिनांक 01.04.2025 से किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रस्ताव के क्रियान्वयन के पश्चात प्रान्तीय रक्षक दल के स्वयंसेवकों की 30 दिन की उपस्थिति के आधार पर ड्यूटी भत्ते में 3,150 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोत्तरी हो जाएगी। मंत्रिपरिषद ने यमुना एक्सप्रेस-वे एवं ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे की क्रॉसिंग (ग्राम जगनपुर-अफजलपुर के पास) पर इण्टरचेन्ज का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कराये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इण्टरचेंज के निर्माण के सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यमुना विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में एनएचएआई के साथ 14 मई, 2024 को सम्पन्न बैठक में एनएचएआई द्वारा प्रदत्त सहमति व यमुना विकास प्राधिकरण के संचालक मण्डल द्वारा प्रदत्त अनुमोदन के अनुक्रम में यह निर्णय लिया गया है। निर्णय के अनुसार यमुना एक्सप्रेस-वे एवं ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे की क्रॉसिंग (ग्राम जगनपुर-अफजलपुर के पास) पर इण्टरचेन्ज का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अपनी ड्रॉइंग, डिजाइन एवं स्पेसिफिकेशन के आधार पर किया जाएगा। इण्टरचेन्ज के निर्माण में व्यय होने वाली समस्त धनराशि का वहन एनएचएआई दवारा स्वयं किया जायेगा। निर्माण होने के बाद इन्टरचेन्ज का रख-रखाव (ऑपरेशन एण्ड मेन्टेनेन्स) एवं उस पर स्थापित होने वाले टोल प्लाजा का निर्माण/संचालन/नियंत्रण एनएचएआई द्वारा ही सम्पादित किया जाएगा। इण्टरचेन्ज के निर्माण से सम्बन्धित भूमि का स्वामित्व यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के पास ही बना रहेगा। भविष्य में प्रश्नगत इण्टरचेन्ज के निर्माण के सम्बन्ध में यदि कोई नीतिगत निर्णय लिया जाना होगा, तो उक्त निर्णय के लिए मुख्यमंत्री जी को मंत्रि-परिषद द्वारा अधिकृत किया गया है। मंत्रिपरिषद ने भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली 2025 को प्रख्यापित किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। ज्ञातव्य है कि प्रदेश की गौरवशाली संस्कृति के रोजगारपरक (शेष पृष्ठ 7 पर)

## राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस नेता बोले-पार्टी को पुनर्जीवित करना है

**अहमदाबाद, एजेंसी।** कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) का अधिवेशन 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद में हो रहा है। इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए कांग्रेस नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस अधिवेशन के जरिए पार्टी को पुनर्जीवित करना है। कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने बातचीत में कहा, मुझे खुशी है कि मैं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति में शामिल होने के लिए गुजरात के अहमदाबाद आया हूं। हमें कांग्रेस को नई ऊर्जा, नई गति और नई दिशा के साथ पुनर्जीवित करना है। कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक पर पार्टी नेता पवन खेड़ा ने कहा, ष्यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बैठक है। जिस दौर से देश गुजर रहा है और शेयर मार्केट की जैसी स्थिति है, मेरा मानना है कि देश के लिए उम्मीद की एकमात्र किरण कांग्रेस पार्टी है। पूरा देश अब कांग्रेस की ओर देख रहा है। कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी ने बातचीत में कहा, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की धरती पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक (शेष पृष्ठ 7 पर)

## मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा

● **प्रदर्शनकारियों ने की तोड़फोड़, वाहन फूंके**



चर्चित राजनीति। एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई। सड़क जाम करने से रोकने पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। संसद से पारित हुए वक्फ संशोधन कानून का लगातार विरोध हो रहा है। बताया जा रहा है कि मुस्लिम संगठन ने जंगीपुर पीडब्ल्यूडी मैदान से वक्फ बिल वापस लेने की मांग को लेकर विरोध मार्च निकाला था। राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को जाम करने के इरादे से जैसे ही ये मार्च जंगीपुर से उमरपुर की ओर बढ़ा, पुलिस ने उन्हें रोका। इसी के बाद पुलिस के साथ उनकी झड़प हो गई। भीड़ ने पुलिस की कई गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। यह भी जानकारी मिली है कि बनियापुर और उमरपुर इलाकों में कई घरों में भी तोडफोड़ की गई। इसके बाद जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक बड़ी पुलिस टीम स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पहुंची। इसे लेकर भाजपा ने टीएमसी पर हमला बोला है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा कि पश्चिम बंगाल फिर से आग की लपटों में है। सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी है। इस बार मुर्शिदाबाद में मुस्लिम भीड़ वक्फ अधिनियम के विरोध में सड़कों पर उतर आई है। ममता बनर्जी ने बंगाल के विशाल क्षेत्रों पर नियंत्रण खो दिया है, जो अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय बदलाव और अवैध घुसपैठ के कारण राज्य प्रशासन के लिए दुर्गम हो गए हैं। अब वह केवल उनके वोटों की प्रत्याशा में गिड़गिड़ाने के अलावा कुछ नहीं कर सकती। उन्हें 2026 में जाना ही होगा। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद दिलीप घोष ने जंगीपुर में हुई हिंसा पर सीधे-सीधे तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस चाहती है कि हिंसा हो। रामनवमी में तृणमूल कांग्रेस राज्य में कई अराजकता नहीं फैला पाई, अस इस तरह से हिंसा फैलाना चाहती है। जब बक्फ संशोधन अधिनियम संसद से कानून बन गया है तो फिर इस पर हिंसा का क्या मतलब। हिंसा फैसाने वालों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## सिंगापुर के स्कूल में आग लगने से पवन कल्याण का 7 वर्षीय बेटा शंकर झुलसा

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री-अभिनेता पवन कल्याण के छोटे बेटे मार्क शंकर के सिंगापुर स्थित स्कूल में आग लग गई, जिसमें वह झुलस गया। पवन कल्याण की पार्टी जन सेना के अनुसार, इस घटना में सात वर्षीय शंकर के हाथ और पैर झुलस गए हैं। उसे धुएं के कारण भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। फिलहाल उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। अल्लूरी सीतारामराजू जिले के दौरे पर गए अभिनेता-राजनेता पवन कल्याण को यह खबर मिली। वे जिले के अपने दौरे को बीच में छोड़कर सिंगापुर के लिए रवाना होंगे। जन सेना के अनुसार, पार्टी नेताओं ने उन्हें सिंगापुर रवाना होने का सुझाव दिया। हालांकि, पवन कल्याण ने नेताओं से कहा कि उन्होंने सोमवार को आदिवासियों से वादा किया था कि वे अराकू के पास कुरीडी गांव का दौरा करेंगे और उनकी समस्याओं के बारे में जानेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि विकास कार्यक्रमों के उद्घाटन की व्यवस्था कर दी गई है, इसलिए वे सिंगापुर रवाना होने से पहले यह काम कर लेंगे। जन सेना के नेताओं ने बताया कि आदिवासी क्षेत्र का दौरा पूरा करने के बाद पवन कल्याण विशाखापत्तनम पहुंचेंगे और (शेष पृष्ठ 7 पर)

## यूपी पुलिस के पोर्टल को मिला 'स्काच' अवार्ड



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की तकनीकी सेवाएं शाखा द्वारा आंतरिक रूप से विकसित इन्वेस्टिगेशन, प्रॉसिक्यूशन एवं कन्विक्शन पोर्टल को पुलिस और सुरक्षा श्रेणी में प्रतिष्ठित SKOCH अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान को आज एडीजी ने खुद डीजीपी को सौंपा।

जानकारी के मुताबिक, ये पोर्टल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य है ङ्क पीड़ितों को समय पर न्याय सुनिश्चित करना। यह नवाचार न केवल कानून व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाता है, बल्कि न्याय प्रणाली की पारदर्शिता और प्रभावशीलता को भी एक नई दिशा देता है। इस पोर्टल के माध्यम से गंभीर और संवेदनशील मामलों की पहचान की जाती है, उनके विवेचन की लगातार निगरानी होती है, और त्वरित सुनवाई सुनिश्चित की जाती है। यह प्रणाली न्याय वितरण की प्रक्रिया को तेज़, सटीक और भरोसेमंद बनाती है, जिससे आम जनता का विश्वास पुलिस पर और भी अधिक मज़बूत हुआ है। इस उपलब्धि पर तकनीकी सेवाएं शाखा के एडीजी द्वारा यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को सौंपा गया। इस अवसर पर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर और जीएसओ टू डीजीपी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एग्रो टूरिज्म सेंटर के लिए डेढ़ करोड़ मंजूर

**लखनऊ, चसं।** प्रदेश सरकार द्वारा आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या के मुख्य परिसर में एग्रो टूरिज्म सेंटर को बढ़ावा देने हेतु धनराशि 1.50 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की गयी है। एग्रो टूरिज्म सेंटर निर्माण प्रदेश सरकार की एक उल्लेखनीय पहल है।कृषि पर्यटन वाणिज्यिक उद्यम है जो कृषि उत्पादन तथा उसके प्रसंस्करण को पर्यटन से जोड़ता है जिससे आगंतुकों को खेत या अन्य कृषि व्यवसाय की ओर आकर्षित किया जा सके। इसका उद्देश्य आगंतुकों को स्थानीय कृषि उत्पादों के विषय में शिक्षित करना है, खेती से किसानों के लिए आय उत्पन्न करना है।

### चार आतंकवादियों को हाई कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 17 साल पहले हुए सीरियल बम धमाकों के दौरान जिंदा मिले बम के मामले में राजस्थान हाई कोर्ट ने मंगलवार को चार आतंकियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला जयपुर के चांदपोल इलाके में रामचंद्र मंदिर के पास मिले एक जिंदा बम से जुड़ा है, जो 13 मई 2008 को हुए सीरियल बम विस्फोटों के बाद बरामद किया गया था। हाई कोर्ट ने चारों आरोपियों शाहबाज हुसैन, मोहम्मद सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ और मोहम्मद सफीउर्रहमान को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13 (गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होना) और धारा 18 (आतंकी साजिश) के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। चार दिन पहले, गत 4 अप्रैल को सीरियल ब्लास्ट मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने इन चारों आरोपियों को दोषी करार दिया था। मंगलवार को सजा पर बहस के बाद हाई कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा पर बहस के दौरान सरकारी वकील और विशेष लोक अभियोजक (पीपी) सागर ने कहा, ष्आरोपियों ने समाज में भय फैलाने की नीयत से गंभीर अपराध किया (शेष पृष्ठ 7 पर)

### सक्रिय सदस्य सम्मेलन में विधायक राजेश्वर सिंह ने गिनाई मोदी युग के 11 साल की उपलब्धियां

## योगी के नेतृत्व ने किया भारत के 'स्व' का पुनर्जागरण : डॉ. राजेश्वर

चर्चित राजनीति। संवाददाता







**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में वह परिवर्तन देखा है, जिसे इतिहास स्वर्ण अक्षरों में लिखेगा। कभी आतंकी हमलों और अशांति से जूझता कश्मीर आज टूरिज्म का केंद्र बन चुका है। जिस भारत को वैश्विक मंचों पर उपेक्षा का सामना करना पड़ता था, वही भारत अब त्न-20 की अध्यक्षता कर रहा है, वैश्विक फैसलों में निर्णायक भूमिका निभा रहा है।

ये विचार विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय भाजपा सदस्यों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये हैं। मंगलवार को आशियाना स्थित विधायक आवास पर भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाए गए परिवर्तनों पर गोष्ठी, सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों का भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के साथ महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी संतोष सिंह भी मौजूद रहे। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारत को फ्रेजाइल फाइव से टॉप फाइव अर्थव्यवस्था की श्रेणी में पहुँचाया है। 450 अरब से बढ़कर ,800 अरब तक, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ दोगुना ङ्क अब तक ,597 अरब से अधिक, भारत अब 5वीं सबसे बड़ी विदेशी मुद्रा भंडार वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। जन-धन और ष्ठक्च्ञ्ज क्रांति 52 करोड़ बैंक खाते, 65त्न ग्रामीण क्षेत्र में, DBT से बिचौलियों की भूमिका खत्म, 3 लाख करोड़ की बचत हुई।

9 करोड़ से अधिक शौचालय निर्माण, ODF से हर वर्ष 50,000 करोड़ की स्वास्थ्य लागत में बचत। 6 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्डधारक परिवारों को मुफ्त उपचार। उज्ज्वला योजना से 9.6 करोड़ महिलाओं को मुफ्त LPG कनेक्शन। मुद्रा योजना के तहत 32 लाख करोड़ रुपये के ऋण, 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं। तीन तलाक पर प्रतिबंध से मुस्लिम बहनों को न्याय और गरिमा मिली। सरोजनीनगर में भी 150 तारा शक्ति केंद्र (सिलाई सेंटर ) खुलवाये गये, हजारों महिलाएं स्वावलंबी बन रही हैं। राम मंदिर निर्माण, 4100 करोड़ से अयोध्या कायकल्प, 900 करोड़ से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक जैसे आस्था केंद्रों के विकास की परियोजनाएं। 7000 करोड़ से महाकुम्भ को मिला विहंगम रूप। मोदी योगी की प्रेरणा (शेष पृष्ठ 7 पर)

# मनीष सैनी हत्याकाण्ड का हुआ खुलासा

चर्चित राजनीति। अमित चौधरी




**रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र क्षेत्र अन्तर्गत शिवगढ़ नगर पंचायत के भवानीगढ़ वार्ड में सोमवार को 7 अप्रैल की सुबह सरसों के खेत में मिले मनीष सैनी के शव के मामले में पुलिस ने 24 घण्टे में सनसनीखेज मनीष सैनी हत्याकाण्ड का खुलासा कर दिया है। मृतक मनीष सैनी की पत्नी ही निकली इस हत्याकाण्ड की मास्टरमाइंड। मंगलवार यानी 8 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक डा.यशवीर सिंह ने हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि 7 अप्रैल को शिवगढ़ में एक हत्या का मुकदमा पंजीकृत हुआ था। नवयुवक मनीष सैनी की हत्या कर दी गई थी।

डेड बॉडी उसके ससुराल में खेत में पुलिस को बरामद हुई थी। उन्होंने बताया कि हत्या करने वाले 2 अभियुक्तों को आज गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके पास से आला कत्ल बरामद किया गया है। मृतक की पत्नी रूबी और उसके प्रेमी सुनील कोरी दोनों ने मिलकर हत्या की थी। मनीष सैनी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ 6 अप्रैल को जागरण में शामिल होने के लिए ससुराल

**● पत्नी रुबी ने प्रेमी सुनील कोरी के साथ मिलकर की थी मनीष की हत्या**

आया था मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी सुनील को पीछे से मायके बुलवाया और दोनों ने मिलकर उसी दिन मनीष सैनी को गोली मारकर हत्या कर दी और शव को वहीं खेत में फेंक दिया।

पिस्टल पुलिस ने बरामद कर लिया है जिसे वह पिछले महीने बिहार से खरीद कर लाया था। खाली खोखे भी पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला ने स्वीकार किया है कि वह महीनों से हत्या की प्लानिंग कर रहे थे इसी सिलसिले से सुनील कोरी बिहार से पिस्टल खरीद कर लाया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ में दोनों ने बताया है कि काफी दिनों से पत्नी रूबी का प्रेमी सुनील कोरी के साथ अफेयर चल रहा था। पूर्व में इसी मामले में कई बार मारपीट हो चुकी है, एक बार ससुराल वालों ने महिला को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। हत्या के दिन मायके आई महिला ने खेत में प्रेमी के साथ अवैध संबंध स्थापित किए, पति को शक हुआ तो वह भी वहां पहुंच गया जहाँ आपस में बहस हुई जिसके बाद पिस्टल निकालकर गोली मार कर हत्या कर दी और शव खेत में फेंक दिया।

# मां भगवती का 16वां विशाल जागरण सम्पन्न





चर्चित राजनीति। संवाददाता

**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के अवधेश्वर महादेव मन्दिर एवं राम जानकी मन्दिर ठाकुरद्वारा परिसर पूरे पाण्डेय में मां भगवती का 16 वां विशाल जागरण सम्पन्न हुआ। जागरण में एस एस म्यूजिकल ग्रुप की मशहूर भजन गायिका श्वेता मिश्रा, नेहा नैना ने एक से एक भजन गाकर श्रोताओं को भक्ति रस में डुबो दिया।

श्रोता मंत्रमुग्ध होकर झूमने गाने लगे। वहीं करन अलबेला झांकी ग्रुप कोलकाता के कलाकारों ने एक से एक अद्भुत झांकियां दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**● अद्भुत झांकियां देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक**

कार्यक्रम का आयोजन नव दुर्गा पूजा जागरण समिति के तत्वाधान में रमेश प्रकाश मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजक रमेश प्रकाश मिश्रा तथा व्यवस्थापक अंकुर मिश्रा ने कार्यक्रम में अतिथियों को माला पहनकर एवं अंग अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। पूजन हवन पंडित पुष्कर त्रिवेदी द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर संरक्षक धर्म प्रकाश मिश्रा, संयोजक राजेंद्र प्रकाश मिश्रा, राकेश प्रकाश मिश्रा, नन्दकिशोर तिवारी, गोविंद नारायण शुक्ला, राजकुमार शुक्ला, पिंकू सिंह, शिवमोहन सिंह, अरुण अवस्थी ,राजकुमार अवस्थी, जेपी मिश्रा, योगेश, प्रांजुल, प्रियांशु, अजय मिश्रा, अमन मिश्रा, उमाशंकर अवस्थी, दुर्गा शंकर, राम प्रकाश मिश्रा, रामशंकर शुक्ला, गोपाल शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# फॉर्मेसी के छात्र सीखेंगे एआई, एकेटीयू और नेमी एजुकेशन के बीच हुआ एमओयू

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फॉर्मेसी सहित इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के छात्र क्लाउड सिक्योरिटी एनालिस्ट, फार्मा कोविजिलेंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन फॉर्मेसी के निःशुल्क कोर्स करेंगे।

छात्रों को यह कोर्स नई तकनीकी के कोर्स कराने वाली नेमी एजुकेशन करायेगी। इसके लिए, मंगलवार को माननीय कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय की उपस्थिति में नेमी एजुकेशन के साथ एमओयू किया गया।

एमओयू के तहत कंपनी तकनीकी छात्रों को स्किल्ड बनायेगी। खासकर फॉर्मेसी की पढ़ाई कर रहे छात्रों को नई तकनीकी के प्रयोग और फार्मा इंडस्ट्री की जरूरतों के मुताबिक प्रशिक्षित किया जाएगा।

फॉर्मेसी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग से काफी कुछ बदलाव की गुंजाइश है।



साथ ही फार्मा कंपनियां एआई प्रशिक्षित छात्रों को रोजगार देने में प्राथमिकता भी दे रही हैं। ऐसे में छात्रों को नेमी एजुकेशन एआई इन फॉर्मेसी का कोर्स करायेगी। इसके अलावा फार्मा कोविजिलेंस के बारे में भी छात्र जानेंगे। जिससे उन्हें रोजगार मिलने में आसानी होगी। इसके अलावा क्लाउड सिक्योरिटी का भी कोर्स सभी पाठ्यक्रमों के छात्रों को कराया जाएगा। जल्द ही नेमी एजुकेशन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड

**● एमओयू के तहत कंपनी छात्रों को नई तकनीकी के निःशुल्क कोर्स करायेगी**

पर कार्यशाला का आयोजन करेगी। जिसमें कंपनी के विशेषज्ञ छात्रों को प्रशिक्षित करेंगे। एमओयू के दौरान माननीय कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय ने कंपनी से जल्द ही कार्यशाला आयोजित कर छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए कहा।

डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो0 नीलम श्रीवास्तव एवं नेमी एजुकेशन के फाउंडर अक्षत वाजपेयी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस मौके पर वित्त अधिकारी केशव सिंह, कंपनी की डायरेक्टर प्रिया जायसवाल, प्रतिभा शुक्ला, शिशिर द्विवेदी मौजूद रहे।

**एकेटीयू के 11 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट :** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक के 11 छात्रों का चयन फ्यूचर गुरुकुल्स एजुटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कोडिंग एंड रोबोटिक्स ट्रेनर के पद पर हुआ है। कंपनी की ओर से आयोजित विभिन्न स्तर की परीक्षा के बाद इन छात्रों को अंतिम रूप से चयनित किया गया है। इन छात्रों को कंपनी की ओर से करीब तीन लाख रूपये सालाना पैकेज दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी मुहैया करायी जाएंगी। चयनित छात्रों को माननीय कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो0 नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में ड्राइव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से लगातार छात्रों को ट्रेनिंग कराने के साथ ही कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक छात्र रोजगार पा सकें।

# हर देशवासी को जोड़कर आगे बढ़ रही भाजपा : धर्मपाल


**लखनऊ, चसं।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के आज दूसरे दिन भी प्रदेश में बूथ स्तर कार्यक्रम आयोजित किये गए। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मुरादाबाद, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अलीगढ,ब्रजेश पाठक लखनऊ महानगर प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने लखनऊ में स्थापना दिवस पर पार्टी पदाधिकारियों, नागरिको तथा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। प्रदेश में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता तथा पार्टी के कार्यकर्ता बूथ पर आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे और हर्षोल्लास के साथ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया।भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के बक्शी का तालाब के चिनहट ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 299 पर पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फएक दल नहीं बल्कि एक विचार है। जो राष्ट्र की आराधना, मां भारती की साधना और सबके कल्याण की कामना के साथ काम करती है। भाजपा हर क्षेत्र, हर भाषा, हर संप्रदाय और हर देशवासी को जोड़कर आगे बढ़ रही हैं। भाजपा राष्ट्रहित की भी पार्टी है और क्षेत्रीयआकांक्षाओं की पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी अपने मूल्यों, सिद्धातों, नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की वजह से आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे पास 18 करोड़ से ज्यादा समर्पित कार्यकर्ता है। देश की आबादी में 13 फीसदी से ज्यादा लोग हमारे सदस्य हैं। देश के 21 राज्यों में हमारी या हमारे गठबंधन की सरकार है। भारतीय जनता पार्टी आज जिस मुकाम पर खड़ी है उसमें असंख्य कार्यकर्ताओं का संघर्ष, नेताओं का बलिदान, त्याग, समर्पण शामिल है। आरएसएस के तत्कालीन सरसंघचालक गुरूजी से मिलने के बाद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय व प्रोफेसर बलराज मधोक के साथ मिलकर 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में भारतीय जनसंघ की स्थापना की। देश आजादी के बाद भी ब्रिटिश औपनिवेशिक मानसिकता पर चल रहा था। ऐसे में पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने कहा कि पूंजीवाद हो या समाजवाद दोनों भारतीय भूमि की उपज नहीं हैं। हमारी संस्कृति से मेल नहीं खाते। दीन दयाल ने कहा कि हमें विवाद या संघर्ष नहीं समन्वय का रास्ता चुनना है। जहां व्यक्ति का व्यक्ति से संघर्ष न हो बल्कि एकात्मता का भाव हो। पंडित दीनदयाल के इसी एकात्म मानववाद और अंत्योदय को लेकर भारतीय जनसंघ की यात्रा शुरू हुई और आज भाजपा रूपी विशाल वृक्ष के रूप में हमारे और आप सबके सामने खड़ी है। हमारे मुद्दे थे समान नागरिक संहिता, गोहत्या पर प्रतिबंध और जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति। एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान के विरोध में डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर कूच करने का फैसला किया। जहां प्रवेश के लिए परमिट की आवश्यकता होती थी। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। 1977 में इमरजेंसी खत्म होने के बाद जनसंघ ने राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ विपक्षी दलों के साथ वैचारिक मतभेदों को भुलाकर इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी की तानाशाही को जवाब देने के लिए खुद का जनता पार्टी में विलय कर दिया। मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी की केंद्र में सरकार बनी, अटल बिहारी वाजपेयी जी विदेश मंत्री और लालकृष्ण आडवाणी जी सूचना एवं प्रसारण मंत्री बने। इंदिरा गांधी के खिलाफविपक्षी एकजुटता का ये प्रयोग बहुत ज्यादा दिनों तक सफल नहीं हो सका। गुटबाजी और अंतर्विरोधों की वजह से 1979 में जनता पार्टी की सरकार गिर गयी। कांग्रेस पार्टी के खिलाफदेश को राष्ट्रवादी राजनीति का विकल्प देने के लिए 6 अप्रैल 1980 को दिल्ली केफिरोजशाह कोटला मैदान में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। अटल बिहारी वाजपेयी जी इसके पहले अध्यक्ष बने। 6 अप्रैल 1980 को भाजपा के गठन के बाद पार्टी का पहला अधिवेशन दिसंबर 1980 को मुंबई में हुआ। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या से बनी हुई है। भाजपा जमीन पर काम करके आगे बढ़ी है। भाजपा गांव में, खेत खलिहानों में गरीबों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर तपकर के आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि तपेगा जो, गलेगा वो, गलेगा जो ढलेगा वो, ढलेगा जो बनेगा वो के मूलमंत्र पर चलते हुए भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ काम कर रहे हैं।

## सरस मेला में मिला एक सांस्कृतिक यात्रा का अनुभव

**लखनऊ, चसं।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में ष्सरस मेलाष् का आयोजन उत्तराखंड भवन, विभूति खंड, गोमती नगर लखनऊ में 30 मार्च से 8 अप्रैल तक किया गया। यह मेला 8 अप्रैल को सफलतापूर्वक समाप्त हुआ। मेले में भारतीय हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों का एक बेजोड़ संग्रह प्रस्तुत किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लेकर बिहार, उत्तराखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम और केरल जैसे राज्यों की महिलाओं द्वारा बनाए गए विशिष्ट हस्तशिल्प और परंपरागत उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे।

# फाईव स्टार होटल में गुपचुप बैठक में तय होगा निजीकरण

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**लखनऊ।** पूर्वांचल व दक्षिणांचल के 42 जनपदों के निजीकरण के मामले पर उपभोक्ता परिषद ने आज एक बड़ा खुलासा करने जा रहा है केंद्र सरकार में होली के पहले ऊर्जा विभाग की एक गोपनीय बैठक हुई कि उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों का निजीकरण सफलतापूर्वक जल्दी किया जाए। इस योजना के तहत 12 अप्रैल को उत्तर प्रदेश लखनऊ स्थित एक फाइव स्टार होटल में सफलता पूर्वक निजीकरण करने वाले निजी घरानो के साथ एनटीपीसी व पावर ग्रिड की पावर कारपोरेशन ने एक गोपनीय बैठक बुलाई है। उपभोक्ता परिषद ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग उठाई है कि सबसे पहले ब्रिटिश ट्रांजैक्शन एडवाइजर ग्रांट थ्रोनटन को आसंवैधानिक तरीके से निजीकरण के लिए रखा गया। अब प्रदेश के 42 जनपदों को निजी क्षेत्र में सफलतापूर्वक देने के लिए देश के बड़े निजी घराने अदानी, टोरेंट पावर टाटा पावर, नोएडा पावर कंपनी, रिलायंस के साथ गोपनीय बैठक आयोजित किया जाना उत्तर प्रदेश के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। इससे सरकार की छबि धूमिल होगी।

तत्काल इस पर पूरी विराम लगाया जाए। उपभोक्ता परिषद में प्रदेश के मुख्यमंत्री से इस प्रकार की गोपनीय बैठक पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा 1959 में बने राज्य विद्युत परिषद के अनुक्रम में गठित बिजली निगमो को बेचने की इतनी जल्दी क्यों है। सभी को पता है कि निजी घराने जब भी उत्तर प्रदेश में पैर पसारेगें प्रदेश की गरीब जनता को लालटेन युग में जाना पड़ेगा। वर्तमान में उड़ीसा में 1 किलो वाट का कनेक्शन 4000 रूपये से ऊपर है। जबकि उत्तर प्रदेश में 1 किलो वाट का कनेक्शन महज 1200 से 1300 के बीच है। इसी प्रकार मुंबई में निजीकरण के बाद अदानी द्वारा संचालित कंपनी की अधिकतम घरेलू की बिजली दरें रुपया 15 प्रति यूनिट से ऊपर है।

प्रदेश में अधिकतम घरेलू कि 6.50 प्रति यूनिट है।जो यह दर्शाता है कि देश के यही निजी घराने जब उत्तर प्रदेश में अपना कब्जा जमा लेंगे। तो उत्तर प्रदेश की जनता को लालटेन युग में जाने से कोई नहीं रोक पाएगा। इसलिए अभी भी समय है उत्तर प्रदेश सरकार को पूरे मामले पर हस्तक्षेप करना चाहिए। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा जिस प्रकार से पावर कॉरपोरेशन लगातार आसंवैधानिक कार्रवाई कर रहा है और निजी घरानो के साथ बैठकर कर रहा है उसे उत्तर प्रदेश की जनता के साथ बड़ा धोखा होने वाला है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को पूरे मामले पर तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए और पावर कारपोरेशन को यह खुलासा करना चाहिए इस बैठक का एजेंडा क्या है।

**निजीकरण के खिलाफ 10 प्रान्तों के बिजली संगठन की आज रैली :** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों और अभियन्ताओं के चल रहे आन्दोलन को आज उत्तरी भारत के 10 प्रान्तों के बिजली कर्मचारी संगठनों ने पुरजोर समर्थन दिया। उत्तर प्रदेश के समर्थन में आन्दोलन का निर्णय लिया। 09 अप्रैल को लखनऊ में होने वाली विशाल रैली में देश के अनेक प्रान्तों से बिजली कर्मचारी एवं अभियन्ता संगठनों के शीर्ष पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

आज लखनऊ में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एण्ड इंजीनियर्स के उत्तरी क्षेत्र के तत्वावधान में उत्तरी भारत के प्रान्तों के बिजली कर्मचारी संघों और अभियन्ता संघों की बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की गयी कि किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों के व्यापक हित को देखते हुए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त किया जाये। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि उप्र सरकार ने निजीकरण का निर्णय निरस्त न किया तो उप्र के साथ उत्तरी भारत के सभी प्रान्तों के तमाम बिजली कर्मी आन्दोलन करेंगे।संघर्ष समिति ने बताया कि 09 अप्रैल को लखनऊ में राणा प्रताप मार्ग स्थित हाइडिल फील्ड हॉस्टल पर प्रदेश भर से आने वाले बिजली कर्मी एकत्र होने। तत्पश्चात मध्याह्न 12 बजे के बाद रैली निकाली जाएगी। रैली सिकन्दर बाग चौराहे से अशोक मार्ग, शक्ति भवन, मीरा बाई मार्ग होते हुए हाइडिल फील्ड हॉस्टल तक आएगी जहां सभा होगी। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने यह निर्णय लिया कि उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में आगामी 02 मई से 09 मई तक लखनऊ में शक्ति भवन मुख्यालय पर क्रमिक अनशन होगा जिसमें अलग अलग प्रान्तों से बिजली कर्मी और अभियंता सम्मिलित होंगे। 14 मई को उप्र के आन्दोलन के समर्थन में उत्तरी भारत के सभी प्रान्तों के तमाम बिजली कर्मी सभी जनपदों और परियोजनाओं पर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे।

आज की बैठक में ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चयेरमैन शैलेन्द्र दुबे, ऑल इण्डिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष आर के त्रिवेदी एवं जी वी पटेल, ऑल इण्डिया इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल मोहन शर्मा और इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज फेडरेशन ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्त , आल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी आर के पाराशर सुरेश राठी, हरपाल सिंह ,कुलविंदर सिंह, रघुवेंद्र सिंह मुख्यतया सम्मलित हुए।आज की बैठक में पंजाब, चंडीगण, जम्मूकश्मीर, हरियाणा, उत्तराखण्ड के पदाधिकारियों के साथ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के सभी प्रमुख पदाधिकारी जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय, पी के दीक्षित, सुहेल आबिद, श्री चन्द, मो वसीम, माया शंकर तिवारी, छोटे लाल दीक्षित, देवेन्द्र पांडेय, सरजू त्रिवेदी सम्मिलित हुए।

बैठक में प्रस्ताव पारित कर कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में आगरा और ग्रेटर नोएडा में निजीकरण का प्रयोग पूरी तरह विफल हो चुका है। अब इस विफल प्रयोग को उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों में थोपने का कोई औचित्य नहीं है। अप्रैल 2010 में जब आगरा शहर की बिजली व्यवस्था टोरेंट पॉवर कम्पनी को सौंपी गयी थी तब उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन का 2200 करोड़ रूपये का उपभोक्ताओं का एरियर बकाया था जिसे टोरेंट कम्पनी को वसूल का पॉरव कारपोरेशन को देना था। पॉवर कारपोरेशन इसके एवज में टोरेंट पॉवर कम्पनी को 10 प्रतिशत इंसेटिव का भुगतान करती। आज 15 वर्ष गुजर जाने के बाद भी टोरेंट पॉवर कम्पनी ने एक पैसा भी पॉवर कारपोरेशन को नहीं दिया है। इसके अतिरिक्त पॉवर कारपोरेशन 5.55 रूपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद कर टोरेंट कम्पनी को 4.36 रूपये प्रति यूनिट की दर से बेच रही है जिसके चलते प्रति वर्ष 275 करोड़ रूपये का नुकसान हो रहा हैं अतः इस प्रकार के विफल निजीकरण के प्रयोग को उत्तर प्रदेश में जबरिया लागू न किया जाये और निजीकरण का निर्णय तत्काल वापस लिया जाये।

# संक्षिप्त समाचार

## शादी के डेढ़ महीने बाद दुल्हन की मौत, पिता बोले, घरवालों ने मारकर लटका दिया

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ के सैरपुर थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना से परेशान महिला ने शादी के डेढ़ माह बाद सुसाइड कर लिया। उसके गले व शरीर पर चोट के निशान हैं। उसकी पहचान उपासना सिंह के रूप में हुई है। उसकी उम्र 27 साल थी। वह दुग्गौर गांव निवासी अभय सिंह की पत्नी थी। मृतका के पिता कृष्ण कुमार सिंह को सोमवार शाम साढ़े पांच बजे उसके ससुरालवालों ने फोन किया। कहा उनकी बेटी की तबीयत खराब है। वह देर शाम बेटी के गांव पहुंचे, तो पता चला कि उनकी बेटी का शव बीकेटी क्षेत्र स्थित रामसागर मिश्र शत शैय्या संयुक्त चिकित्सालय के शव गृह में रखा है। मृतका उपासना के गले पर फंदे का निशान था। शरीर पर भी चोट के निशान मिले हैं। उसके पिता ने सैरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पति अभय सिंह, जेठ आशीष सिंह उर्फअंशू सिंह, ससुर रामकरन सिंह, जेठानी सोनम सिंह और ममिया ससुर को नामजद किया है। उपासना की शादी 18 फरवरी को हुई थी। 4 अप्रैल को वह अपने जेठ के साथ मायके आई थी। उसने परिवार को दहेज प्रताड़ना की जानकारी दी थी। सोमवार दोपहर साढ़े बारह बजे पिता उससे मिलने ससुराल गए थे। सोमवार साढ़े तीन बजे उपासना ने अपनी बहन सोनी को फोन कर परेशान किए जाने की बात बताई थी। साढ़े पांच बजे उसकी तबीयत खराब होने की सूचना मायके वालों को मिली। वह लोग उसके मायके पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष मनोज कुमार कोरी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## गर्भवती की हत्या,ससुराल वालों ने पीटकर मार डाला, शव छोड़कर भागे

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ में तालकटोरा में गर्भवती की हत्या कर दी गई। मायके वालों ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने उसे पीट-पीटकर मार डाला। उसके बाद शव छोड़कर सभी भाग गए। घटना सोमवार रात की है। विवाद के बाद समझौता कराया गया था। उसके बावजूद उसे मार डाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की बहन की शिकायत पर दहेज हत्या का का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसीपी बाजारखाला कर रहे हैं। पुलिस पीएम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की बात कह रही है। तालकटोरा के सज्जादिया कॉलोनी निवासी असद नकवी की पत्नी खुशनुमा (25) की सोमवार रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजन ऐरा अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। खुशनुमा के मायकेवाले अस्पताल पहुंचे। उन्हें देखकर पति असद नकवी परिजनों के साथ शव को छोड़कर भाग गया। मृतका के शरीर पर चोट के निशान मिले। नाक और मुंह से झाग निकल रहा था। इस पर मायके वालों ने पीट-पीट कर हत्या का आरोप लगाया। खुशनुमा की बहन इलमा हुसैन ने कहा कि फरवरी 2023 में खुशनुमा का निकाह हुआ था। निकाह के कुछ ही दिन बाद बहनोई असद नकवी और उसके परिजन दहेज के लिए ताना मारने लगे। कई बार मारपीट भी कि जिससे बहन के सिर में गंभीर चोट आई। बहन ने कहा कि खुशनुमा पर उसके ससुरालवाले बच्चे पैदा करने का भी दबाव बनाते थे। लोकलाज के चलते घर वाले चुप रहे। लगातार मारपीट और विवाद का समझौता कराने के लिए सभी लोग सोमवार को खुशनुमा के घर पहुंचे। हम लोगों के घर से लौटते ही खुशनुमा को ससुरालवालों ने बुरी तरह से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की बहन का आरोप है कि समझौते के बाद घर लौटकर खुशनुमा को फोन किया। उसका मोबाइल बंद जाने पर बहनोई को फोन किया। तब उन्होंने कहा कि खुशनुमा ने खुद को कमरे में बंद कर लिया है। बेहोश पड़ी है। हम लोग ऐरा अस्पताल ले जा रहे हैं। जब हम लोग अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि खुशनुमा को मृत अवस्था में लाया गया था। बहन डेढ़ माह की गर्भवती थी। इंस्पेक्टर तालकटोरा ने बताया कि मृतका की बहन इल्मा हुसैन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीएम रिपोर्ट और साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सपा ऑफिस के बाहर लगा पोस्टर, लिखा-यूपी सरकार भक्षक, अखिलेश रक्षक

**लखनऊ, चसं।** समाजवादी पार्टी कार्यालय के सामने मंगलवार को यूपी सरकार के खिलाफपोस्टर लगाया गया। इसमें भाजपा सरकार की तुलना भक्षक और अखिलेश की तुलना रक्षक से की गई है।पोस्टर अमेठी के समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जयसिंह प्रताप यादव ने लगवाया है। इसमें सरकार के बुलडोजर नीति का भी विरोध किया गया है। पोस्टर पर दो तस्वीरें लगी हैं। पहली में अंबेडकर नगर में यूपी सरकार के द्वारा की गई बुलडोजर की कार्रवाई के दौरान छोटी बच्ची के किताबों को लेकर भागने की तस्वीर लगाई गई है, जिसमें यूपी सरकार को भक्षक बताया गया है। दूसरी तरफ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की उस बच्ची से मुलाकात की तस्वीर लगाई गई है। जिसमें अखिलेश यादव बच्ची को बैग देते नजर आ रहे है। वहीं अखिलेश की तुलना रक्षक से की गई हैं। यूपी के अंबेडकर नगर के जलालपुर इलाके में बीते 24 मार्च को अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया गया था। बुलडोजर कार्रवाई के दौरान एक आठ वर्षीय लड़की का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था, जिसमें एक लड़की हाथ में किताबें लेकर भाग रही थी, और पीछे एक बुलडोजर चल रहा है।

## कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग, 40-50 मजदूर सुरक्षित

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ के बिजनौर क्षेत्र में एसडीआरएफकेंद्र के पास स्थित एक कबाड़ गोदाम में सोमवार देर रात आग लग गई। गोदाम के मालिक वाहिद अली हैं। आग इतनी भयंकर थी कि सरोजनी नगर फायर स्टेशन की दमकल गाड़ियां काफी देर तक काबू नहीं पा सकीं। बाद में आलमबाग, हजरतगंज और पीजीआई फायर स्टेशनों से भी दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ीं। फायर स्टेशन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि गोदाम के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और कबाड़ रखा था। गोदाम के पीछे लगभग पांच मजदूर अपने परिवारों के साथ झुग्गी-झोपड़ियों में रहते हैं। रात करीब 2 बजे अचानक गोदाम से धुआं और आग की लपटें उठीं। आग की चपेट में झोपड़ियां भी आ गई, जिससे वहां रह रहे 40-50 लोगों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। मजदूरों ने तुरंत फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। छह दमकल गाड़ियों की मदद से पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन गोदाम मालिक को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। फायर अधिकारी के अनुसार, अगर समय पर दमकल गाड़ियां नहीं पहुंचती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। दमकल टीम ने सभी मजदूरों और उनके परिवारों को सुरक्षित बचा लिया।

## डीएम ने किया निरीक्षण, हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक होगा सीधा कनेक्शन

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण में तेजी आ गई है। इस परियोजना के पूरे होने से हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक यातायात आसान हो जाएगा। इसे लेकर डीएम विशाख जी ने मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलीए) द्वारा निर्मित ग्रीन कॉरिडोर और राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कामों को मानकों के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए। इस परियोजना के तहत हनुमान सेतु से डालीगंज तक 1.8 किलोमीटर लंबाई में आरओबी और फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है, जिसमें 67 पियर में से 37 और 343 पाइल में से 316 पाइल का निर्माण पूरा हो चुका है। हनुमान सेतु पर 2-लेन ब्रिज और निशातगंज ब्रिज पर 240 मीटर लंबा 4-लेन ब्रिज जून तक पूरा किया जाएगा। साथ ही कुकरैल नदी पर 240 मीटर लंबा 4-लेन ब्रिज भी 80ः निर्माण कार्य के साथ पूरा होने के करीब है। डीएम ने हेरिटेज जोन के तहत नींबू पार्क रोड से चरक चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण के लिए निर्देश दिए। इसके लिए हुसैनाबाद ट्रस्ट की खाली जमीन का इस्तेमाल होगा। एनओसी की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। यह स्थल बसंतकुंज योजना के सेक्टर-जे में 65 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किया जा रहा है। कैफेटेरिया, 5 टॉयलेट ब्लॉक, 3 हैलीपैड और म्यूजियम ब्लॉक का कार्य दिसंबर 2025 तक पूरा हो जाएगा।

## विश्वविद्यालय में व्याख्यान का हुआ आयोजन

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने प्रबंधन विज्ञान संस्थान (आईएमएस) के एमबीए छात्रों को आधुनिक युग में ग्राहक केंद्रित संगठनों का महत्वष् विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। प्रबंधन विज्ञान संस्थान (आईएमएस) ने आधुनिक युग में ग्राहक केंद्रित संगठनों का महत्व विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आनंद द्विवेदी ने भाजपा की 46 वर्षीय यात्रा को दर्शाती दुर्लभ तस्वीरों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया



**लखनऊ, चसं।** महानगर कार्यालय पर भाजपा के 46 वर्षों की यात्रा को दर्शाती दुर्लभ तस्वीरों की प्रदर्शनी लगाई गई। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने फीता काट कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक यात्रा पर आधारित विशेष प्रदर्शनी में जनसंघ काल से लेकर अब तक के प्रमुख अभियान, पार्टी की उपलब्धियों और उसमें योगदान देने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता गणों को चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से दिखाई गया। प्रदर्शनी में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर वर्तमान में लखनऊ के लोकप्रिय सांसद केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित वरिष्ठ नेता गणों की प्रेरणा दायक तस्वीरें भी प्रदर्शित की गई है। प्रदेश के सभी भाजपा मुख्यमंत्रियों और पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्षों के चित्र भी लगाए गए हैं। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदर्शनी उद्घाटन व अवलोकन के समय महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, सौरभ वाल्मिकी, सीता नेगी, चेतन विष्ट, पंकज सक्सेना, दीपू शुक्ला, अनुराग साहू पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

### योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत वाराणसी जेल में बड़ी कार्रवाई, तीन अधिकारी निलम्बित

**लखनऊ, चसं।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक बार फिर अपनी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। जिला कारागार, वाराणसी में एक बंदी की फर्जी रिहाई के मामले में तत्कालीन जेल अधीक्षक, कारापाल एवं प्रभारी कारापाल हवालात बंदी रिहाई तत्कालीन उप कारापाल को निलंबित कर दिया गया है। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले जिला कारागार, वाराणसी में निरुद्ध बंदी सुनील कुमार उर्फ सुनील चौधरी, जो धोखाधड़ी और साइबर अपराधों में जेल में था, को फर्जी अभिलेख तैयार कर गलत तरीके से रिहा कर दिया गया था। उप महानिरीक्षक (डीआईजी) कारागार, वाराणसी की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि जेल अधिकारियों ने जेल मैनुअल और विभागीय प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया, जिससे यह गंभीर अनियमितता सामने आई। जांच रिपोर्ट में तत्कालीन जेल अधीक्षक, कारापाल और उप कारापाल की संलिप्तता स्पष्ट हुई, जिसके आधार पर उन्हें निलंबित करते हुए उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि योगी सरकार भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के प्रति पूरी तरह से जीरो टॉलरेंस की नीति पर कटिबद्ध है। जेल जैसी संवेदनशील संस्था में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक 21 को

**लखनऊ, चसं।** राज्य परिवहन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश की बैठक 21 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे परिवहन आयुक्त कार्यालय में होगी। राज्य परिवहन प्राधिकरण के सचिव सगीर अहमद अंसारी ने बताया कि बैठक में परमिटों के नवीनीकरण तथा हस्तान्तरण हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्रों, प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नवीनीकरण,हस्तान्तरण का समय बढ़ाये जाने, नये परमिट के आवेदन पत्रों, परमिट संख्या 45699 पर दूसरी वाहन अंकित करने का प्रार्थना पत्र, लम्बी अवधि से संचालन न कर रहे बलिया-बक्सर मार्ग के परमिटों को निरस्त करने, धारा-86 की कार्यवाही हेतु निर्गत नोटिसों से संबंधित परमिटों के निलम्बन निरस्तीकरण पर विचार के साथ निर्धारित एक वर्ष में चालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना का कार्य पूर्ण न करने पर निर्गत लेटर ऑफइन्टेंट निरस्त करने एवं तात्कालिक प्रकरणों पर विचार होगा। व्यक्ति स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### राणा सांगा के अपमान के खिलाफसड़क पर उतरा क्षत्रिय समाज, किया विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ, चसं।** समाजवादी पार्टी से सांसद रामजी लाल सुमन की ओर से महाराणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। लखनऊ के 1090 चौराहे पर आज मंगलवार को सपा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफअखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने सपा सांसद से लेकर अखिलेश यादव तक के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक समाजवादी पार्टी रामजी लाल सुमन को बर्खास्त नहीं करेगी, तब तक ये प्रदर्शन जारी रहेगा। नाराज कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करने लगे, जिससे मौके पर तनाव बढ़ गया। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल बढ़ाना पड़ा। विरोध प्रदर्शन में देशभर के क्षत्रिय संगठनों के 36 से अधिक गुट शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में मांग की कि महाराणा सांगा जैसे महापुरुष के सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन का एक बयान हाल ही में तब विवादों में आ गया था जब उन्होंने राणा सांगा को लेकर राज्यसभा में टिप्पणी कर दी थी। सुमन ने कहा कि इब्राहिम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा ने बाबर को भारत बुलाया था और इसी आधार पर उन्होंने राणा सांगा को ष्गद्दारष् कहा। इस बयान के बाद देशभर के क्षत्रिय संगठनों में रोष फैल गया, विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। लखनऊ के 1090 चौराहे पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ताओं ने सांसद के खिलाफजोरदार प्रदर्शन किया। रामजी लाल सुमन ने अपने बयान पर कायम रहते हुए माफी मांगने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने जो कुछ भी कहा, वह इतिहास के आधार पर कहा और वह इस जीवन में माफी नहीं मांगेंगे।

# स्थापना दिवस पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने 'सक्रिय सदस्य' सम्मेलनों को किया सम्बोधित

## चार करोड़ से अधिक लोगों को मिला निःशुल्क मकान

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में लखनऊ महानगर में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत आज उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कैंट, राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ने मध्य एवं महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक डा. राजेश्वर सिंह ने सरोजिनी नगर विधानसभा में आयोजित 'सक्रिय सदस्य' सम्मेलनों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।



भाजपा नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 11 वर्षों में किए अभूतपूर्व कार्यों की विकास यात्रा से अंतर्राष्ट्रीय पटल पर और देश में हुए विकास के साथ राजनीति में आए परिवर्तनों की गाथा को कार्यकर्ताओं से साझा किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बक्श सिंह डिग्री कॉलेज, कनौसी में कहा कि भारत माता की छवि कांग्रेस पार्टी की व्यक्तिगत तुष्टिकरण राजनीति और घोटालों के कारण के कारण देश और दुनिया के पैमाने पर खराब हो गई थी गरीब आदमी गरीब हो रहा था और सिर्फ अमीर आदमी ही अमीर हो रहा था प्रधानमंत्री जी के समक्ष चुनौती थी कि पंडित दीनदयाल जी की एकात्म मानववाद की विचारधारा के अनुरूप अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की आर्थिक व्यवस्था को ऊंचा उठाना था और अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी भारत को मान सम्मान दिलाना था। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अनेक जन कल्याण की योजनाएं आरंभ की गई जिसमें चार करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क मकान देकर के इतिहास रचने का काम किया। और बचे हुए जरूरतमंदों को भी निशुल्क मकान उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है।

जल से नल, आयुष्मान भारत कार्ड से 5 लाख तक का निशुल्क इलाज, पीएम सुनिधि योजना, किसान सम्मान योजना, मुद्रा योजना, घर-घर बिजली जैसी अनेकों अनेक योजनाओं के साथ एक करोड़ ड्रोन दीदी बनाकर बहनों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का कार्य किया है। राम मंदिर,काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर निर्माण के साथ ही हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी सजाने का कार्य भी किया है।

मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हमने अभूतपूर्व विकास और सुशासन की व्यवस्था स्थापित करते हुए जन-जन का विश्वास जीता है। देश के सबसे रक्षा मंत्री और लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह जी ने भी लखनऊ को देश के विकसित शहरों में शुमार किया है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मंडल अध्यक्ष, राजन वर्मा, मानस बहरी, रूपा देवी, महेंद्र राजपूत और बूथ अध्यक्ष बृजेश पाल, विनोद गौतम सहित अन्य सक्रिय कार्यकर्ताओं को भाजपा का अंग वस्त्र पहनाया और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने जनसंघ कॉल और 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक पार्टी के जन कल्याणकारी नीतियों से शून्य से शिखर तक बदले हुए परिदृश्य को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। राज्यसभा सांसद डॉ0 दिनेश शर्मा और प्रदेश महामंत्री संजय राय ने आशा विहार ऐशबाग में, महापौर सुषमा खर्कवाल एवं विधायक श्री राजेश्वर सिंह ने सरोजिनी नगर विधायक निवास च 950 पर आयोजित सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को साझा किया। कैंट विधानसभा कार्यक्रम में मानसिंह, राकेश श्रीवास्तव,पूर्व एमएलसी अरविंद सिंह गुड्डू, महानगर उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, सुशील तिवारी पम्मी, हर शरण लाल गुप्ता, लखविंदर सिंह, योगेंद्र पटेल, हेमंत दयाल,विनायक पांडे, संकेत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कैंट विधानसभा के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

### यूपी डेस्को के ऑफिस में लगी आग, रिकॉर्ड और फाइलें खाक

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ में यूपी डेस्को के ऑफिस में आज सवेरे आग लग गई। आग की वजह से महत्वपूर्ण सरकारी फाइल, रिकॉर्ड जलकर राख हो गए हैं। यूपी डेस्को काऑफिस एक तंग गली में बहुमंजिला इमारत में है, जहां बड़ी संख्या में गाड़ियां पार्क की जाती हैं। इस वजह से आग लगने के बाद घटनास्थल तक फायर ब्रिगेड की टीम का पहुंचना मुश्किल हो गया था। सुबह रास्ता खाली होने के कारण फायर ब्रिगेड समय पर घटनास्थल पर पहुंच पाई और आग पर काबू पाया। ऑफिस में आग लगने के कारण संदेहजनक बताए जा रहे हैं। आग अचानक और तेजी से फैल गई, जिससे धुएं का गुबार इमारत से बाहर तक फैल गया। आग की असली वजह का पता नहीं चल पाया है, जांच की जा रही है। आग में जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन ऑफिस रिकॉर्ड, सिस्टम, सरकारी फाइल्स, फर्नीचर जलकर राख हो गए हैं। घटना यूपी डेस्को के लिए बड़ा नुकसान साबित हो सकता है, क्योंकि इन फाइल्स और रिकॉर्ड में कई महत्वपूर्ण जानकारी हो सकती है। फायर ब्रिगेड ने घटनास्थल पर समय रहते पहुंचकर आग पर काबू पाया। लेकिन तंग गलियों और पार्किंग की समस्या के कारण राहत कार्य में देरी हुई, जिससे आग को बुझाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। राहत कार्य अभी भी जारी है और पूरी इमारत का सर्वे किया जा रहा है।यूपी डेस्को का कार्यालय योजना भवन के ठीक बगल में स्थित है,जिससे यह क्षेत्र व्यस्त और संवेदनशील बन जाता है। इस क्षेत्र में किसी भी बड़ी दुर्घटना की स्थिति में आसपास के इलाकों में परेशानी हो सकती है, खासकर जब फायर ब्रिगेड और आपातकालीन सेवाओं को तंग गलियों और रास्तों के कारण पहुंचने में देरी हो।

### अंसल बिल्डर के ऑफिस पर आईटी की रेड, कर्मचारियों को अंदर बैठायाय कई दस्तावेज जब्त किए

**लखनऊ, चसं।** अंसल एपीआई बिल्डर के लखनऊ ऑफिस में इनकम टैक्स (आईटी) की टीम छापा मारने पहुंची है। दिल्ली से आई अधिकारियों की टीम ने कार्यालय से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर लिए। ये दस्तावेज टैक्स चोरी और अन्य संदिग्ध गतिविधियों की जांच का हिस्सा हैं।कंपनी के बैंक खातों, लेन-देन और संपत्ति संबंधी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है। विभाग ने फिलहाल मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। माना जा रहा है कि अन्य बिल्डरों और रियल एस्टेट कंपनियों के खिलाफभी जांच हो सकती है। बताया जा रहा है कि अंसल ग्रुप के खिलाफदिल्ली में 4 साल पहले टैक्स चोरी का एक केस दर्ज हुआ था। उसकी जांच करने ही आईटी की 3 टीमें आई हैं, जिनमें 12 अफसर हैं। सभी अफसर अंसल के अलग-अलग ऑफिसों में जांच कर रहे हैं। टीमों ने ऑफिस के दो कर्मचारियों को पूछताछ के लिए रोक लिया है। बाकी कर्मचारियों को भी बिना इजाजत बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा। यूपी में हाईटेक टाउनशिप पॉलिसी के तहत साल 2003 में अंसल को करीब 1335 एकड़ में टाउनशिप का लाइसेंस दिया गया था। 5 साल बीत जाने के बाद भी डेवलपर्स इसका विकास नहीं कर सके। इसके बावजूद 2008 में तत्कालीन सरकार ने टाउनशिप का दायरा बढ़ाकर 3530 एकड़ कर दिया।

# छात्राएँ अपने ज्ञान और प्रतिभा के बल पर राष्ट्र सेवा में योगदान दें : उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**



**लखनऊ।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मंत्री उपाध्याय ने वर्ष भर में संपन्न विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 139 छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही, उन्होंने अटल अंजुली क्लब के न्यूज लेटर का विमोचन भी किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी विरासत के प्रति गर्व की भावना जगाते हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और प्रतिभा के बल पर राष्ट्र सेवा में योगदान दें।

शिक्षा को रोजगार और तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का भी उल्लेख किया, जिनके अनुसार शिक्षा में संस्कारों का समावेश होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि और महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि महाविद्यालय में आना हमेशा सुखद अनुभव रहा है। उन्होंने छात्राओं से गुरुजनों से ज्ञान ग्रहण कर अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही उन्होंने महादेवी वर्मा की पंक्ति संस्थानों में राष्ट्र का भविष्य निर्मित होता है को अंगीकार करने की सीख दी। महाविद्यालय की वर्तमान प्राचार्य प्रोफेसर रश्मि बिश्नोई ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि शासन, उच्च शिक्षा मंत्री, स्थानीय विधायक डॉ. नीरज बोरा, निदेशक महोदय, जिला प्रशासन, एलडीए और पुलिस प्रशासन के सक्रिय सहयोग से विगत 30 वर्षों से लंबित अवैध अतिक्रमण हटाकर महाविद्यालय परिसर में चहारदीवारी का निर्माण संभव हो सका है।

समारोह के दौरान तीन पुस्तकों का भी विमोचन किया गया, जिसमें प्रोफेसर शिवानी श्रीवास्तव की इंप्रूविंग इम्यूनिटी थ्रू होम गार्डनिंग, डॉ. पूनम वर्मा की बेसिक्स ऑफ फाइनेंशियल मार्केट और प्रोफेसर अनुराधा तिवारी, प्रोफेसर रश्मि बिश्नोई समेत कई विद्वानों द्वारा लिखित सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड एनवायरमेंटल प्रोटेक्शन शामिल हैं। ये पुस्तकें महाविद्यालय के उच्च अकादमिक स्तर को दर्शाती हैं। कार्यक्रम में 31 विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिनमें अटल अंजुली क्लब के गरबा नृत्य, फैंसी ड्रेस, मेहंदी प्रतियोगिता, हिन्दी और शिक्षा विभाग के निबंध, एनएसएस के पोस्टर, महिला प्रकोष्ठ के नारा लेखन, मिशन शक्ति के फैंसी ड्रेस और गृह विज्ञान विभाग के स्तन पान सप्ताह प्रतियोगिता शामिल थीं। पुरस्कार वितरण का कुशल संचालन प्रोफेसर विनीता लाल के नेतृत्व में हुआ, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी श्रीवास्तव और डॉ. रश्मि अग्रवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर शिवानी श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं, जिन्होंने समारोह की सफलता में योगदान दिया। यह समारोह न केवल छात्राओं की प्रतिभा को प्रदर्शित करता है, बल्कि महाविद्यालय की शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रगति को भी रेखांकित करता है।

### अखिलेश यादव ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने और मुद्रा योजना पर बीजेपी को घेरा

**लखनऊ, चसं।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज भाजपा सरकार को मुद्रा योजना, रसोई गैस सिलेंडर के बढ़े दामों और शेयर मार्केट में मची तबाही आदि मुद्दों पर घेरा। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में उन्होंने लिखा, सिवाय निम्नांकित के भाजपा राज में सब ठीक है ,मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर, उसके विरोधाभासी आँकड़ों से देश में भाजपा सरकार के 33 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले की पोल खुल गयी। निवेशकों के 19 लाख करोड़ भस्म हो गये। रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये महंगा हुआ।पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी दो रुपये प्रति लीटर बढ़ गयी।उन्होंने कहा, देश के सर्व प्रधान संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ।

### काशी से ट्रेन से लखनऊ पहुंचे आरएसएस प्रमुख भागवत, भारती भवन में 2 घंटे मंथन

**लखनऊ, चसं।** संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत काशी के 5 दिवसीय दौरे के बाद मंगलवार सुबह साढ़े 6 बजे ट्रेन से लखनऊ पहुंचे। चारबाग रेलवे स्टेशन से कार से राजेंद्र नगर के भारती भवन के लिए रवाना हुए। यहां अवध प्रांत के पदाधिकारी के साथ बैठक की। इसमें अवध प्रांत के अध्यक्ष कौशल जी के साथ ही अवध कैंट के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर मंथन किया। इसके अलावा, नाराज और पुराने पदाधिकारियों से बातचीत कर उनको समझाया। संघ प्रमुख सुबह 7 से 9 बजे तक भारती भवन में बैठक की। इसके बाद 9 बजे लखीमपुर खीरी के लिए रवाना हुए। वहां कबीरधाम में राष्ट्रीय संत असंग देव महाराज से आशीर्वाद लेंगे। असंग देव कबीरपंथी परंपरा के प्रमुख संत हैं। पूर्वी यूपी, बिहार और मध्यप्रदेश में इनके लाखों अनुयायी हैं। मन ठीक संवाद के तहत संघ प्रमुख ने भारती भवन में ऐसे पदाधिकारियों से मुलाकात की, जो पिछले कुछ साल से निष्क्रिय हैं। संघ नेतृत्व मानता है कि इन कार्यकर्ताओं को दोबारा सक्रिय करना शताब्दी वर्ष की सफलता के लिए जरूरी है। पुराने और अनुभवी स्वयंसेवकों को दोबारा संगठन में जोड़ा जाएगा। संघ समाज के लिए क्या नया करे, बैठक में इस पर विचार किया गया। संघ अक्टूबर-नवम्बर 2025 से इसे लेकर नया अभियान शुरू करने जा रहा है। इसमें समाज के समर्थन का आभार जताया जाएगा और संघ के इतिहास को घर-घर पहुंचाया जाएगा। डॉ. भागवत की यह यात्रा संघ के शताब्दी वर्ष-2025 के लिए अहम मानी जा रही है। मोहन भागवत की संत असंग देव से मुलाकात को आरएसएस की संत समाज के बीच पैठ से जोड़कर देखा जा रहा है। भागवत इससे पहले वाराणसी और मिर्जापुर में भी संतों से मुलाकात की। संघ से जुड़े पदाधिकारियों की मानें तो लखीमपुर जाते समय संघ प्रमुख नेमिषारण्य भी जा सकते हैं। हालांकि, इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं हुई।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं0 | 1165–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 05.04.2025 |
| 2. | कार्य का नामः | लखनऊ मंडल के AYC-SLN-MBDP-PYGS, SLN-ZBD-BSB-VYN, AYC-ZBD, MBDP-JNH-BSB, PFM-JNH और JNH-ZBD खंड में विभिन्न लेवल क्रॉसिंग पर रोशनी और बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता में सुधार का कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 1,93,56,653.05/– (एक करोड़ तिरानवे लाख छप्पन हजार छः सौ तिरपन रूपये और पांच पैसे मात्र) |
| 4 | ई निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 2,46,800/– (दो लाख छियालीस हजार आठ सौ मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |
| 7. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 29.04.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा० उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं0–1165–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 05.04.2025 1054/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-PYGS-TW-76-24-1 (Parking Two Wheeler) (Parking-Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.04.2025 समय10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.04.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-AMG-MX-154-25-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.04.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1049/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बछरावां, रायबरेली।**

पत्रांक 35/पं0रा0वि0/पं0के0वि0/निविदा/2025-26 दिनांक 07/04/25

**निविदा सूचना**

क्षेत्र पंचायत बछरावां में समस्त पंजीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग व अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत बछरावां में पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त (अनटाईड/टाइड फण्ड) से प्राप्त धनराशि से कराए जाने वाले निम्न कार्यों हेतु दिनांक 21.04.2025 को समय 2:00 बजे निविदा कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा फार्मो की बिक्री क्षेत्र पंचायत बछरावां कार्यालय में दिनांक 16.04.2025 से 21.04.2025 को 12:00 बजे तक की जाएंगी। निविदा फार्म के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करने की एफ0डी0/एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी बछरावां रायबरेली के नाम बंधक हो जमा करना होगा। निविदा स्वीकृत के पश्चात जमानत धनराशि 8 प्रतिशत जमा करना होगा अथवा प्रथम बीजक बिल से कटौती कर ली जाएगी। निविदा के साथ हैशियत प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र, पैन नम्बर एवं जी0एस0टी0 नम्बर तथा अनुभव प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतियां लगाना अनिवार्य होगा। बिना कारण बताए किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी बछरावां को होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | टेण्डर का मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बछरावां के कक्ष सं. 3 व 16 का सुन्दरीकरण | पंचम वित | 2.21 | 4420 | 500 | 3 माह |
| 2 | सेहगो पक्की सड़क से पुष्कर होटल होते हुए अमर सिंह के घर के पास तक इण्टर लॉकिंग निर्माण | पंचम वित | 6.04 | 12080 | 1200 | 3 माह |
| 3 | विशुनपुर महराजगंज रोड से सदालाल के खेत तक खड़ण्जा निर्माण | पंचम वित | 2.03 | 4060 | 500 | 3 माह |
| 4 | उमरपुर पक्की सड़क से कन्हैयालाल के दरवाजे तक खड़ण्जा निर्माण छींटखेड़ा | पंचम वित | 3.49 | 6980 | 700 | 3 माह |
| 5 | उमरपुर छींट खेड़ा में रामकुमार के घर से गनेश के घर तक खड़ण्जा निर्माण | पंचम वित | 2.48 | 4960 | 500 | 3 माह |
| 6 | विशुनपुर में सन्तोष चौरसिया के घर के पास इण्टर लॉकिंग से राजेश चौरसिया के मकान तक इण्टर लॉकिंग निर्माण | अनटाइड | 2.51 | 5020 | 500 | 3 माह |
| 7 | विशुनपुर बगाही माइनर पटरी पर माला के घर के पास से पुलिया तक खड़ण्जा निर्माण | अनटाइड | 4.94 | 9880 | 1000 | 3 माह |
| 8 | सेहगों पश्चिमगांव में यशपाल के घर के पास से पचकरिया बाबा तक इण्टर लॉकिंग निर्माण | अनटाइड | 9.96 | 19920 | 1500 | 3 माह |

नोट- जो ठेकदार वि0ख0 में पंजीकृत नहीं है उनकी निविदा न्यूनतम होने की दशा में उन्हें ठेकेदार पंजीकरण कराने हेतु रू0-50000.00 मात्र का ड्राफ्ट जो कि अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बंधक होगा जमा करना होगा। इसके बाद ही कार्यादेश जारी होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी।

खण्ड विकास अधिकारी
बछरावां, रायबरेली



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तरे रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 30.04.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पार्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉज़िट रसीद एवं एफ.डी. आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| निविदा सूचना संख्या | 03702025 दिनांक 07.04.2025 | |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | 1 | वरि. मंडल अभियन्ता–तृतीय/उ.रे./लख. के अधीन डुअल ग्रीस एप्लीकेटर/वाइपर बार–35 के साथ ट्रैक आधारित रेल गेज़ फेस लुब्रीकेटर (इलेक्ट्रानिक प्रकार) का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | 1 | ₹ 4,63,68,000.00 |
| धरोहर राशि | 1 | ₹ 3,81,800.00 |
| कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से साठ (60) माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | क्र.सं. 01 के लिए | 16.04.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्र.सं. 01 के लिए | 30.04.2025 को 15:00 बजे |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

**नोटः** तकनीकी और वाणिज्यक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदातादा के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नई दिल्ली का पत्र सं. 74- W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015

1045/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



जैसे ही भय निकट आए, उस पर आक्रमण करो और उसे नष्ट कर दो, आध्यात्मिक शांति के अमृत से संतुष्ट लोगों को जो सुख और शांति प्राप्त होती है, वह लालची व्यक्तियों को बेचैनी से इधर-उधर घूमने से नहीं मिलती है, हे ज्ञानी! अपना धन केवल योग्य को दें और दूसरों को कभी नहीं : चाणक्य

## संपादकीय

### टैरिफ का कहर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने टैरिफ हमले और चीन की जवाबी कार्रवाई से विश्व के तमाम शेयर बाजार लहूलुहान हुए हैं। कई अन्य देशों की भी जवाबी कार्रवाई के फैसले से दीर्घकालीन व्यापार युद्ध की आशंका बलवती हो गई है। जिससे पूरी दुनिया में मंदी आने की चेतावनी दी जा रही है। निश्चित तौर पर इससे आर्थिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस संशय और अनिश्चितता के चलते शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर बिकवाली से दुनिया के तमाम शेयर बाजार धराशायी हुए हैं। निवेशकों को लाखों करोड़ का नुकसान हो रहा है। आने वाले समय में टैरिफ वॉर के और बढ़ने की आशंका है क्योंकि चीन ने नौ अप्रैल को होने वाली विश्व व्यापार संगठन की बैठक में 'नई व्यापार चिंता' के रूप में अमेरिका की टैरिफनीति का मुखर विरोध करने का फैसला किया है। चीन का मानना है कि अमेरिका के एकतरफा संरक्षणवाद का दुनिया के देशों को विरोध करना चाहिए, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रणाली की सुरक्षा के लिये एक व्यापक गठबंधन बनाने की जरूरत बतायी है। इन हालात में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय दबाव के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति टैरिफ थोपने के फैसले को वापस लेंगे? या फिर पहले की तरह टैरिफ लगाने की धौंस देते रहेंगे। वैसे इस बात की संभावना कम ही है कि जिद्दी ट्रंप अपने बढ़े कदमों को पीछे खींचेंगे। यहां सवाल यह भी है कि ट्रंप के टैरिफका जवाब देने वाले देश पलटवार करने में कितने सक्षम हैं। वहीं भारत ने दीर्घकालीन व व्यापक हितों को देखते हुए टकराव टालने का प्रयास किया है और बातचीत का रास्ता चुना है। लेकिन इस अनिश्चितता के दौर में निवेशकों में बढ़ती असुरक्षा ने भारत सरकार पर नीतिगत फैसले लेने के लिये दबाव बनाया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी संभावना है कि चीन व प्रतिकार करने वाले अन्य देशों के दबाव के कारण ट्रंप अपनी आक्रामक रणनीति को लंबे समय तक जारी नहीं रख पाएंगे। विडंबना यह है कि अमेरिका राष्ट्रपति के इन कदमों से खुद अमेरिका के लिये भी बड़ी आर्थिक चुनौती पैदा हो सकती है। येल विश्वविद्यालय में बजट लैब के एक विश्लेषण के अनुसार ट्रंप सरकार के प्रतिशोधात्मक टैरिफसे औसत अमेरिकी परिवार को सालाना चार हजार दो सौ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। इतना ही नहीं अमेरिका में मंदी और तेज मुद्रास्फीति का खतरा भी मंडरा रहा है। वहीं भारत जैसे अन्य विकासशील व विकसित देशों को आशा है कि वैश्विक व घरेलू दबाव ट्रंप को उनकी भूल का अहसास कराएगा। जिससे वे अधिक आर्थिक अराजकता पैदा करने वाले फैसलों से पीछे हटेंगे। वैसे एक हकीकत यह भी है कि अमेरिका अपने कई उत्पादों के लिये अन्य देशों पर निर्भर है। उसके उद्यमियों ने भी दूसरे देशों में औद्योगिक यूनिट लगा रखे हैं। ऐसे में उन देशों पर टैरिफ लगाने से अमेरिकी जनता द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं के दाम भी स्वाभाविक रूप से बढ़ेंगे। यही वजह है कि अमेरिका के शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट देखी गई है। जिसका असर पूरी दुनिया पर भी दिख रहा है और स्थितियां कोरोना काल के संकट जैसी बन गई हैं। वैसे आज भी दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाएं कोरोना काल से पूर्व की आर्थिक स्थिति पर लौटने के लिये संघर्षरत हैं। कमोबेश ये स्थितियां बड़े आर्थिक संकट की आहट दे रही हैं। जिसकी वजह है कि अमेरिका समेत अन्य देशों में निवेश बाधित होने, उत्पादन में गिरावट, आपूर्ति शृंखला में व्यवधान से वैश्विक स्तर पर महंगाई उत्पन्न होने की चिंताएं बढ़ रही हैं।

# अखिलेश के रुख से पार्टी की हिन्दू लॉबी व पिछड़े मुसलमानों में नाराजगी

**मुख्तार अंसारी की मौत के समय अफजाल अंसारी को गाजीपुर की जिलाधिकारी से भी अभद्रता करते देखा गया था। समाजवादी पार्टी के रामपुर से सांसद मोहिबुल्ला नदवी भी वक्फ बिल के खिलाफ खूब दहाड़े थे, नदवी को अखिलेश ने अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान की इच्छा के खिलाफ लोकसभा का टिकट दिया था। नदवी ने चुनाव प्रचार के दौरान एक बयान में जेल में बंद आजम का बिना नाम लिये कहा था कि जेल सुधार गृह होती है, जिससे पार्टी के भीतर तनाव बढ़ा। आजम खान की पत्नी तफीन फातिमा और मुरादाबाद की सांसद रुचि वीरा ने नदवी के इस बयान की आलोचना की।**

मोदी सरकार ने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को कानून बनाकर एक नया इतिहास लिख दिया है।इन संशोधनों को 'उम्मीद' का नाम दिया गया है,लेकिन इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम राजनैतिक दलों के साथ-साथ समाजवादी पार्टी ने भी मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिये मोदी सरकार द्वारा लाये गये वक्फ संशोधन का खुलकर विरोध किया,लेकिन मुस्लिम राजनीति को करीब से जानने वाले कुछ लोगों को लग रहा है कि इससे सपा को फायदे की जगह नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। क्योंकि मुस्लिमों में कई पिछड़ी बिरादरियां इस बिल का समर्थन भी कर रही हैं। इसमें ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल, जमीयत हिमायत उल इस्लाम और पसमांदा मुस्लिम महाज जैसे मुस्लिम संगठन शामिल हैं, जिन्होंने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया है. इन संस्थाओं ने वक्फ बोर्डों पर इतने सालों से काबिज रहे लोगों से तीखे सवाल पूछे हैं. इन संगठनों का दावा है कि वक्फ बिल पास होने से सिर्फ वो मुसलमान परेशान हैं जो खुद वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति पर कब्जा किए बेठे हैं। पसमांदा (पिछड़े) मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व करने वाला यह संगठन वक्फ बिल के पक्ष में है. सितंबर 2024 में जेपीसी की बैठक में इसने बिल को 85 प्रतिशत मुस्लिमों के लिए फायदेमंद बताया था।

इस संगठन का कहना है कि यह बिल वक्फ बोर्ड में सुधार लाकर हाशिए पर पड़े मुस्लिमों को लाभ पहुंचाएगा,लेकिन यह बात समाजवादी पार्टी जैसे दलों के नेताओं को समझ में नही आ रही है। यही वजह है लोकसभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बिल के विरोध में अपने मुस्लिम सांसदों की 'फौज' उतार दी। आजमगढ़ के सांसद धमेन्द्र यादव, संभल के सांसद जिया-उर-रहमान बर्क, कैराना की सासंद इकरा हसन चौधरी, गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी, रामपुर के सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने बिल के विरोध में मोदी सरकार को खूब खरी खोटी सुनाई, तो राज्यसभा में प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने बिल के विरोध में मोर्चा संभाला। इनमें से एक मुस्लिम सांसद ने तो चर्चा के दौरान धमकी भरी आवाज में यहां तक कह दिया कि मुसलमान इस कानून को नहीं मानेंगे। सपा की सांसद इकरा चौधरी ने बहस के दौरान झूठा आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में ईद पर मुसलमानों को नमाज नहीं पढ़ने दी गई। समाजवादी पार्टी ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जिन सांसदों को बोलने का मौका दिया था,उसमें या तो यादव कुनबे से जुड़े सांसद थे या फिर मुस्लिम सांसद। सपा की तरफ से सात सांसदों ने अपनी बात विस्तार से रखी जिसमें चार मुसलमान सांसद थे और तीन मुलायम कुनबे के सांसद। समाजवादी पार्टी ने अपने 37 सांसदों में से जिन सांसदों को बहस के लिये चुना उसमें एक भी यादव कुनबे से इत्तर या फिर गैर मुस्लिम सांसद नहीं था। इसको लेकर अब समाजवादी पार्टी को शक की नजर से देखा जा रहा है। सपा के हिन्दू सांसदों के बारे में खबरें आ रही हैं कि उन्हें अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है।



पार्टी के बेइंतहा मुस्लिम प्रेम के चलते हिन्दू बाहुल्य लोकसभा सीटों से चुनाव जीतने वाले हिन्दू सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में मुंह दिखाने लायक नहीं रह गये हैं। इस बात का अहसास तब और मजबूत हो गया जब वक्फ बिल पर समाजवादी पार्टी के मुस्लिम परस्त रवैये के बीच अयोध्या लोकसभा चुनाव सीट से जीतने वाले सपा सांसद अवधेश प्रसाद अचानक रामलला के दर्शन करने पहुंच गए,जबकि अभी तक अखिलेश अपने इस सांसद को पार्टी का मुखौटा बनाये घूम रहे थे। अवधेश चुनाव जीतने के 11 महीने बाद रामलला के दर्शन करने पहुंचे थे। यह तब हुआ जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के 'इशारे' पर अभी तक अवधेश प्रसाद रामलला के मंदिर जाने से बचते रहे थे,लेकिन अब उन्हें भी लगने लगा है कि यदि उनकी भी छवि मुस्लिम परस्त बन गई तो हिन्दू बाहुल्य रामलला की नगरी में आगे सियासत करना उनके लिए आसान नहीं होगी।यही स्थिति समाजवादी पार्टी के अन्य उन सांसदों की भी है जो 2024 के आम चुनाव में हिन्दू बाहुल्य क्षेत्र से चुनाव जीत कर आये थे।इसी के चलते इन सांसदों का वक्फ बिल के समर्थन में कोई बयान भी नहीं आया है। बात इससे आगे की कि जाये तो समाजवादी पार्टी ने खासकर उन सांसदों को बिल का विरोध करने का मौका दिया जिनकी छवि पहले से ही काफी विवादित है और इन सांसदों की पहचान हिंदुओं और उनके देवी देवताओं को अपमानित करने वाली रही हैं। एक-एक कर इन सांसदों की बात की जाये तो संभल के सांसद जिया-उर-रहमान के दिवंगत सांसद पिता अक्सर हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगला करते थे। उन्हीं की तर्ज पर जिया उर रहमान बर्क चल रहे हैं। नवंबर 2024 में संभल की शाही मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भ?क उठी, जिसमें चार लोगों की मृत्यु हुई और कई घायल हुए। इस घटना के बाद, पुलिस ने सपा सांसद जिया उर रहमान के खिलाफ उपद्रव की साजिश रचने का मुकदमा दर्ज किया था। बर्क पर बिजली चोरी और संभल हिंसा के दौरान एक वर्ग विशेष के लोगों को भड़काने का भी आरोप है। इसी तरह से कैराना की सपा सांसद इकरा हसन चौधरी भले ही सांसद हों,लेकिन उनकी स्वयं की पृष्ठभूमि कोई राजनैतिक नहीं है। समाजवादी पार्टी कैराना की सांसद इकरा हसन के भाई, नाहिद हसन, का विवादों से गहरा नाता रहा है। वह समाजवादी पार्टी के विधायक हैं और उनके खिलाफ लगभग डेढ़ दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोप भी शामिल हैं. नाहिद की दबंगई के कारण कई हिन्दू परिवार कैराना से पलायन को मजबूर हो गये थे। जनवरी 2022 में, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले, नाहिद हसन को शामली में गिरफ्तार किया गया था। जिस कारण वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ पाये, इसके बाद समाजवादी पार्टी ने उनकी बहन इकरा हसन को कैराना सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल करा दिया। आज इकरा भाई की सोच को ही आगे बढ़ा रही हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी भी वक्फ बिल के दौरान मोदी सरकार पर खूब बरसे थे,अफजाल अंसारी माफिया मुख्तार अंसारी के बड़े भाई हैं। गाजीपुर के आसपास मुख्तार की तूती बोलती थी,कहा यह जाता था कि मुख्तार के पास मसल पॉवर थी तो इसके पीछे दिमाग अफजाल अंसारी का रहता था। समाजवादी पार्टी के गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी ने 12 फरवरी 2025 को शादियाबाद में संत रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में महाकुंभ स्नान पर विवादित टिप्पणी की। इससे पहले भी उन्होंने साधु-संतों और धार्मिक प्रथाओं पर टिप्पणियां की थी, जिनसे विवाद उत्पन्न हुआ था। :: एजेंसी

# डिजिटल मीडिया : अनछुए मसलों को उजागर करने का तंत्र

तेजी से बढ़ती तकनीकी प्रगति और बदलते उपभोग पैटर्न के दौर में, भारत में डिजिटल मीडिया का उदय किसी क्रांति से कम नहीं है। पारंपरिक टेलीविजन, जिसे अक्सर बुद्धू बक्सा कहा जाता है, अपनी जगह खोता जा रहा है। डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म न केवल दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, बल्कि मीडिया परिदृश्य को भी नया आकार दे रहे हैं। व्यवसायियों की संस्था फिक्की-ईवाई की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि भारत का डिजिटल मीडिया उद्योग 17फीसदी की प्रभावशाली दर से बढ़ रहा है और 2025 तक 802 अरब रुपयों तक पहुंच जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जिसमें डिजिटल मीडिया अब समग्र मीडिया और मनोरंजन में 32फीसदी का योगदान देता है, लेकिन टेलीविजन उद्योग के लिए इस वृद्धि का क्या मतलब है और यह परिवर्तन अभी क्यों हो रहा है? पारंपरिक टेलीविजन का पतन-जब भारत के सबसे सम्मानित पत्रकारों में से एक रवीश कुमार ने तीन साल पहले एनडीटीवी से इस्तीफा देते वक्त अपने दर्शकों से टेलीविजन देखना बंद करने के लिए कहा था, तो कई लोगों ने इसे भारतीय मीडिया की स्थिति से निराश व्यक्ति का एक सनकी बयान माना था।

फिर भी, रवीश खुद इस बात का जीता-जागता उदाहरण बन गए कि कैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म न केवल एक विकल्प, बल्कि मीडिया जुड़ाव के लिए एक ज्यादा मुनाफे वाला और विश्वसनीय जरिया पेश कर सकते हैं। एनडीटीवी में अपनी भूमिका से लेकर अपना खुद का यू-ट्यूब चौनल शुरू करने तक, रवीश कुमार की आय और प्रभाव दोनों में वृद्धि डिजिटल मीडिया की शक्ति का प्रमाण है। तो, टेलीविजन के साथ क्या गलत हुआ? जबकि टीवी कभी सार्वजनिक चर्चा को आकार देने में प्रमुख शक्ति था, लेकिन यह दर्शकों की बदलती प्राथमिकताओं के अनुकूल होने से खुद को दूर करता चला गया। श्बुद्धू बक्साश् उपनाम, जिसे कभी एक मजाक के रूप में देखा जाता था, अब उन लाखों लोगों की भावनाओं को दर्शाता है जिनका लगभग हर टीवी न्यूज चौनल पर लगातार चल रहे सनसनीखेज, एजेंडा-संचालित प्रसारण से मोहभंग हो चुका है। कॉरपोरेट समर्थित टीवी चैनल, अपने अति पक्षपातपूर्ण एंकर और चीखती-चिल्लाती, कई बार मार-पीट तक में तब्दील होती बहसों के साथ, अपने दर्शकों की जरूरतों और इच्छाओं से जुड़े रहने में विफल रहे। जैसे-जैसे टीवी समाचार तथ्य-आधारित रिपोर्टिंग से रेटिंग बढ़ाने के लिए आवेशित चर्चाओं में तब्दील हुआ, इसने अपनी विश्वसनीयता और प्रासंगिकता खोना शुरू कर दिया। इसके विपरीत, डिजिटल मीडिया का विकास ठीक इसी वजह से हुआ है क्योंकि यह ज्यादा व्यक्तिगत और संवाद के अनुभव प्रदान करता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म कंटेंट क्रिएटर्स को खास दर्शकों को ध्यान में रखकर ज्यादा सार्थक, विविधतापूर्ण

**डिजिटल मीडिया अभियान आयोजित करने, गठबंधन बनाने और नीति निर्माताओं पर कार्रवाई करने के लिए दबाव बनाने में कारगर भूमिका निभा सकता है। इसके अलावा, डिजिटल मीडिया भारतीय समाज में व्याप्त विभाजनकारी आख्यानों को खत्म करने की एक ताकत हो सकती है, खासकर धार्मिक और जाति-आधारित विभाजन से जुड़े मुद्दों पर। मुख्यधारा के टीवी ने अक्सर इन विभाजनों को गहरा करने में योगदान दिया है, जिसमें एंकर डर और नफरत को बढ़ावा देने वाले एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं।**

और गहन कंटेंट बनाने की अनुमति देते हैं। चाहे वह यू-ट्यूब पर खोजी पत्रकारिता हो या विशेष समाचार वेबसाइट। ये सभी अब देश की नब्ज पहचान रहे हैं, आम नागरिकों से जुड़े ऐसे मुद्दों पर ध्यान दे रहे हैं जिन्हें अक्सर मुख्यधारा के मीडिया द्वारा दरकिनार कर दिया जाता है। डिजिटल मीडिया की अभूतपूर्व वृद्धि-भारत में इंटरनेट की पहुंच का विस्तार, साथ ही किफायती स्मार्टफोन का प्रसार, इस वृद्धि का एक प्रमुख कारण रहा है। 2023 तक, भारत में 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता थे, जिनमें एक बड़ा प्रतिशत मोबाइल उपकरणों के माध्यम से सामग्री तक पहुंच रहा था। इसने वीडियो स्ट्रीमिंग, पॉडकास्ट और उपयोगकर्ता-जनित सामग्री सहित नए मीडिया प्रारूपों के फलने-फूलने का मार्ग प्रशस्त किया है। यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम और वाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म केवल मनोरंजन के स्रोत नहीं हैंय वे समाचार प्रसार, सामाजिक जुड़ाव और सक्रियता के लिए आवश्यक उपकरण बन गए हैं। चूंकि पारंपरिक टीवी नेटवर्क उच्च-लागत वाले प्रसारण ढांचे पर निर्भर रहता है, इसलिए डिजिटल प्लेटफॉर्म सस्ते और चुस्त विकल्प के रूप में उभरे हैं। डिजिटल मीडिया का लचीलापन इसे विभिन्न प्रकार के दर्शकों को संतुष्ट करने की सुविधा देता है, जिससे यह अधिक समावेशी और विविध बन जाता है। चाहे श्यू-ट्यूबश् पर लंबे-चौड़े वृत्तचित्र हों या सोशल मीडिया पर त्वरित अपडेट, डिजिटल प्लेटफॉर्म युवा, तकनीक-प्रेमी दर्शकों की आदतों के अनुकूल होते हैं। डिजिटल मीडिया की राष्ट्र की नब्ज से जुड़ने की अपील -पिछले एक दशक में, अनगिनत यू-ट्यूब चौनलों, ब्लॉग और स्वतंत्र मीडिया संगठनों ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला है। दलितों और आदिवासियों के अधिकार, सरकारी भ्रष्टाचार, श्रम अधिकार, पर्यावरण प्रदूषण और जल, जंगल, जमीन जैसे प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के मुद्दे। ये डिजिटल प्लेटफॉर्म अक्सर पारंपरिक मीडिया आउटलेट की तुलना में बहुत कम संसाधनों के साथ काम करते हैं, फिर भी आम लोगों की कहानियों को उजागर करके शक्तिशाली संस्थानों को जवाबदेह ठहराने की उनकी क्षमता ने आधुनिक मीडिया परिदृश्य में उन्हें अपरिहार्य बना दिया है।टीवी चौनल के व्यावसायिक हितों के मुकाबले डिजिटल प्लेटफॉर्म ने हाशिए के समुदायों-आदिवासियों, दलितों, किसानों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के संघर्षों को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है। पैरवी और बदलाव में डिजिटल मीडिया की भूमिका जैसे-जैसे बढ़ती जा रही है, सामाजिक और राजनीतिक अभिव्यक्ति को आकार देने में इसकी भूमिका अधिक स्पष्ट होती जा रही है। अब जबकि डिजिटल प्लेटफॉर्म ने विविध आवाजों और एजेंडों के लिए सफलतापूर्वक जगह बना ली है, तो समय आ गया है कि ये प्लेटफॉर्म सिर्फ रिपोर्टिंग से आगे बढ़कर वकालत में सक्रिय भागीदार बनें। सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक जहां डिजिटल मीडिया प्रभाव डाल सकता है, वह है जनमत को संगठित करना और नीति परिवर्तन के लिए दबाव डालना। भारत-जल-संरक्षण और कृषि भूमि की बदहाली से लेकर महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने तक कई मुद्दों से जूझ रहा है, जबकि टीवी पर होने वाली बहसें अक्सर सनसनीखेज होती हैं। :: एजेंसी

# देवभूमि की धरा पर चरमपंथ की आहट

राष्ट्र के लिए बलिदान का जज्बा रखने वाला सैन्य पृष्ठभूमि का गढ़ वीरभूमि हिमाचल किसी तारूफ का मोहताज नहीं है। राज्य के सैन्य धरातल पर आतंकवाद को मुहतोड़ जवाब देकर बलिदान हुए मेजर 'संदीप सांखला', कैप्टन 'सुधीर वालिया' 'अशोक चक्र' व लखवीर सिंह 'शौर्य चक्र' तथा सूबेदार प्रेमचंद 'कीर्ति चक्र' जैसे शूरवीरों की दास्तान-ए-सुजात का अक्स नजर आता है। लेकिन



पिछले कुछ अर्से से कुछ अलगाववादी ताकतें देश-दुनिया के सबसे शांतमयी राज्यों में शुमार हिमाचल प्रदेश के शांत वातावरण को दुष्प्रभावित करने में लगी हैं। पड़ोसी राज्यों के लोग आस्था की आड़ में स्थानीय दुकानदारों से बदसलूकी कर रहे हैं। अकीदतमंदों के वेश में अलगाववादी नारे लगाकर कानून को ठेंगा दिखाया जा रहा है। इतिहास साक्षी रहा है कि मजहब की बुनियाद पर हिंदोस्तान के बंटवारे से लेकर मुल्क में आगजनी, हिंसा, कट्टरपंथ व अलगाववाद जैसी हिमाकत की तखलीक के पीछे सियासत व मजहबी जमातों ने एक मखसूस किरदार अदा किया है। सियासी हुक्मरानों की तल्ख बयानबाजी तथा मजहबी रहनुमाओं की आग उगलती तकरीरें बुझी राख को भी भड़काने की पूरी सलाहियत रखती हैं।

मौजूदा वक्त का तनाजुर भी कुछ ऐसा ही है। हिंसा में बेगुनाह इनसानियत का कत्ल हो, आगजनी की लपटों में मजहब जले, तहजीब राख हो, लोगों के आशियाने खाक हों या मासूम यतीम हो जाएं, मगर सियासत की निगाहें सियासी जमीन तराशती हैं। मजहबी जमातें सियासत को अपनी ताकत का एहसास कराती हैं। दूसरी विडंबना यह है कि आतंक के मरकज हमसाया मुल्क पाकिस्तान से सटे सरहदी राज्यों की सीमाएं हिमाचल से लगती हैं। आईएसआई सहित विदेशी खूफिया एजेंसियां भारत में चरमपंथ को बढ़ावा देने में लगी रहती हैं। हिमाचल की सरजमीं पर चरमपंथी तत्वों द्वारा अंजाम दी जाने वाली मुनज्जम वारदातों ने सन 1980 के दशक की दहशतगर्दी की याद ताजा कर दी है। जब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का संताप पड़ोसी सूबे पंजाब के साथ भारतीय सेना को भी झेलना पड़ा था। सिखों के मुकद्दस अकाल तख्त परिसर में मजबूत मोर्चाबंदी कर चुके अलगाववादियों से निपटने के लिए जून 1984 में सेना को आपरेशन 'ब्लू स्टार' के तहत सैन्य कार्रवाई करनी पड़ी थी। परिसर में की गई मजबूत किलेबंदी को ध्वस्त करने में सेना की '10 गाड्‌र्स' बटालियन के हिमाचली शूरवीर कैप्टन 'जसबीर सिंह रैना' ने अहम भूमिका निभाई थी। खतरनाक मिशन में बुरी तरह जख्मी होकर अपने दोनों पांव गवांने के बावजूद जसबीर सिंह मोर्चे पर डटे रहे। सैन्य मिशन में उत्कृष्ट सैन्य नेतृत्व के लिए जसबीर सिंह रैना को भारत सरकार ने शांतिकाल के सर्वोच्च पदक 'अशोक चक्र' से सरफराज किया था। आपरेशन ब्लू स्टार की कार्रवाई में सेना के 83 जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था, जिनमें 'प्रथम पैरा स्पेशल फोर्स' के सत्रह कमांडो भी बलिदान हुए थे। नायक प्रकाश चंद, जगदीश चंद व दर्शन सिंह तीनों बलिदानी कमांडो का संबंध भी हिमाचल से था। प्रथम पैरा के मेजर प्रकाश चंद कटोच 'शौर्य चक्र' ने मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सन् 1971 की जंग में पूर्वी पाक के महाज पर 'मुक्तिवाहिनी' को प्रशिक्षण देकर पाक सेना को शिकस्त-ए-फाश देने में सिख जरनैल शाबेग सिंह ने अहम किरदार अदा किया था। पाकिस्तान को तकसीम करके नए मुल्क बांग्लादेश के निर्माण में बेहतरीन सैन्य नेतृत्व के लिए भारत के राष्ट्रपति ने शाबेग सिंह को 'परम विशिष्ट सेवा मेडल' से नवाजा था। लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध में गढ़वाल राइफल्स व सन् 1965 की जंग में गोरखा राइफल्स का नेतृत्व करने वाले शाबेग सिंह सेवानिवृत्ति के बाद मजहबी कट्टरपंथ का शिकार होकर अलगाववादियों से जा मिले।

# वाम राजनीति की नयी उम्मीद

कई चुनौतियों के बीच केरल के वरिष्ठ साम्यवादी नेता मरियम एलेक्जेंडर बेबी को देश के सबसे बड़े वामपंथी दल- कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट) ने बीते रविवार को अपना नया महासचिव नियुक्त किया। पिछले वर्ष 12 सितम्बर को सीताराम येचुरी के निधन के बाद से यह पद रिक्त था जो उन्होंने लगभग 9 साल तक सम्हाला था। तमिलनाडु के मदुरै में सम्पन्न पार्टी के 5 दिवसीय सम्मेलन के अंतिम दिन उन्हें यह पद दिया गया। उनके खिलाफ खड़े महाराष्ट्र के ट्रेड यूनियन नेता डीएल कराड़ को सिर्फ 31 वोट मिले। सीपीआई (एम) की केरल शाखा से पार्टी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पद सम्हालने वाले वे दूसरे नेता हैं- दिग्गज ईएमएस नंबूदरीपाद के पश्चात। पार्टी द्वारा हाल ही में 75 साल की उम्र सीमा का नियम लागू करने के बाद पूर्व महासचिव प्रकाश करात, वृंदा करात, सूर्यकांत मिश्रा, सुभाषिनी अली, माणिक सरकार और जी. रामकृष्णन जैसे वरिष्ठ नेता पोलित ब्यूरो से बाहर हो गये थे। केवल 79 वर्षीय केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को रणनीतिक कारणों से रखा गया है। पोलित ब्यूरो में 8 नए सदस्य शामिल हुए, वे हैं- त्रिपुरा विधानसभा में विपक्ष के नेता जितेंद्र चौधरी, तमिलनाडु के पूर्व सीपीएम सचिव के. बालाकृष्णन व ट्रेड यूनियन नेता यू. वासुकी, सीकर (राजस्थान) के सांसद अमरा राम, श्रीदीप भट्टाचार्य (पश्चिम बंगाल), अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव विजू कृष्णन, अखिल भारतीय लोकतांत्रिक महिला

**एक वक्त था जब छात्रों, असंगठित श्रमिकों, संगठित कर्मचारियों, किसानों, महिलाओं के बीच सीपीएम का बड़ा काम था। देश में भाजपा की मजबूती के साथ ये संगठन लगातार कमजोर पड़ते गये हैं। उनमें नये प्राण फूंकने तथा उनके जरिये राजनीतिक हस्तक्षेप को बढ़ाना बेबी के लिये नयी चुनौतियां होंगी।**

संघ की महासचिव मरियम धावले और पूर्व छात्र नेता आर. अरुण कुमार। येचुरी के मुकाबले बेबी को वैचारिकी के स्तर पर अनुदार नेता माना जाता है। छात्र राजनीति (स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया) से मुख्य धारा की राजनीति में आने वाले बेबी को आपातकाल में छात्रों व युवाओं को संगठित करने के कारण जेल भी जाना पड़ा था। वे केरल के शिक्षा मंत्री रहे तथा लोकसभा सदस्य भी रहे। वे ऐसे वक्त में पार्टी का यह अहम पद सम्हाल रहे हैं जब कई तरह की चुनौतियां सामने हैं। ये चुनौतियां संगठनात्मक हैं तो वहीं विधानसभा-लोकसभा में घटता प्रतिनिधित्व भी। इसके साथ ही राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक मोर्चों पर उसका कम होता हस्तक्षेप भी दल के लिये चिंता का विषय है।

पिछले 11 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जिस प्रकार से दक्षिणपंथी विचारधारा को देश भर में फैलाया है, उसका माकूल जवाब देने में वामपंथी दल लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं। ऐसा केवल सीपीएम ही नहीं वरन देश के दूसरे बड़े साम्यवादी दल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) के बारे में भी कहा जा सकता है। फिर, दोनों दलों के बीच एकता की आशा तो दूर, अब देखना होगा कि क्या तालमेल भी सम्भव है। जो वाम मोर्चा 2004 में बनी कांग्रेस प्रणीत यूपीए सरकार के दौरान मौजूद था, वह अब अस्तित्व में इसलिये भी नहीं है क्योंकि संसद में उसकी उपस्थिति क्षीण है। याद हो कि 2004 में इसे 44 सीटें मिली थीं। आज वह 4 पर सिमटी हुई है। इनमें भी तीन उसे सहयोगी दलों के सहयोग से हासिल हो सकीं। पश्चिम बंगाल में लगभग तीन दशक तक सरकार चलाने के बाद वहां तृणमूल कांग्रेस व भाजपा ने उसका पूर्ण सफाया कर रखा है। यहां उसका लोकसभा व विधानसभा में एक भी सदस्य नहीं है। त्रिपुरा में ईमानदारीपूर्वक काम करने के बावजूद 2023 में उसकी सरकार जाती रही। हालांकि वहां वह मुख्य विपक्षी दल है। उसका एक सदस्य यहां से लोकसभा में है। त्रिपुरा का चुनाव चाहे दूर हो लेकिन पश्चिम बंगाल का चुनाव अगले साल ही है। दोनों ही राज्यों में पार्टी को अपना संगठन मजबूत करते हुए चुनावी तैयारियां प्रारम्भ करनी होंगी। खासकर, प. बंगाल में पहले। बेबी के अपने गृह प्रदेश केरल में जरूर माकपा सरकार है लेकिन वहां कांग्रेस का जनाधार बढ़ रहा है। खासकर, वहां की वायनाड सीट से प्रियंका गांधी ने जैसी बड़े अंतर वाली जीत हासिल की, उससे साफहै कि यहां कांग्रेस की भी उसे चुनौती मिलेगी। यहां लेफ्ट डेमोक्रेटिक गठबन्धन की सरकार है जिसका नेतृत्व सीपीएम करती है। केरल में भी अगले वर्ष के मध्य में विधानसभा चुनाव हैं। सत्ता को बनाये रखना चुनौती है। यहां से भाजपा का एक सदस्य भी पिछले लोकसभा चुनाव में जीतकर आया है जो बताता है कि एक और नयी राजनीतिक शक्ति यहां उभर रही है जिसका आंशिक खतरा सीपीएम को है। मदुरै सम्मेलन में तय किया गया है कि केरल के वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की ही तर्ज पर वह अन्य जगहों पर सरकार बनाने की कोशिश करेगा। इसका अर्थ है कि कांग्रेस से उसका कोई चुनावी गठबन्धन होने से रहा। :: चर्चित डेस्क

## आज का राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विश्वास कायम करें।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नज़र आएंगी।

**सिंहः-** नये कार्यो में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिए व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा। प्रयासरत क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुंचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें। कार्य क्षेत्र में नये आसारों से उत्साहित होंगे।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुम्भः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।



राशि रत्न

## इस्टाग्राम पर अश्लील फोटो डालने पर महिला ने एसपी से की शिकायत

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** जनपद के माधौगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का फोटो इंस्टाग्राम पर डालने पर पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

पीड़िता के अनुसार अशीष कुमार नामक युवक ने अपने ईस्ट्राग्राम पर मेरी फोटो अश्लील तरह से लगाकर मेरी व मेरे परिवार की छवि धूमिल कर रहा है इससे उसका पूरा परिवार परेशान है। कुछ दिन पूर्व उसके पति ने किसान यूनियन के कार्यकर्ताओ के शिकायती पत्र पर पूर्व प्रधान पति ब्रजेश कुमार के सरकारी चक मार्ग पर अवैध कब्जा करने व अन्य अनिमितता बरतने की खबर अपने एक चैनल पर चलाई थी। जिसको लेकर ब्रजेश कुमार के चचेरे भाई सुनील कुमार ने उसके पति को ?ोन पर गोली मारने की धमकी दी थी। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज है।आरोपी द्वारा उसे लगातार परेशान किया जा रहा है।पीड़ित महिला ने विपक्षियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

# भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन सम्पन्न

## भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने की सम्मेलन की अध्यक्षता

चर्चित राजनीति। संवाददाता





**हरदोई।** भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन 156 विधान सभा के अंतर्गत नगर के एक बारात घर में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री नितिन अग्रवाल मौजूद रहे। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि पीके वर्मा भी उपस्थित रहे।

भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन तीन सत्रों में पूर्ण हुआ। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि मंत्री नितिन अग्रवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी के ग्यारह वर्षो के कार्यकाल में भारत की विकसित यात्रा एवं विशिष्ट उपलब्धियों पर संबोधन दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत बनाने की सबसे पहली कड़ी में जो देखने और सुनने में बहुत छोटा कार्य है पर गरीब और आम जन के लिए उनके जीवन को बदलने का युगांतर कार्य किया। कहा कि पीएम ने दूसरा कार्य स्वास्थ्य क्षेत्र में किया। सम्मेलन के दूसरे सत्र में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भाजपा के संगठनात्मक विस्तार पर संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 45 वर्षो के संघर्षो के बाद केंद्र के अलावा 20 राज्यों में पार्टी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार चला रही है। कहा कि मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन बनकर उभरा है। मौजूदा समय भाजपा की वर्चस्व की राजनीति का दौर है। यूपी पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि अयोध्या आंदोलन ने भाजपा के लिए संजीवनी बूटी का काम किया। उस आंदोलन के अगुकार रहे लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, विनय कटियार, कल्याण सिंह, जैसे नेताओं के पौरुष ने संगठन को महा विस्तार दिया। जिसके कारण केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में केंद्र में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। और कार्यकर्ताओं में ये विश्वास जगा कि अब समय हमारा है। तीसरे और अंतिम सत्र में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पीके वर्मा ने भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन पर अपना रुख रखा। उन्होंने कहा की एक समय था जब कांग्रेस का देश पर एकाधिकार था और भारत को एक दलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में जाना जाता था। इस मिथक को तोड़ने का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया। 1980 के कोटला मैदान में प्रथम अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए अटल बिहारी वाजपेई ने कार्यकर्ता सम्मेलन में अपनी सशक्त भागीदारी भारतीय राजनीति में दर्ज कराई।सम्मेलन का संचालन आईटी संयोजक सौरभ सिंह गौर ने किया। प्रमुख रूप से मंच पर जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह,जिला मंत्री अविनाश पांडे, नीतू चंद्रा, मीना वर्मा मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी,सहमीडिया प्रभारी सत्यम शुक्ला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अलका गुप्ता, नगर अध्यक्ष मुदित बाजपेई, मंडल अध्यक्ष राम प्रताप ,अजय प्रताप और दिनेश वर्मा मौजूद रहे।

# भैनगांव में पुलिस के सामने हुई युवक की हत्या में ग्यारह और गिरफ्तार

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**हरदोई।** जनपद के बेनीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भैनगांव में पुलिस के सामने भीड़ द्वारा युवक की पीटकर हत्या किए जाने के मामले में एसपी के निर्देश पर पुलिस ने ग्यारह और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।दिन दहाड़े हुई हत्या के मामले में पुलिस सात लोगों को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।हत्या में शामिल अन्य लोगों को पुलिस तलाश कर रही है।

प्राप्त विवरण में 7 अप्रैल को थाना बेनीगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम भैनगाँव में कुछ व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर थाना बेनीगंज पुलिस मौके पर पहुँची। जहाँ पर एक व्यक्ति सरपंच महावत निवासी अटिया मझिगवाँ थाना बेनीगंज (वर्तमान पता-निवासी ग्राम पलिया पुरवा थाना खीरी जनपद लखीमपुर खीरी) को मोइन, राहुल पुत्र रामपाल ,रूप पुत्र कमल, सरवत्तो पत्नी किशोर,सर्वेश पुत्र बंशी सर्व निवासीगण नटपुरवा मजरा अटिया मझिगवां थाना बेनीगंज सहित 12 नामजद व 25-30 अज्ञात हमलावरों द्वारा लाठी-डण्डों से सिर पर वार कर घायल कर दिया था। थाना बेनीगंज पुलिस द्वारा तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से घायल सरपंच उपरोक्त को सीएचसी कोथावाँ भेजा गया। जहाँ पर सरपंच उपरोक्त को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। निर्मल पत्नी स्व0 सरपंच की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने 12 नामजद व 25-30 अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस टीम को घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।जिसमें से 09 नामजद आजाद पुत्र कमल, इंतजारी पत्नी श्यामू , बीरू पुत्र रामपाल,वियाजन पुत्र पुत्तू, नीता पत्नी मोइन, राहुल पुत्र रामपाल रूप पुत्र कमल ,सरवत्तो पत्नी किशोर,सर्वेश पुत्र बंशी सर्व निवासी गण नटपुरवा तथा प्रकाश में आये किशोर पुत्र वियाजन, चाँद पत्नी बीरू,सलमान पुत्र लीला,हौंसला पत्नी लीला ,हरिपाल पुत्र चक्कर लीला पुत्र बाबू ,मनीषा पत्नी जब्बर, उपासना उर्फ जुलानिया पत्नी गोपी, धीरू पुत्र रामपाल सर्वनिवासीगण ग्राम अटिया मझिगवाँ को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस टीम द्वारा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।पुलिस ने गिरफ्तार हत्यारोपियों को जेल भेज दिया है।सभी पहलुओं पर जांच कर मामले में अग्रिम विधि कार्रवाई की जा रही है।

# रसखान प्रेक्षागृह में राजस्व विभाग की कार्यशाला का हुआ आयोजन

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**हरदोई।** रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों की कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निर्विवाद वरासत का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाये। लेखपाल व कानून गो समय सीमा का पूरा ध्यान रखें। मात्र साक्ष्य न होने व मृत्यु प्रमाण पत्र न होने पर आवेदन निरस्त न किया जाये। पैमाइश के मामले में मौके पर जाकर गाटे के क्षेत्रफल का मिलान खतौनी में दर्ज क्षेत्रफल से कर ले।

धारा 24 की पैमाइश में नोटिस भेजते समय विशेष सतर्कता रखें।नोटिस को सही तरीके से तामील कराएं। पैमाइश में गाटा का क्षेत्रफल पूरा करने में यदि प?ोस के गाटे से क्षेत्रफल पूरा किया जाये तो इसका उल्लेख सीमांकन आख्या में अवश्य किया जाये। सीमांकन की कार्रवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। असंक्रमणीय को संक्रमणीय भूमिधर बनाने में विशेष ध्यान रखा जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि भूमिधर का भूमि पर कब्जा हो। कुर्रा बटवारा में सभी भूमिधरों के बीच न्यायसंगत बटवारा किया जाये। नजरी न?शे में भू चिन्हो को स्पष्ट रूप से अंकित किया जाये। स?क या चकरोड को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाये। शिकायत निस्तारण में लेखपाल द्वारा लगायी गयी आख्या की कानून गो अच्छी तरह से जाँच की जाये। जाँच सभी पक्षो के सामने की जाये। धारा 67 के मामले में लेखपाल द्वारा तत्काल तहसीलदार या उप जिलाधिकारी को दी जाये। कृषि भूमि पट्टा आवंटन में नियमों का ध्यान रखते हुए पात्रों को लाभान्वित किया जाये। कृषक दुर्घटना बीमा योजना में मृतक के परिवारों को सहायता राशि देने में देरी न की जाये। दैवीय आपदा में नियमानुसार पात्रों को अधिकतम लाभ दिलाया जाये। घायल पशुओं का इलाज पशुपालन विभाग से कराया जाये। नियमानुसार मृतक पशुओं का परिवार को मुआवजा दिलाया जाये। बा? में जमा हुई सिल्ट को हटाने के ले प्रभावितों को सहायता दिलायी जाये। आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। शिकायतकर्ता से संपर्क अवश्य किया जाये।शिकायत आख्या स्पष्ट व विस्तृत बनाई जाये।उन्होंने कहा कि लापरवाह लेखपाल अपनी कार्यशैली में सुधार कर लें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि समस्त सूचनाओं के लिए एक प्रारूप बनाया गया है जिस पर प्रतिमाह सूचना प्राप्त की जाये। जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने कहा कि प्रत्येक कार्य में समय सीमा का पूरा ध्यान रखें। उप जिलाधिकारी राकेश सिंह ने निर्विवाद वरासत, पैमाइश के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आठ माह पूर्व मिले महिला के शव का कातिल पुलिस ने किया गिरफ्तार



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** जनपद के संडीला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलवारन के बाहर झाड़ियों से आठ माह पूर्व मिले महिला के शव के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त विवरण में 8 अगस्त को श्रीकृष्ण पुत्र रामदास निवासी ग्राम बेलवारन द्वारा थाना संडीला पर तहरीर दी गई कि गांव के जंगल के बाहर झाडियों में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर महिला के शव को कब्जे में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक जनपद हरदोई द्वारा उक्त घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। पुलिस द्वारा मृतका का पोस्टमार्टम तथा डीएनए परीक्षण कराया गया। जिसके माध्यम से मृतका की शिनाख्त सोनी पुत्री स्व0 राजेन्द्र निवासी ग्राम मझिगवां शिवपुरी थाना अतरौली के रुप में हुई थी।थाना संडीला के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार व पुलिस बल द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान प्रकाश में आए मनोज कुमार धोबी पुत्र लल्लन निवासी ग्राम मझिगवां शिवपुरी थाना अतरौली को गिरफ्तार किया गया।पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के उपरान्त ज्ञात हुआ कि मृतका सोनी उसकी पत्नी के पूर्व पति की पुत्री थी। मृतका के नाना, सोनी के नाम पर जायदाद लिखवाने वाले थे, इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने सोनी को संडीला स्थित उसके स्कूल से घर वापस ले जाते समय ग्राम बेलवारन के पास सोनी उपरोक्त का मूंह दबाकर उसकी हत्या कर दी थी।

# सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान इंटर कॉलेज अल्लीपुर का परीक्षा परिणाम घोषित

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**हरदोई।** सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान इंटर कॉलेज अल्लीपुर हरदोई में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया गया, तत्पश्चात डॉक्टर शशिकांत पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा वह साधन है जिससे संपूर्ण संसार को परिवर्तित किया जा सकता है शिक्षा केवल व्यक्ति में ही परिवर्तन नहीं करती बल्कि व्यक्ति से समाज समाज से देश में और देश से विश्व में परिवर्तन कर सकती है शिक्षा व्यक्ति को समाज में सम्मान प्रदान करती है साथ ही कहा कि जाड्यम धियो हरति सिंचति वाचि सत्यम कह कर कहां की विद्या मनुष्य के मस्तिष्क की जड़ता को हरती है दूर करती है तथा वाणी में सत्यता प्रदान करती है इसके साथ ही उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की, तत्पश्चात उपस्थित छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम के साथ पुरस्कार वितरण किया गया। नर्सरी कक्षा में वैभव पाल

**● मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित**

ने प्रथम स्थान, निधि यादव ने द्वितीय स्थान व देवांश सिंह ने तृतीय स्थान के साथ पुरस्कार प्राप्त किया ,इसके साथ ही कक्षा के0जी0 के अखिल राज ने प्रथम, ऋषभ यादव ने द्वितीय व राधिका पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा एक की लवी सिंह ने प्रथम, आदेश यादव ने द्वितीय और अभी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा 2 की रिया यादव ने प्रथम, आलोक ने द्वितीय, आरवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन के रूद्र यादव ने प्रथम ,नंदिनी में द्वितीय तथा सना व माही पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 के सोहनी वर्मा, आरुषि पाल, कृष्णा मिश्रा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 5 की शालिनी दीक्षित, जूही सिंह व शिवानी ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा 6 के अन्य पाल ने प्रथम प्रियांशी ने द्वितीय, व हिमांशु राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में श्रवण कुमार ने प्रथम स्थान, सुहानी गुप्ता ने द्वितीय स्थान, शैलजा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया।कक्षा 8 की आकांक्षा पाल ,आयुष पाल, अंशु सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 में सुधा देवी, संगीता तथा शाहीन ने प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 में अंशुम रोली तथा प्रियांशु ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार पाकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। तत्पश्चात कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉक्टर रश्मि द्विवेदी ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं ने पुरस्कार प्राप्त किया है वह काफी उत्साहित है इसके साथ ही जिन छात्र-छात्राओं ने किसी कारण से पुरस्कार प्राप्त नहीं किया है वह मेहनत करके अपना स्थान निश्चित कर सकते हैं व आगामी कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं, तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्ष इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर उर्वशी त्रिवेदी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी हमारे शिक्षकों की है जिन्होंने अपनी कड़ी लगन और मेहनत से छात्रों के परिश्रम के फल स्वरुप आज प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त कराया है और साथ ही विद्यालय का मान बढ़ाया है ऐसे सभी छात्र व उनके शिक्षक अभिभावक सराहना के पात्र हैं यह संस्थान शिक्षा में ही नहीं बल्कि अनुशासन में भी अद्वितीय है शिक्षा के संबंध में उन्होंने एक श्लोक के माध्यम से बताया कि न चौर हार्यम न राज हार्यम न भ्रात भाज्यम न भारकारि विद्याधन सर्वधनम प्रधानम के साथ विद्या के गुण बताएं और अभिभावकों के साथ छात्र-छात्राओं को धन्यवाद दिया। आए हुए समस्त अभिभावकों का आभार ज्ञापित किया व छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर इंटर कॉलेज के शिक्षक अवनीश कुमार दीक्षित, रमेश यादव करनलाल वर्मा, निर्भय सिंह, रेखा रोली, सुनीता, प्रीति शुक्ला सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच संचालन पूर्णिमा त्रिवेदी ने किया।

## युवक ने पहले बनाया वीडियो फिर तमंचे से खुद को गोली मारी गोली

**हरपालपुर/हरदोई, चसं।** हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर प्रतिपालपुर गाँव निवासी युवक ने तमंचे से खुद को गोली मार ली, जिसे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए फर्रुखाबाद ले जाया गया जहां से कानपुर रेफर किया गया है। घटना से पहले युवक ने एक 47 सेकंड का वीडियो भी बनाया था। जिसको उसने खुद ही सोशल मीडिया पर वायरल किया। हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर प्रतिपालपुर निवासी सोमन (30) ने सोमवार देर रात तमंचे से खुद को गोली मार ली। सीने में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल सोमन को परिजन इलाज के लिए फर्रुखाबाद ले गए। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस पर परिजन उसे इलाज के लिए कानपुर ले गए हैं। खुद को तमंचे से गोली मारने से पहले सोमन ने एक 47 सेकंड का वीडियो भी बनाया। इस वीडियो में उसने अपनी मौत के लिए किसी को दोष न देने की बात कही है। उसने कहा है कि जो कुछ किया है उसका जिम्मेदार वह खुद है। घटना के पीछे पता चला है कि उसका का पत्नी से विवाद चल रहा था। पत्नी मायके में रह रही थी।चर्चा यह भी है कि सोमन की नजदीकियां उसके बड़े भाई की साली से थी। बीते दिनों साली की सगाई होने के बाद से सोमन परेशान था।

# संक्षिप्त समाचार

## माधौगंज में सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न



**हरदोई, चसं।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अंतर्गत भाजपा द्वारा माधौगंज में सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती पीके वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे विगत 11 वर्षों की विकसित भारत यात्रा व् केंद्र व् प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक आशीष सिंह आशू, कार्यक्रम संयोजक श्रवण कनौजिया, नगर पंचायत अध्यक्ष माधौगंज अनुराग मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष बिलग्राम अनिल राठौर, जिला मंत्री रामनन्दनी वर्मा, जिला मंत्री मंगतराम अर्कवंशी सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी, विधानसभा बिलग्राम मल्लावां के मण्डल अध्यक्ष व् सक्रिय भाजपा सदस्य गण उपस्थित रहे।

## रामनवमी के उपलक्ष्य में निकाली गई पारंपरिक रंग शोभा यात्रा



**शाहाबाद /हरदोई, चसं।** राम वाटिका चौक से रामनवमी के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंग शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई। इस रंग शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भगवान श्री राम के भक्तगण शामिल हुए।शोभा यात्रा में भक्तों ने अबीर गुलाल और रंग खेला। रंग शोभायात्रा चौक, सराफा बाजार, घंटाघर, सदर बाजार, बड़ी बाजार, स्टेट बैंक होते हुए नगर पालिका कार्यालय पहुंची जहां पर रंग शोभा यात्रा का समापन हुआ।शोभा यात्रा में पवन रस्तोगी, संजय ओमर,बसंत गुप्ता, कपिल गुप्ता, श्याम जी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भगवान राम के भक्तगण शामिल हुए।

## दलित युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में,गया जेल

**हरदोई, चसं।** जनपद के सवायजपुर थाना क्षेत्र में एक दलित युवती से दुष्कर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त विवरण में 6 अप्रैल को युवती के पिता द्वारा थाना सवायजपुर पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त अनिल उर्फ मोनू पुत्र रामवीर निवासी ग्राम सोनेपुर थाना सवायजपुर द्वारा उसकी पुत्री के साथ गलत कार्य किया गया। इस संबंध में तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दलित एक्ट सहित दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की थी। थाना सवायजपुर के उपनिरीक्षक रामशरण सिंह द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने आरोपी को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## जनसुनवाई के प्रार्थना पत्रों का हो न्यायपूर्ण निस्तारण : एसपी



**हरदोई, चसं।** जनपद के पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को अपने कार्यालय पर जनसुनवाई के दौरान आए 47 फरियादियों के दर्द को जाना और उन्हें सही न्याय के प्रति आश्वस्त करते हुए अधीनस्थों को पीड़ितों को समय से न्याय दिए जाने के लिए आदेशित किया।जनपद के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन की कार्यशैली से उनकी चौखट पर न्याय के लिए भटकने वाले फरियादियों की भीड़ बढ़ रही है।उन्होंने एक एक पीड़ित के प्रार्थना पत्र को पढ़कर समस्या उससे जनसुनवाई में शिकायत करने की वजह भी पूछी।मंगलवार को उन्होंने अपने कार्यालय में 47 फरियादियों के दर्द को सुना और सभी प्रार्थना पत्रों पर न्यायोचित आदेश कर अधिकारियों को कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया।

## 'एक राष्ट्र एक चुनाव' नगर पालिका परिषद पिहानी बोर्ड की बैठक में हुई चर्चा



**पिहानी/हरदोई, चसं।** नगर पालिका परिषद पिहानी की सभागार में चेयरपर्सन शाहीन बेगम व अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह की मौजूदगी में बोर्ड की बैठक आहूतू की गई। बैठक में हर घर राशन कार्ड योजना, जल निकासी की समस्या का समाधान, 6 किलोमीटर लाइट का प्रस्ताव, जर्जर सड़कों की मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास में पैसा न देने की अपील आदि मुद्दों पर कई अहम फैसले लिए गए। अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बोर्ड की बैठक में सभासदों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास में यदि कोई भी कर्मचारी पैसे मांगता है तो तत्काल प्रभाव से सूचित करें। प्रधानमंत्री आवास में किसी प्रकार का कोई पैसे देने का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि बरसात आने तक कस्बे के संपूर्ण नाले बन जाएंगे । जल निकासी की समस्या कहीं भी नहीं रहेगी। मुरीदखानी व रामलीला रोड 6 किलोमीटर की लाइट का प्रस्ताव पारित हुआ व कस्बे की 5 सडकों की मंजूरी मिली है। सभासदों ने बिजली, जल निकासी व जर्जर सड़कों के विषय में चेयरपर्सन शाहीन बेगम अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह को अवगत कराया। इस मौके पर गोपाल कृष्ण अवस्थी, लकी अवस्थी ,संजय,कुशवाहा ,अरुण अग्निहोत्री, बाबू अश्वनी बाजपेई अशोक कुमार ,अमित जोशी, अलीम कुरैशी, सानू सिंह ,तैयब, समस्त सभासद मौजूद है।

## तैर कर गंगा पार कर रहे प्रधान पति की डूबने से मौत




**बिलग्राम/ हरदोई, चसं।** गंगा पार खेत से वापस घर आ रहे प्रधान पति की गंगा में डूबने से मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के कटरी बिलुही ग्राम पंचायत की प्रधान सुमित्रा देवी के पति श्रीपाल की मंगलवार को गंगा में डूबने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार,श्रीपाल के खेत गंगा के उस पार स्थित है जहां जाने के लिये गंगापार करके जाना पडता है सोमवार रात्री को वो खेत पर गंगा में पड़े डोंगे पर सवार होकर गेहूं कटवाने गये थे रात भर श्रीपाल खेत पर ही रहे सुबह वो खेत से अपने घर आ रहे थे श्रीपाल ने गंगा पार करने के लिए नाव का सहारा न लेकर बल्कि वो एक खाली केन के सहारे गंगा पार कर रहे थे, जब वो गंगा जी के बीच पहुंचे तो अचानक उनके हाथ से कैन फिसल कर दूर चली गयी जिसके बाद उनके हाथ मे कोई सहारा न रहा और वो डूब गये। परिजनों ने आनन फानन में उन्हे बिलग्राम स्वास्थ्य केंद्र लाये जहा से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। हरदोई पहुचते ही उन्होंने दम तोड़ दिया म्रतक श्रीपाल की तीन बेटे और चार बेटियाँ है उनकी अचानक मृत्यु से परिजनों में कोहराम मचा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पोको सी 71 की फ्लिपकार्ट पर बिक्री शुरू, कीमत 6,499 रुपए

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** परफॉर्मेंस के मामले में देश के अग्रणी स्मार्टफोन ब्रांड पोको ने मंगलवार को ई-कॉमर्स साइट फ्लिपकार्ट पर 6,499 रुपए में अपने ब्लॉकबस्टर सी71 स्मार्टफोन की पहली बिक्री शुरू की। 6.88 इंच एचडी प्लस और 120 हट्र्ज डिस्प्ले के साथ वेट टच डिस्प्ले सपोर्ट और आंखों की सुरक्षा के लिए ट्रिपल टीयूवी से लैस पोको सी71 स्मार्टफोन के एक्सपीरियंस को पुनर्परिभाषित करता है। इसमें 32 एमपी का डुअल कैमरा और 5,200 एमएएच की बैटरी है, कहने का मतलब है कि सब कुछ अविश्वसनीय कीमत पर मौजूद है। पोको सी71 का 4 जीबी रैम और 64 जीबी स्टोरेज वाले मॉडल की कीमत 6,499 रुपए और 6 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज वाले मॉडल की कीमत 7,499 रुपए है, जो फ्लैगशिप स्तर के फीचर को पहले से कहीं ज्यादा सुलभ बनाते हैं। तो, इसका जवाब है, पोको सी71 का डिस्प्ले अपने सेग्मेंट में सबसे बड़ा और स्मूद है - अल्ट्रा फ्लूइड स्क्रॉलिंग और गेमिंग के लिए 6.88 इंच एचडी प्लस 120 हट्र्ज डिस्प्ले। यह फोन काफी स्लीक है और इसका डिजाइन काफी स्टाइलिश है। इसमें गोल्डन रिंग कैमरा डेको है। इसका विशेष स्पलिट ग्रिड डिजाइन इसे बोल्ड और आकर्षक बनाता है। स्मार्टफोन की मोटाई मात्र 8.26 एमएम है। यह तीन रंगों डेजर्ट गोल्ड, कूल ब्लू और पावर ब्लैक में उपलब्ध है। यह स्मार्टफोन ट्रिपल टीयूवी प्रमाणित है। इसमें ब्लू लाइट रिडक्शन, फ्लिकर फ्री डिस्प्ले और लो मोशन ब्लर हैं, जो इसके स्क्रीन एक्सपीरियंस को सबसे सुरक्षित बनाते हैं। निर्बाध मल्टीटास्किंग और पावर-पैक्ड परफॉर्मेंस के लिए इस स्मार्टफोन में 12 जीबी डायनेमिक रैम (6 जीबी प्लस 6 जीबी वर्चुअल) और ऑक्टा-कोर प्रोसेसर है। 15 वाट फास्ट चार्जिंग के साथ 5,200 एमएएच बैटरी यह सुनिश्चित करती है कि यूजर पूरे दिन इसका इस्तेमाल कर सकें। 32 एमपी के डुअल कैमरे में एडवांस्ड फोटोग्राफी फीचर, फिल्म फिल्टर और नाइट मोड भी हैं। फ्यूचर-रेडी एक्सपीरियंस के लिए यूजर को दो मेजर एंड्रॉयड अपडेट और चार साल तक सिक्यूरिटी अपडेट भी मिलेंगे। पोको सी71 को उन युवा, डायनेमिक यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है, जो ट्रेंडी के साथ फंक्शनल डिवाइस की तलाश में हैं। फर्स्ट सेल ऑफर बिल्कुल मिस न करें, जो सिर्फ फ्लिपकार्ट पर लाइव है। समाप्त होने से पहले इसका लाभ उठा लें।

### भूचाल के बाद आज शेयर बाजार में आई बहार, निफ्टी 22,500 के पार, सेंसेक्स 1100 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार में आज एक शानदार शुरुआत हुई, जहां सेंसेक्स ने 1100 अंकों से ज्यादा की बढ़त बनाई और निफ्टी 22,400 के पार पहुंच गया। यह तेजी निवेशकों के लिए एक राहत की खबर के रूप में सामने आई है। मंगलवार को सेंसेक्स 73,137.90 के पिछले बंद से उछलते हुए 74,013.73 पर खुला, और कुछ ही मिनटों में 74,265.25 तक पहुंच गया। वहीं, निफ्टी भी 22,161.60 के लेवल से उठकर 22,446.75 पर खुला, और फिर 22,577.55 तक पहुंच गया। बाजार की तेजी में टाटा स्टील, टाटा मोटर्स और अदानी पोर्ट्स जैसे बड़े शेयरों का अहम योगदान रहा। टाटा समूह के शेयरों में तेजी के साथ-साथ, बैजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और एसबीआई के शेयर भी बढ़त में रहे। इन लार्जकैप शेयरों के अलावा, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी शानदार प्रदर्शन देखा गया। उदाहरण के तौर पर, पॉलिसी बाजार और गोडरेज प्रॉपर्टीज के शेयरों ने भी दमदार बढ़त दिखाई। सोमवार को वैश्विक बाजारों में पहले ही सकारात्मक संकेत मिल रहे थे। जापान और हांगकांग के शेयर बाजारों में तगड़ी तेजी देखने को मिली, जिससे भारतीय बाजारों में भी उम्मीद की किरण जगी। जापान का निक्केई इंडेक्स 7: तक चढ़ा, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स भी 3: ऊपर था। सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी, जिसमें सेंसेक्स 2,226.79 अंक गिरकर 73,137.90 पर बंद हुआ था। हालांकि, मंगलवार को बाजार ने अपनी गिरावट से उबरते हुए सकारात्मक शुरुआत की और निवेशकों को आशा का संचार किया। यह रिकवरी भारतीय शेयर बाजार के लिए एक अच्छी खबर है, खासकर उन निवेशकों के लिए जो सोमवार की गिरावट से परेशान थे।

### सोने-चांदी की कीमतों में हुआ बड़ा उछाल

**मुंबई, एजेंसी।** सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार (8 अप्रैल) को सोने-चांदी की कीमतों में उछाल जारी है। एमसीएक्स पर आज खबर लिखे जाने के समय सोने का भाव 0.63 फीसदी की तेजी के साथ 87,476 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी की कीमत 0.91 फीसदी की बढ़त के साथ 89,052 रुपए प्रति किग्रा पर है।

सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने का भाव 1,550 रुपए टूटकर 91,450 रुपए प्रति दस ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,350 रुपए टूटकर 93,000 रुपए प्रति 10 ग्राम रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,550 रुपए लुढ़ककर 91,000 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया जो पिछले कारोबारी सत्र में 92,550 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### वेदांता को 20 अरब डॉलर के विस्तार के लिए वैश्विक साझेदार की तलाश

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड विभिन्न क्षेत्रों में अपनी 20 अरब डॉलर की विस्तार परियोजनाओं के लिए वैश्विक साझेदार की तलाश कर रही है। कंपनी बयान के अनुसार, यह कदम वेदांता की रणनीतिक योजना के अनुरूप है जिसके तहत अगले तीन वर्षों में वह अपने परिचालन का महत्वपूर्ण विस्तार करेगी। इसके तहत कंपनी अपने कारोबार का चार इकाइयों वेदांता एल्युमीनियम, तेल एवं गैस, बिजली और लोहा एवं इस्पात में पुनर्गठन करेगी। पेशेवर मंच लिंक्डइन पर कंपनी के आधिकारिक पृष्ठ पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, ''हम एक अनुभवी वैश्विक इंजीनियरिंग कंपनी की तलाश कर रहे हैं जिसे इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण प्रबंधन (ईपीसीएम) में अनुभव हो और जो हमारी परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए हमारे लिए एक विस्तारित कार्यालय के रूप में कार्य कर सके। कंपनी ने कहा कि वह अगले तीन वर्षों में धातु, खनन और हाइड्रो कार्बन क्षेत्र में विकास परियोजनाओं पर 20 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करेगी। ये परियोजनाएं इसके मौजूदा परिचालन का विस्तार है। इसमें कहा गया, इच्छुक कंपनियों को अपने प्रासंगिक अनुभव, 'प्रोफाइल' और वर्तमान में जारी परियोजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके लिए 30 अप्रैल 2025 तक आवेदन दिया सकते है। वेदांता के मुख्य वित्तीय अधिकारी अजय गोयल ने पहले कहा था कि विभाजन अंतिम चरण में है। इसके इस वर्ष जून-जुलाई माह में पूरा होने की उम्मीद है।

### सुजुकी मोटर्स का 500 पदों पर चयन के लिये कैम्पस ड्राइव 11 अप्रैल को

**लखनऊ, चसं।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत 10वीं पास युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में 11 अप्रैल को प्रातः 10 बजे सुजुकी मोटर्स, हंसलपुर, अहमदाबाद, गुजरात द्वारा एक दिवसीय कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि इस ड्राइव के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को 'लर्न एंड अर्न प्रोग्राम' के अंतर्गत प्रशिक्षण के साथ मासिक मानदेय रूपये 15,067 तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। चयनित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पश्चात 2 वर्ष का आईटीआई एनसीवीटी प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा।संस्थान के ट्रेनिंग काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खाँ ने बताया कि इस कैम्पस ड्राइव में भाग लेने हेतु अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल पास अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषयों सहित न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ होनी चाहिए। अभ्यर्थी की आयु 11 अप्रैल को न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 21 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। केवल पुरुष अभ्यर्थियों को ही मेले में भाग लेने की अनुमति है और कुल 500 पदों पर चयन किया जाएगा।इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज फोटो एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों की मूल व छायाप्रति के साथ 11 अप्रैल को प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंजलखनऊ के प्लेसमेंट हॉल में उपस्थित हो सकते हैं।


# पंजाब ने जीता मैच, चेन्नई की लगातार चौथी हार

चर्चित राजनीति। एजेंसी



**चंडीगढ़।** प्रियांश आर्या के तूफानी शतक और अंत में शशांक सिंह की पारी के दम पर पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 19 रनों से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 219 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की टीम पूरे ओवरों में पांच विकेट खोकर 201 रन ही बना सकी। प्रियांश ने इस मैच में 19 गेंदों पर अर्धशतक और 39 गेंदों पर शतक जमाया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 42 गेंदों पर सात चौके और नौ छक्कों की मदद से 103 रन बनाए। शशांक ने 36 गेंदों पर दो चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन बनाए। मार्को यानसेन उनके साथ 19 गेंदों पर 34 रन बनाकर नाबाद लौटे। चेन्नई की तरफ से डेवन कॉन्वे ने अर्धशतक जमाया। उन्होंने 49 गेंदों पर छह चौके और दो छक्कों की मदद से 69 रन बनाए। 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर वह रिटायर आउट हो गए।

**प्रियांश आर्या के शतक ने चेन्नई को किया चकनाचूर :** पंजाब किंग्स ने मंगलवार को आईपीएल-2025 में अपने घर में चेन्नई सुपर किंग्स को 19 रनों से हरा दिया। युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्या के तूफानी शतक के दम पर पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 219 रन बनाए। जवाब में चेन्नई ने पूरे ओवर खेलने के बाद पांच विकेट खोकर 201 रन बनाए । ये पंजाब की इस सीजन अपने घर में पहली जीत है और चेन्नई की लगातार चौथी हार है। प्रियांश ने 42 गेंदों पर सात चौके और नौ छक्कों की मदद से 103 रनों की पारी खेली। उन्होंने 39 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया जो आईपीएल में पंजाब के लिए दूसरा सबसे तेज शतक है। उनके बाद अंत में शशांक सिंह ने 36 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने तीन छक्के और दो छक्के मारे। चेन्नई को तेज शुरुआत की



जरूरत थी जो उसे मिली। रचिन रवींद्र और कॉन्वे ने मिलकर पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। मैक्सवेल ने सातवें ओवर की तीसरी गेंद पर रचिन रवींद्र को आउट कर दिया। उन्होंने 23 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 36 रन बनाए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ एक रन ही बना सके और लॉकी फर्ग्यूसन का शिकार हो गए। चेन्नई को एक साझेदारी की जरूरत थी जो उसे शिवम दुबे और कॉन्वे ने मिलकर दी। दोनों ने टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया और तेजी से रन बनाने शुरू किए। दोनों ने 89 रनों की साझेदारी की। फर्ग्यूसन ने 15वें ओवर की पांचवीं गेंद पर दुबे को बोल्ड कर पंजाब को फिर मैच में ला दिया। फिर उनके बाद धोनी आए जिनसे तेजी से रनों की उम्मीद थी। इस बीच 18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर कॉन्वे को चेन्नई ने रिटायर आउट कर दिया। धोनी भी आखिरी ओवर की पहली गेंद पर आउट हो गए। और इसी के साथ चेन्नई की जीत की उम्मीद भी टूट गई। इससे पहले, पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रियांश ने आते ही तूफान मचा दिया और पहले ही ओवर में 16 रन ठोक दिए। दूसरे सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह को मुकेश चौधरी ने खाता तक नहीं खोलने दिया। कप्तान अय्यर भी कुछ खास नहीं कर सके और नौ रन बनाकर खलील का शिकार हो गए। खलील ने मार्कस स्टोइनिस को भी पवेलियन की राह दिखाई। पिछले मैच में अर्धशतक जमाने वाले नेहाल वढेरा को अश्विन ने धोनी के हाथों स्टम्प कर दिया। वह नौ रन ही बना सके। अश्विन ने मैक्सवेल को अपनी ही गेंद पर कैच कर पंजाब को पांचवां झटका दिया। इस बीच अपना शतक पूरा कर चुके प्रियांश लगातार रन बना रहे थे। 14वें ओवर की चौथी गेंद पर नूर अहमद ने प्रियांश को आउट कर दिया। प्रियांश के जाने के बाद शशांक सिंह और मार्को यानसेन ने तेजी से रन बनाए। दोनों ने लंबे शॉट्स मारे। शशांक ने 36 गेंदों पर 52 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने दो चौके और तीन छक्के मारे। यानसेन ने 19 गेंदों पर नाबाद 34 रनों की पारी खेली जिसमें दो चौके दो छक्के शामिल रहे।

**प्रति जिंटा का रिएक्शन लूट रहा वाहवाही :** पंजाब किंग्स के युवा ओपनर प्रियांश आर्य ने केवल 39 गेंदों में शतक जड़कर महफिल लूट ली। मगर प्रियांश के शतक पर पंजाब की सह-मालकिन प्रीति जिंटा का रिएक्शन वाहवाही लूट रहा है। 24 साल के प्रियांश आर्य ने मंगलवार को आईपीएल 2025 के 22वें मैच में चेन्नई के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ी और तूफानी शतक ठोका। पंजाब के ओपनर ने अपनी पारी की पहली गेंद का सामना करते हुए ही छक्का जड़ दिया था और अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। प्रियांश का विध्वंसक रूप एक छोर से जारी था, जबकि दूसरे छोर से उन्हें किसी का साथ नहीं मिल रहा था। पंजाब किंग्स नियमित अंतराल में विकेट गंवा रहा था। तब भी प्रियांश ने अपना आक्रामक रवैया नहीं छोड़ा और मुकेश चौधरी द्वारा किए पारी के चौथे ओवर में लगातार तीन चौके जमाए। पावरप्ले के आखिरी ओवर में प्रियांश ने अपनी क्लास दिखाई और अनुभवी अश्विन की गेंदों पर दो छक्के व एक चौका जमाया। प्रियांश ने जैसे ही अपना शतक पूरा किया तो कैमरा सीधे प्रीति जिंटा की तरफ गया, जो खुशी से झूम उठी। डिंपल गर्ल के नाम से मशहूर प्रीति जिंटा की एक झलक से ही फैंस भाप गए कि वो युवा बल्लेबाज की उपलब्धि पर बेहद खुश हैं। इस पल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बता दें कि प्रियांश आर्य ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 42 गेंदों में सात चौके और 9 छक्के की मदद से 103 रन बनाए। युवा बल्लेबाज के रिकॉर्ड शतक के दम पर पंजाब किंग्स ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 219 रन बनाए।

**हैरान रह गए क्रिकेट पंडित :** आईपीएल 2025 में मंगलवार की रात क्रिकेट प्रेमियों को एक नया सितारा देखने को मिला प्रियांश आर्य। पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए इस 24 वर्षीय बल्लेबाज ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ महज 42 गेंदों में 103 रनों की तूफानी पारी खेली और अपनी प्रतिभा का जबरदस्त परिचय दिया। यह उनका आईपीएल में पहला शतक था और वह भी डेब्यू सीजन में।

प्रियांश ने मैच की पहली ही गेंद पर खलील अहमद को डीप पॉइंट के ऊपर से छक्का जड़ते हुए अपना इरादा साफ कर दिया। पहले ही ओवर में 16 रन जुटाने वाले इस युवा बल्लेबाज़ ने अपनी लय बनाए रखी, भले ही दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। उनकी पारी में 7 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। मैच के बाद पंजाब किंग्स के असिस्टेंट कोच ब्रैड हैडिन ने प्रियांश की तारीफ करते हुए कहा, पहले ही प्रैक्टिस सेशन में हमें समझ आ गया था कि यह लड़का कुछ अलग है। जोफ्रा आर्चर के खिलाफ आउट होने के बाद भी उसने उस गेंद की सराहना की थी। आज उसने दिखा दिया कि वह कितनी तेजी से सीखता है और कितना परिपक्व खिलाड़ी है। आर्य को बचपन से ही छक्के मारने का जुनून था। कोच संजय भारद्वाज, जिन्होंने गौतम गंभीर, अमित मिश्रा और उन्मुक्त चंद जैसे खिलाड़ियों को तराशा है उन्होंने बताया कि सभी

**प्रियांश आर्या रहे पंजाब की जीत के हीरो**

को 'वी' में खेलने की सलाह देता था, लेकिन प्रियांश को कभी रोका नहीं। मैंने उसकी ताकत पहचानी और उसे छूट दी और उसने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

> प्रियांश ने मैच की पहली ही गेंद पर खलील अहमद को डीप पॉइंट के ऊपर से छक्का जड़ते हुए अपना इरादा साफ कर दिया। पहले ही ओवर में 16 रन जुटाने वाले इस युवा बल्लेबाज़ ने अपनी लय बनाए रखी, भले ही दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। उनकी पारी में 7 चौके और 9 छक्के शामिल रहे।

2024 की दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में प्रियांश ने 10 पारियों में 608 रन बनाए, जिसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 198.69 रहा। एक मुकाबले में उन्होंने एक ही ओवर में लगातार छह छक्के भी जड़े थे, जिसने स्काउट्स का ध्यान उनकी ओर खींचा। 2023-24 के सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में प्रियांश दिल्ली के शीर्ष रन स्कोरर रहे थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में 43 गेंदों में 102 रन बनाए थे, जिसमें 10 छक्के शामिल थे। इसके बाद ही उन्हें आईपीएल 2025 की नीलामी में पंजाब किंग्स ने 3.80 करोड़ में खरीदा। प्रियांश के पिता पवन आर्य दिल्ली सरकार के एक स्कूल में शिक्षक हैं और उनकी मां राधा बाला भी शिक्षिका हैं। पवन ने बताया कि वह सात साल का था जब क्रिकेट खेलने की इच्छा जताई। हमने पढ़ाई पर कभी समझौता नहीं किया। उसने बी.ए. में 67 प्रतिशत अंक हासिल किए और अब दिल्ली विश्वविद्यालय से पीजी कर रहा है। प्रियांश के कोच संजय भारद्वाज याद करते हैं, मैंने उसके साथ उसके आत्म-सम्मान को छेड़ा और कहा कि एक मैच में अच्छा प्रदर्शन करने से कुछ नहीं होगा। डीपीएल में जैसे ही स्काउट्स आए, उसमें कुछ बदल गया। प्रियांश ने कहा, मैं अपनी भावनाएं बयां नहीं कर पा रहा हूं, लेकिन अंदर से बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने सोच लिया था कि अगर पहली गेंद मेरे स्लॉट में मिलेगी, तो छक्का मारूंगा। मैं खुद को अभिव्यक्त करना चाहता हूं और सीमाओं में नहीं बांधना चाहता।

### लखनऊ ने कोलकाता को घर में हराया, पूरन-मार्श की धमाकेदार बल्लेबाजी से रोमांचक जीत

मिशेल मार्श (81) और निकोलस पूरन (नाबाद 87) की आतिशी पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाईट राइडर्स को उसके ही घरेलू मैदान में मंगलवार को रोमांचक आईपीएल मुकाबले में मात्र चार रन से हरा दिया। लखनऊ ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन का विशाल स्कोर बनाया और फिर जबरदस्त संघर्ष में केकेआर को सात विकेट पर 234 रन पर रोक दिया। लखनऊ की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है जबकि केकेआर को पांच मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ के निकोलस पूरन को उनकी आतिशी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। केकेआर के सामने एक बड़ा लक्ष्य था लेकिन रहाणे और नारायण द्वारा एक बढ़िया शुरुआत दिलाने के बाद केकेआर मुकाबले में आ गई थी और फिर वेंकटेश अय्यर ने भी रहाणे का पूरा साथ दिया, हालांकि रहाणे के आउट होने के बाद तस्वीर आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी और मैच अंत में लखनऊ के पाले में आ गया। रहाणे ने 35 गेंदों में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन ठोके, सुनील नारायण ने 13 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन और वेंकटेश अय्यर ने 29 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाये। अंत में रिंकू सिंह ने 15 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 रन ठोके लेकिन टीम को जीत की मंजिल पर नहीं ले जा पाए। हर्षित राणा 10 रन पर नाबाद रहे। लखनऊ के गेंदबाजों ने 20 वाइड सहित 22 अतिरिक्त रन भी दिए लेकिन टीम अंततः जीत हासिल करने में सफल रही। रिंकू ने पारी के आखिरी ओवर में तीन चौके और एक छक्का ठोका लेकिन जीत कोलकाता से चंद कदम दूर रह गई। इससे पहले कोलकता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसका फायदा उठाते हुए लखनऊ ने ओपनिंग साझेदारी में 10.2 ओवर में 99 रन जोड़े। लखनऊ के दोनों ओपनरों मार्श और एडन मारक्रम ने आतिशी अंदाज में गेंदबाजों की पिटाई की। मारक्रम 28 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मार्श और पूरन ने गेंदबाजों को पीटने का सिलसिला जारी रखा। मार्श ने 48 गेंदों पर 81 रन में छह चौके और पांच छक्के लगाए। पूरन ने टूर्नामेंट की अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। पूरन ने मात्र 36 गेंदों पर नाबाद 87 रन में सात चौके और आठ छक्के मारे। एक समय लखनऊ की टीम 250 के स्कोर तक पहुंच रही थी, जब मिचेल मार्श और एडन मारक्रम और फिर पूरन खेल रहे थे। लेकिन पूरन अपना शतक और टीम 250 का स्कोर नहीं कर पाई, इसका मलाल रहेगा क्योंकि पूरन आखिरी ओवर में ज्यादा बड़े शॉट नहीं लगा पाए लेकिन लखनऊ ने 238 रन बनाकर इस आईपीएल में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। शुरुआत में मार्श और मार्करम ने कमाल दिखाया, क्योंकि इस अनुभवी विदेशी ओपनिंग जोड़ी ने केकेआर की पावर-प्ले योजनाओं को क्लिनिकल आक्रामकता के साथ बेअसर कर दिया। वेंकटेश अय्यर द्वारा हाल ही में पावर-प्ले विशेषज्ञ के रूप में प्रशंसित वैभव अरोड़ा ने दाएं हाथ की ओपनिंग जोड़ी को परेशान करने के लिए संघर्ष किया।

# सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी : तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मणिपुर ने 5वें दिन अपने मैच जीते

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**झांसी।** तेलंगाना, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, मध्य प्रदेश और मणिपुर की टीमों ने मंगलवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के 5वें दिन अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।



मंगलवार को पहले मैच में, तेलंगाना हॉकी ने डिवीजन बी में गोवा हॉकी को 5-1 से हराया। सूर्य प्रकाश पोटलुरी (18"), अयप्पा पीआर (21"), पेद्दिन्ति नीरज कुमार (23"), रोहित सिंह (28") और राजू तल्ला (29") ने हॉकी तेलंगाना के लिए एक-एक गोल किया। दूसरी ओर, त्रिशूल गणपति एच (19") ने गोवा हॉकी के लिए सांत्वना गोल किया। इस जीत के साथ, हॉकी तेलंगाना पूल ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, जिसने टीम द्वारा खेले गए तीन मैचों में से दो में जीत हासिल की है। दूसरे मैच में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी ने डिविजन बी में हॉकी मिजोरम को 6-0 से हराया। दीपक यादव (4"), एस. मोहम्मद यासीन (6"), कोमल सिंह (15"), विजय यादव (36"), कप्तान अरविंद यादव (39") और सजल सक्सेना (44") ने अच्छा प्रदर्शन किया और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी के लिए एक-एक गोल करके मध्य प्रदेश के इस शहर में खेले जा रहे इस आयोजन में पूल बी में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। डिविजन ए के पहले मैच में हॉकी मध्य प्रदेश ने ओडिशा एसोसिएशन को करीबी मुकाबले में 3-2 से हराया। हॉकी मध्य प्रदेश के लिए अली अहमद (28", 42") ने दो गोल किए जबकि मोहम्मद जैद खान (32") ने एक गोल किया। जवाब में ओडिशा हॉकी एसोसिएशन के लिए कप्तान अमित रोहिदास (17") और नीलम संजीप जेस (57") ने एक-एक गोल किया। दूसरे मैच में मणिपुर हॉकी ने ले पुडुचेरी हॉकी को 4-3 से हराया। ले पुडुचेरी के लिए मणिकंदन एम. (6'), रजत मिंज (43') और पी. महेंद्रन (60') ने गोल किए। दूसरी तरफ, सिरिल लुगुन (14', 15', 28') ने हैट्रिक बनाकर मणिपुर हॉकी के लिए स्कोर बराबर कर दिया। थोकचोम किंगसन सिंह (51') ने अंतिम मिनटों में निर्णायक गोल करके ले पुडुचेरी हॉकी से मैच छीन लिया।

# काश्वी को पहली बार भारतीय महिला वनडे टीम में बुलावा, शेफाली को नहीं मिला मौका

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** काश्वी गौतम, एन श्री चरणी और शुचि उपाध्याय को श्रीलंका में होने वाली आगामी त्रिकोणीय वनडे सीरीज के लिए भारतीय महिला वनडे टीम में पहली बार शामिल किया गया है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका तीसरी टीम है।



जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत कौर कप्तान के रूप में वापस आ गई हैं, जबकि स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर सभी वापस आ गई हैं। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकर और तितास साधु तीनों चोटिल हैं और चयन के लिए उन पर विचार नहीं किया गया। इस बीच, शेफाली वर्मा इस साल की शुरुआत में महिला प्रीमियर लीग में मजबूत प्रदर्शन के बावजूद तस्वीर से बाहर रहीं, जहां उन्होंने 152.76 की स्ट्राइक रेट के साथ नौ पारियों में 304 रन बनाए (सर्वाधिक रन बनाने वालों की तालिका में चौथे स्थान पर)। जब भारत ने आयरलैंड की मेजबानी की और तीनों मैचों में शानदार जीत के साथ 3-0 से सीरीज अपने नाम की, तब स्मृति मंधाना भारत की कप्तान थीं। उस टीम में उमा छेत्री, राघवी बिष्ट, सयाली सतघरे, तनुजा कंवर, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा और साइमा ठाकोर भी थीं, जिन्हें टीम से बाहर कर दिया गया है। 21 वर्षीय गौतम इस साल डब्ल्यूपीएल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक थीं, उन्होंने अपने नौ मैचों में 11 विकेट चटकाए जो किसी भारतीय द्वारा सबसे ज्यादा विकेट थे। उन्?होंने अपनी गति और नियंत्रण से प्रभावित किया। 20 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर चरनी ने डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सिर्फ दो मैच खेले, जिसमें उन्होंने चार विकेट चटकाए। इस बीच, बाएं हाथ की स्पिनर उपाध्याय पिछले साल दिसंबर में आयोजित सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं। उन्होंने तब नौ पारियों में 3.48 की इकॉनमी रेट और 15.44 की औसत से 18 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया क्योंकि उनकी टीम मध्य प्रदेश ने ट्रॉफी जीती थी।

# कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट एसोसिएशन और एमएम क्रिकेट अकादमी अंबाला ने फाइनल में प्रवेश किया



**कुरुक्षेत्र, एजेंसी।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन और एमएम क्रिकेट अकादमी, अंबाला ने स्वर्गीय लाला अमरनाथ अग्रवाल संयुक्त बालक/बालिका अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट के 5वें संस्करण के चोखी ढाणी ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया। संयोजक अमरजीत कुमार के अनुसार फाइनल मैच और पुरस्कार वितरण/समापन समारोह कल 9 अप्रैल को शाम 5.15 बजे होगा। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि होंगे और विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित करेंगे। पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल, कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा और हरियाणा के पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी शरणजीत सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। आज पहले सेमीफाइनल मैच में एमएम क्रिकेट अकादमी, अंबाला ने अमरावती क्रिकेट टीम, पंचकूला को 12 रनों से हरा दिया।

एमएम क्रिकेट अकादमी, अंबाला के आरव शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमएम क्रिकेट अकादमी, अंबाला ने 30 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। सिद्धांत यादव ने सर्वाधिक 60 रन, रौनक ने 27 रन और ऋषभ ने 20 रन बनाए। अनरावती की ओर से गेंदबाज विनायक दीक्षित ने 4 विकेट, आदित्य सिंगला ने 2 विकेट और अरिहान और गुरवित कौशिक ने 1-1 विकेट लिया।

जवाब में अनरावती क्रिकेट टीम ने 30 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। एकंददीप सिंह ने सर्वाधिक 29 रन, अरिहान कुनार ने 20 रन और आदित्य सिंगला ने 20 रन बनाए। दूसरे सेमीफाइनल मैच में कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने सीएल चैंप्स क्रिकेट अकादमी, पंचकूला को 6 विकेट से हराया। केडीसीए के प्रयांश चौधरी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएल चैंप्स क्रिकेट अकादमी, पंचकूला ने निर्धारित 30 ओवरों में 135 रन बनाए।

राजदीप रोहिल्ला ने सर्वाधिक 27 रन बनाए, आश्रित भाटिया ने 21 रन बनाए जबकि अयान भाटिया और आदित्य पाठक दोनों ने 18-18 रन बनाए। गेंदबाजी की ओर से कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट संघ के गेंदबाज कप्तान सुप्रीत यादव और प्रयांश चौधरी दोनों ने 3-3 विकेट लिए जबकि वैभव दीक्षित ने 1 विकेट लिया। जवाब में कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट संघ ने 4 विकेट के नुकसान पर 26.4 ओवरों में 139 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। अश्विन लोहान ने 42 रन बनाए, प्रयांश चौधरी ने नाबाद 37 रन बनाए और यथार्थ सिंह ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी की ओर से सीएल गेंदबाज अर्नव शर्मा ने 2 विकेट लिए जबकि युद्धवीर सिंह ने 1 विकेट लिया।

## 43 के हुए 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन परिवार संग मनाया जन्मदिन का जश्न



साउथ सिनेमा के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन आज 43 साल के हो गए हैं। अभिनेता ने अपने जन्मदिन का जश्न परिवार के साथ मिलकर मनाया। अभिनेता की पत्नी स्नेहा रेड्डी ने सोशल मीडिया पर जन्मदिन की तस्वीर साझा कर झलक दिखाई है। साउथ सिनेमा के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन आज 43 साल के हो गए हैं। अभिनेता ने अपने जन्मदिन का जश्न परिवार के साथ मिलकर मनाया। अभिनेता की पत्नी स्नेहा रेड्डी ने सोशल मीडिया पर जन्मदिन की तस्वीर साझा कर झलक दिखाई है। स्नेहा रेड्डी ने जश्न की तस्वीरों को इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, हैप्पी बर्थडे। शेयर की गई तस्वीर में अल्लू अर्जुन पत्नी स्नेहा रेड्डी और दोनों बच्चों के साथ केक काटते नजर आए। अल्लू अर्जुन ने साल 2011 में स्नेहा रेड्डी से हैदराबाद में शादी की थी। अल्लू और स्नेहा के दो बच्चे हैं। उन्होंने बेटी का नाम अरहा और बेटे का नाम अयान रखा है। अल्लू अर्जुन की पिछली रिलीज पुष्पा 2 द रूल की बात करें तो बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल दिखाने में कामयाब रही। सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म में अभिनेता अल्लू अर्जुन के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना हैं। पुष्पा 2 2021 की हिट फिल्म पुष्पा द राइज का सीक्वल है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफल हुई थी। अर्जुन अपने दमदार अभिनय और स्वैग के दम पर बॉलीवुड से लेकर साउथ इंडस्ट्री में काफी लोकप्रिय हो गए हैं। अभिनेता ने दो साल की उम्र में बतौर बाल कलाकार तेलुगू फिल्म विजेता से डेब्यू किया था। इसके बाद वह बाल कलाकार के तौर पर ही अभिनेता कमल हासन की फिल्म 'स्वाति मुथ्यम' में नजर आए। हालांकि, अल्लू अर्जुन को पहचान सुकुमार की फिल्म 'आर्या' से मिली। सुकुमार ने पुष्पा और पुष्पा 2 द रूल बनाई जो अल्लू अर्जुन के करियर की सबसे बड़ी सफलता साबित हुई। हालांकि, इस फिल्म का विवादों से भी नाता रहा। पुष्पा 2 द रूल हैदराबाद में फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद अर्जुन पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था। **:: एजेंसी**

## नाम और पैसा कमाना है गोविंदा से तलाक की खबरों के बीच सुनीता अहूजा ढूंढ रही हैं काम



गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता अहूजा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफको लेकर चर्चा में हैं। कुछ समय से खबरें थी कि दोनों ने अलग होने का मन बना लिया था लेकिन असल में ऐसा कुछ नहीं हुआ और अब भी दोनों साथ में हैं। इन सबके बीच सुनीता अहूजा ने कुछ ऐसा कह डाला है जो कि आपको हैरान करने के लिए काफी है। दरअसल, सुनीता अहूजा चाहती हैं कि वो अपने पैरों पर खड़ी हो जाएं और खुद कुछ ना कुछ कमाई करना शुरु करें। सुनीता अहूजा ने ये बात क्यों कही है इसका लोग कई तरह का मतलब निकाल रहे हैं। सुनीता ने एक समाचार एजेंसी से कहा था-मैंने इस नवरात्रि माता रानी से काम,नाम, शोहरत और सम्मान मांगा है। खुद काम करके अपने लिए पैसा कमाना आपको एक अलग एहसास देता है। सुनीता ने पहले बताया था कि पॉपुलर रियलिटी शो फैब्युलस लाइव्स वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स के अगले सीजन के लिए सुनीता से बातचीत की जा रही है। सूत्रों का दावा है हमने सुना है कि सुनीता आहूजा को द फैबुलस हाउसवाइव्स के आगामी सीजन के लिए चुना जा रहा है। वह ऐसी शख्सियत हैं जिन्हें दर्शकों ने सच में पसंद किया है और उनकी फैन फॉलोइंग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है हालांकि आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। इस साल मार्च में सुनीता आहूजा गोविंदा से अलग होने की अटकलों के कारण चर्चा में थीं हालांकि,गोविंदा के मैनेजर ने ऐसी अफवाहों का खंडन किया था, एक खास बातचीत में उन्होंने बताया था-फिलहाल, यह खबर हर जगह फैल रही है। **:: एजेंसी**

# नोरा फतेही को छोटे प्रशंसकों ने प्यार से किया सराबोर, दिल को छू लेने वाला वीडियो वायरल

नोरा फतेही सिर्फ एक ग्लोबल स्टार नहीं हैं जो अपनी अंतरराष्ट्रीय हिट स्नेक के साथ म्यूजिक चार्ट्स पर राज कर रही हैं, बल्कि वह अपने सबसे छोटे प्रशंसकों का दिल भी जीत रही हैं! दिल को छू लेने वाला एक वीडियो जो अब वायरल हो रहा है। उसमें छोटे प्रशंसकों की एक समूह ने नोरा को घेर लिया और ढेर सारा प्यार दिया, जिसमें एक प्यारे बच्चे ने उन्हें अपने स्नेह के प्रतीक के रूप में ब्रेसलेट भी गिफ्ट किया है। यह पल गर्मजोशी से भरा हुआ था क्योंकि नोरा ने बच्चों के साथ बातचीत की, जो उनकी प्यारी ऊर्जा और वास्तविक उत्तेजना से स्पष्ट रूप से प्रभावित थे। हंसी, गले लगाना और स्नेक के लिए मासूम सराहना करते हुए, बच्चों की प्रतिक्रियाएं यह याद दिलाने वाली थीं कि नोरा का प्रभाव पीढ़ियों तक गहरी छाप छोड़ता है।

नोरा फतेही ने इस अविस्मरणीय याद को साझा करने के लिए अपने सोशल मीडिया का सहारा लिया, और कैप्शन में लिखा ओएमजी मैं सचमुच रो रही हूँ, उनमें से एक ने मुझे एक ब्रेसलेट दिया और उन्हें स्नेक बहुत पसंद आया! कितना प्यारा पल था, इन खूबसूरत बच्चों ने मेरा साल बना दिया। उनका प्यार और ऊर्जा मुझे जीवन दे रही है! वैश्विक मंचों से लेकर असल जीवन के प्रशंसक प्यार तक, नोरा यह साबित करती जा रही हैं कि उनका दर्शकों से जुड़ाव गहरा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया गया है, जिसमें प्रशंसक उनकी दयालुता की सराहना कर रहे हैं और इस पल को प्योर हैप्पीनेस कह रहे हैं। नोरा फतेही को कोई नहीं रोक सकता। बॉलीवुड दर्शकों को लुभाने से लेकर ग्लोबली ध्यान आकर्षित करने तक, वह अपने परफॉर्मेंस से इंडस्ट्री में छाई हुई हैं।

हाल ही में उनकी उपस्थिति ने प्रतिष्ठित वैनिटी फेयर ऑस्कर आफ्टर-पार्टी में लोगों का ध्यान खींचा और सुर्खियाँ बटोरीं, जिससे वह हॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं। इस बीच, जेसन डेरुलो के साथ उनके धमाकेदार नए ट्रैक स्नेक ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है, जिसे 120 मिलियन से ज़्यादा बार देखा जा चुका है। नोरा ने अपनी नवीनतम रिलीज बी हैप्पी के साथ भी एक अमिट छाप छोड़ी है, जिसे उनके अभिनय के लिए सराहा



गया, और वह जल्द ही बहुप्रतीक्षित कांचना 4 में दिखाई देंगी, जिससे वह मेनस्ट्रीम सिनेमा में अपनी जगह मजबूत करेंगे। बता दें कि नोरा फतेही अपने डांस नंबर्स के लिए जानी जाती हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। सोशल मीडिया के जरिए वह अपनी लाइफ से जुड़ी अपडेट अपने फैंस को देती हैं। हाल ही में नोरा फतेही ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम परअपनी खूबसूरत वीडियो शेयर की है। वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वीडियो को फैंस खूब लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट भी कर रहे हैं। नोरा ने अपनी प्रोफाइल से जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह मरून गाउन पहने नजर आ रही हैं। खास बात यह है कि गाउ ऑफ शोल्डर है। गाउन पहन कर नोरा फतेही एक महल में टहल रही हैं। गाउन में अपने जलवे दिखा रही हैं और अलग-अलग पोज दे रही हैं। वीडियो में नोरा काफी खूबसूरत लग रही हैं।

नोरा फतेही की वीडियो पर कई यूजर बेहतरीन कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर कमेंट बॉक्स में दिल और फायर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है आय हाय ये अदा। एक और यूजर ने लिखा है नोरा का औरा है। एक दूसरे यूजर ने कमेंट किया है ओ माई गॉड ये तो परी लग रही है। हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क को दिए एक इंटरव्यू में नोरा फतेही ने बताया कि फिल्मों में हिट सॉन्ग करने का फायदा उनको नहीं हुआ। उन्होंने बताया हिट सॉन्ग दिलबर जब रिलीज हुआ तो उन्होंने पाया कि इससे फिल्म का कलेक्शन बढ़ा, सोशल मीडिया के जरिए भी मेकर्स को पैसे मिले। लेकिन इन चीजों से उनको फाइनेंशियली कोई फायदा नहीं हुआ। नोरा ने जो पैसे कमाए वह डांस शो करके, इवेंट्स करके ही कमाए। नोरा फतेही ने रोर फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा। वह बाहुबली फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं।

उन्होंने बॉलीवुड को ओ साकी साकी, इक तो कम जिंदगानी और नाच मेरी रानी जैसे बेहतरीन गाने दिए हैं। नोरा फतेही हाल ही में स्नेक गाने में नजर आई थीं। इस गाने को लोगों ने इतना देखा है कि यह गाना यूट्यूब पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले गानों में दूसरे नंबर पर आ गया। अभिनेत्री नोरा फतेही ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह ग्लोबल सेंसेशन क्यों हैं, जब उन्होंने फर्नांडो जे गार्सिया द्वारा डिजाइन किए गए एक लुभावने ऑस्कर डे ला रेंटा गाउन में ऑस्कर 2025 आफ्टर-पार्टी की शोभा बढ़ाई। आधुनिक ग्लैमर के साथ परिष्कार को सहजता से मिलाते हुए, उन्होंने आते ही सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया, उनकी खूबसूरती और आत्मविश्वास देखते ही बनता था। गोल्डन मास्टरपीस में लिपटी नोरा का लुक मंत्रमुग्ध करने वाला था, जिसे इंटरनेशनल स्टाइलिस्ट माहेर जरीदी ने परफेक्शन के साथ स्टाइल किया था। गाउन की बारीक कढ़ाई और डिजाइन ने उनकी ग्लैमरस पर्सनालिटी को और भी बेहतरीन बना दिया, जिससे वह उस रात की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट पर अपनी शानदार उपस्थिति के अलावा, नोरा वैश्विक मंच और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में भी अपनी छाप छोड़ रही हैं। उनकी नवीनतम फिल्म बी हैप्पी जल्द ही रिलीज होने वाली है, जिसने प्रशंसकों के बीच काफी उत्साह बढ़ा दिया है। इसके अलावा, उनकी वैश्विक हिट स्नेक ने 100 मिलियन से ज़्यादा व्यूज़ पार कर लिए हैं, जिससे उनकी स्थिति दुनिया भर में और भी मजबूत हो गई है।

> दिल को छू लेने वाला एक वीडियो जो अब वायरल हो रहा है। उसमें छोटे प्रशंसकों की एक समूह ने नोरा को घेर लिया और ढेर सारा प्यार दिया, जिसमें एक प्यारे बच्चे ने उन्हें अपने स्नेह के प्रतीक के रूप में ब्रेसलेट भी गिफ्ट किया है। यह पल गर्मजोशी से भरा हुआ था क्योंकि नोरा ने बच्चों के साथ बातचीत की, जो उनकी प्यारी ऊर्जा और वास्तविक उत्तेजना से स्पष्ट रूप से प्रभावित थे।


अपनी बहुमुखी प्रतिभा और कलात्मक प्रतिभा के लिए पहचानी जाने वाली नोरा का प्रभाव संगीत, फिल्म और फैशन तक फैला हुआ है, जो उन्हें आज वैश्विक मंच पर सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक बनाता है। अपने बेजोड़ आकर्षण और अट्रैक्टिव पर्सनालिटी के साथ, नोरा फतेही ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरीं और हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित इवेंट्स में से एक में अपनी अमिट छाप छोड़ दी। बता दें कि नोरा फतेही अपने अंतर्राष्ट्रीय संगीत करियर में एक और बड़ी सफलता के साथ ग्लोबल मनोरंजन परिदृश्य पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं, क्योंकि उनका हालिया ट्रैक स्नेक, जो अंतर्राष्ट्रीय पॉप स्टार जेसन डेरुलो के साथ सहयोग में बना है, विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर 100 मिलियन व्यूज़ पार कर चुका है। न्यूमेरो यूनो के रूप में, नोरा ने एक बार फिर ट्रेंड सेट करने और रिकॉर्ड तोड़ने की अपनी क्षमता साबित की है, जिससे उनकी ग्लोबल म्यूजिक सेंसेशन के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। अपनी प्रभावशाली बीट्स, गतिशील कोरियोग्राफी और हाई एनर्जेटिक विजुअल के साथ, स्नेक ने इंटरनेट पर तूफान मचा दिया है, और दुनियाभर में प्रशंसकों और कंटेंट क्रिएटर्स के बीच एक वायरल पसंदीदा बन गया है। जबरदस्त प्रतिक्रिया पर सराहते हुए, नोरा फतेही ने कहा, आपको धन्यवाद। मेरी इंटरनेशनल बिगेसट प्रोजेक्ट को इतना प्यार और सपोर्ट देने के लिए मैं इसके लिए सदा आभारी रहूंगी! ये बस एक शुरुआत है! जेसन डेरुलो ने नोरा फतेही के साथ इस प्रमुख उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया, स्नेक के केवल 3 सप्ताह में 100 मिलियन व्यूज तक पहुंचने के बारे में, व्यक्त करते हुए जेसन ने कहा, यह फायर है। **:: नेशनल डेस्क**

# क्या आपको भी किसी को छूते ही लगता है करंट, जानें इसके पीछे का साइंस

क्या आपने कभी ऑफिस में काम करते वक्त करंट लगने का अनुभव किया है? यह समस्या कई लोगों को होती है और यह झटका बिल्कुल वैसा ही लगता है जैसे बिजली का शॉक लगने पर होता है।

हालांकि, यह शॉक खतरनाक नहीं होता है, लेकिन यह आपको थोड़ी घबराहट में डाल सकता है। आपको इस पर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है, लेकिन फिर भी यह जानना जरूरी है कि ऐसा क्यों होता है। आइए जानते हैं इस विषय को विस्तार से। क्या आपने कभी सोचा है कि यह करंट क्यों लगता है? अगर आपने स्कूल में फिजिक्स या विज्ञान की पढ़ाई की है, तो आपको याद होगा कि एटम के बारे में पढ़ाया जाता था। एटम में तीन मुख्य पार्ट्स होते हैं, इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, और न्यूट्रॉन। ये तीनों हमारे शरीर में भी होते हैं और करंट लगने की स्थिति में इनकी अहम भूमिका होती है। एटम में इलेक्ट्रॉन (जो नेगेटिव चार्ज वाले होते हैं) और प्रोटॉन (जो पॉजिटिव चार्ज वाले होते हैं) होते हैं। साथ ही, न्यूट्रॉन होते हैं जिनका कोई चार्ज नहीं होता।

सामान्य स्थिति में, शरीर में इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन की संख्या संतुलित रहती है। लेकिन कभी-कभी शरीर में इलेक्ट्रॉन की संख्या बढ़ जाती है, जिससे शरीर नेगेटिव चार्ज हो



जाता है। जब यह शरीर किसी पॉजिटिव चार्ज वाली चीज को छूता है, तो करंट लगता है। यह एक बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन इसका अनुभव काफी चौंकाने वाला होता है। पॉजिटिव चार्ज और नेगेटिव चार्ज का संपकर्रू अगर आपके शरीर में पॉजिटिव चार्ज है और आप किसी नेगेटिव चार्ज वाली सतह को छूते हैं, तो करंट लग सकता है। अगर कोई दूसरा व्यक्ति भी आपको छूता है और उसके शरीर में नेगेटिव चार्ज है, तो दोनों को करंट लग सकता है। नेगेटिव चार्ज और पॉजिटिव चार्ज का संपकर्रू अगर आपका शरीर नेगेटिव चार्ज से प्रभावित हो गया है, तो आप किसी पॉजिटिव चार्ज वाली चीज को छूने पर करंट महसूस कर सकते हैं। यह समस्या मौसम के बदलाव पर भी निर्भर करती है। सर्दियों में यह समस्या ज्यादा होती है, क्योंकि इस मौसम में शरीर में इलेक्ट्रॉन की संख्या बढ़ जाती है, जिससे नेगेटिव चार्ज बनता है। गर्मियों में हवा में नमी ज्यादा होती है, जो इन इलेक्ट्रॉनों को नष्ट कर देती है और इस वजह से करंट कम महसूस होता है। एक्सपर्ट इस समस्या को एक सामान्य स्थिति मानते हैं। उनके अनुसार, यह समस्या अक्सर सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड से जुड़ी होती है। 1920 के दशक में इस स्थिति का वर्णन किया गया था और इसे मुख्य रूप से हाथ, पैर और सिर में महसूस किया जाता है। हालांकि, अगर यह समस्या लगातार हो और आपको बार-बार परेशान करे, तो आपको डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। इस समस्या को समझने के लिए सबसे पहले हमें स्टैटिक करंट को समझना होगा। स्टैटिक करंट तब बनता है जब दो वस्तुएं आपस में रगड़ती हैं। इससे एक वस्तु में नेगेटिव चार्ज और दूसरी में पॉजिटिव चार्ज जमा हो जाता है। जब ये दोनों वस्तुएं एक-दूसरे के संपर्क में आती हैं, तो करंट महसूस होता है, जैसे कि किसी धातु को छूने पर शॉक लगना। **:: एजेंसी**

## प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

### चार आतंकवादियों को

है। इन पर कोई रहम नहीं किया जाना चाहिए। करीब 17 साल पहले जयपुर में हुए सीरियल बम धमाकों के बाद चांदपोल बाजार में हनुमान मंदिर के बाहर एक जिंदा बम बरामद किया गया था। यह जिंदा बम 13 मई 2008 को हुए उन सीरियल विस्फोटों का हिस्सा था, जिसमें जयपुर के विभिन्न इलाकों में हुए धमाकों ने 71 लोगों की जान ले ली थी और सैकड़ों को घायल कर दिया था। चांदपोल बाजार में मिला यह बम फटने से पहले ही निष्क्रिय कर दिया गया था।

### कैबिनेट मीटिंग : कई

शिक्षण, प्रशिक्षण एवं शोध कार्य हेतु भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2022 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 2022) की धारा 45 सपठित धारा 46 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके विधायी विभाग द्वारा विधीक्षित भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली 2025 को प्रख्यापित किये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में शास्त्रीय संगीत की विभिन्न विधाओं में शिक्षण हेतु संस्कृति विभाग द्वारा सहायतित भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय संचालित है। इस विश्वविद्यालय द्वारा स्वर-संगीत, तालवाद्य, स्वर-वाद्य, नृत्य पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा संगीत की विधाओं में डिप्लोमा इन म्यूजिक, बी0पी0ए0, एम0पी0ए0 एवं पी0एच0डी0 की डिग्री/उपाधि दी जा रही है। प्रदेश की गौरवशाली, बहुआयामी एवं विशिष्ट संस्कृति के सम्यक संरक्षण एवं संवर्धन, सामाजिक-आर्थिक तथा संतुलित क्षेत्रीय विकास, स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि, उद्यमिता विकास में कला एवं संस्कृति की महती भूमिका के दृष्टिगत, शिक्षण एवं अनुसंधान हेतु उच्चस्तरीय सांस्कृतिक शैक्षणिक संस्थान के रूप में भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है।

### सिंगापुर के स्कूल

सिंगापुर के लिए रवाना होंगे। शंकर का जन्म पवन कल्याण की तीसरी पत्नी अन्ना लेझनेवा से 2017 में हुआ था। वह अभिनेता के चार बच्चों में सबसे छोटे हैं। पवन कल्याण की एक बेटी पोलेना और एक बेटा मार्क शंकर है, जो अन्ना लेझनेवा से हैं। अन्ना लेझनेवा रूसी नागरिक हैं, जिनसे कल्याण ने साल 2013 में शादी की थी। अभिनेता-राजनेता की दूसरी पत्नी रेणु देसाई से एक बेटा अकीरा और एक बेटी आध्या है, जिनसे उन्होंने 2012 में तलाक ले लिया था। इस बीच, राज्य के शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने कहा कि वह सिंगापुर के एक स्कूल में आग लगने की घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध हैं, जिसमें पवन कल्याण के बेटे शंकर झुलस गए हैं। लोकेश ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा, ष्उनके शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस कठिन समय में परिवार को शक्ति मिले और उनके लिए प्रार्थनाएं।

### राष्ट्रीय अधिवेशन में

होना बहुत महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी ने पिछले दिनों ही साफ कर दिया है कि शादी के घोड़ों को बेदखल किया जाएगा और उसके बाद यहां इस अधिवेशन का होना पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक पर पार्टी नेता मुमताज पटेल ने बातचीत में कहा, गुजरात में छह दशक के बाद सीडब्ल्यूसी की बैठक हो रही है और इसमें कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। सभी को उम्मीद है कि इसमें कुछ ऐसे प्रस्ताव पास होंगे, जो पार्टी के हित में होंगे। यह सरदार पटेल और महात्मा गांधी की धरती है, जहां स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखी गई थी और यहीं से कांग्रेस फिर से अपने पुनरुत्थान की योजना बना रही है, क्योंकि अगर हमें देश में जीतना है तो हमें पहले गुजरात में जीतना होगा।

### योगी के नेतृत्व

के अनुरूप सरोजनीनगर में 100 से अधिक मंदिरों में सौंदर्यीकरण, 185 बेंच, 74 सोलर लाइट, और ?3.73 करोड़ से अधिक का विकास कार्य। सरोजनी नगर में भी 100 से अधिक मंदिरों में विकास कार्य, 185 बेंच, 74 सोलर लाइट्स, 71 हैंडपंप, और रेतेश्वर व झाड़ेश्वर मंदिर के लिए ?3.73 करोड़ की स्वीकृति यहाँ भी धर्म और विकास की गंगा एकसाथ बह रही है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर में क्रांतिकारी बदलाव : 2014 में 12 किमी/दिन सड़क निर्माण होता था जो 2023 में बढ़कर 30.4 किमी/दिन तक पहुंचा,राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि। मेक इन इंडिया और स्टार्ट अप इंडिया की बात करते हुए विधायक ने बताया कि 2014 में त्रष्ठक्क में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान 914त्न था जो अब बढ़कर 17.5त्न हो गया, भारत ब्रह्मोस मिसाइल, तेजस और सुखोई एयरक्राफ्ट से लेकर चंद्रयान तक के निर्माण में सक्षम है। स्टार्ट अप इंडिया अभियान की बात करते हुए विधायक ने बताया जहाँ 2016 में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या 500 से कम थी वहीँ अब1.6 लाख से अधिक स्टार्टअप्स हैं, जिनमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न बन चुके, स्टार्ट अप्स से 16.6 लाख से अधिक नौकरियाँ सृजित हुईं, 73,000 स्टार्ट अप्स में महिला निदेशक हैं।

कश्मीर-बारूद से पर्यटन तक की यात्रा :जहाँ कभी पत्थर चलते थे अब वहाँ कैमरे क्लिक हो रहे हैं। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद, 91त्न पत्थरबाजी की घटनाएं घटीं, और 2023 तक 2 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने कश्मीर की वादियों को गले लगाया। कृषि और सहकारिता : पीएम किसान सम्मान योजना के तहत 11.8 करोड़ किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये दिए गये, 42.31 करोड़ किसानों को फसल बीमा योजना से लाभ मिला।

वैश्विक नेतृत्व : वैश्विक नेतृत्व में पीएम मोदी की भूमिका का उल्लेख करते हुए विधायक ने कहा, अन्तराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई, कोविड वैक्सीन डिप्लोमेसी के तहत 97 देशों को 11.54 करोड़ डोज़ पहुंचाए गये। जीडीपी का लगभग 85त्न, वैश्विक व्यापार का 75त्न से अधिक और दुनिया की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले जी - 20 समूह की सफलता पूर्वक अध्यक्षता की, भारत ने QUAD, BRICS जैसे मंचों पर प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई।

खेल क्षेत्र में उत्कृष्टता : खेलो इंडिया, फिट इंडिया और टॉप्स स्कीम का प्रभाव, 2024 ओलंपिक 6 पदक, पैरालंपिक 29 पदक (सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन), इसी भावना के अनुरूप सरोजनीनगर में स्पोर्ट्स लीग का आयोजन कर 12,000 से अधिक खिलाड़ियों को मौका दिया गया, 200 से अधिक यूथ क्लब गठित कर खेल संसाधन उपलब्ध कराये गये। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर शक्ति, संस्कृति और समृद्धि ङ्क तीनों में नई ऊंचाइयों को छुआ है। और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सहयोग से उत्तर प्रदेश में यह विकास तीव्र गति से धरातल पर भी उतरा है।

युगांतकारी उपलब्धियां : प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व की ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने कहा - ईरान का ?48,000 करोड़ कर्ज चुकाया, UAE का 40,000 करोड़ ऋण चुकाया, तेल कंपनियों का 1.33 लाख करोड़ घाटा भरा, इंडियन एयरलाइंस का ?54,000 करोड़ घाटा भरा, भारतीय रेलवे का 22,000 करोड़ घाटा भरा, बीएसएनएल का 1,500 करोड़ घाटा पूरा किया, 2.5 लाख करोड़ विदेशी कर्ज चुकाया, सैन्य संसाधनों का आधुनिकीकरण, 18,500 गाँवों का विद्युतीकरण आदि कार्यों ने नए भारत की नयी छवि प्रस्तुत की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष एवं जिला संचालन कार्यक्रम अभियान प्रभारी अरविन्द यादव, कार्यक्रम अभियान प्रभारी महानगर संचालन रमाशंकर त्रिपाठी, संयोजक कार्यकम भुवेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, कार्यक्रम संयोजक पार्षद कृष्ण नारायण सिंह, मंडल अध्यक्ष खुशहालगंज शिव बक्श सिंह, मंडल अध्यक्ष अर्जुनगंज मोहित तिवारी, मंडल अध्यक्ष सरोजनीनगर विवेक राजपूत, मंडल अध्यक्ष सरोजनी नगर दक्षिण मंडल - प्रथम के.के. श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष सरोजनी नगर दक्षिण मंडल - द्वितीय शिव शंकर विश्वकर्मा एवं दक्षिण मंडल - तृतीय अध्यक्ष विनोद मौर्या मौजूद रहे(

### कार्यक्रम आठ बरस का सियासी ताकत का करा गये एहसास : अरुणवीर

**बहराइच, एजेंसी।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के अविरल आठ बरस पूरे होने के उपलक्ष्य मे जश्न और जलसे का सिलसिला चल रहा है, इस दौरान योगी आदित्यनाथ सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता को देने का सिलसिला चल रहा हैं, मटेरा विधान सभा क्षेत्र मुस्लिम बाहुल्य हैं स यहाँ से सपा के कददावार नेता रहे वकार शाह की पुत्र वधू मारिया शाह लगातार दो चक्र से चुनाव जीतती आ रही हैं स मौजूदा समय मे श्रीमती शाह मटेरा से विधायक हैं, बीते सोमवार को श्रीमती मारिया शाह के प्रबल प्रतिद्वन्दी पूर्व एम एल सी कुंवर अरुणवीर के निर्देशन मे भारतीय जनता युवा मोर्चा के वैनर तले युवा नेता कुंवर करण वीर सिंह की अगुआई मे मोटर साइकिल यात्रा निकाली गयी स मटेरा विधान सभा के नबाबगंज कस्बे मे प्रधान बेचौलाल के पेट्रोल पम्प से यह यात्रा चलकर मंगली नाथ मंदिर पर समाप्त हुई स यह यात्रा मंगली नाथ मंदिर पर जनसभा मे तब्दील हो गयी थीं स इस यात्रा के जरिये अरुणवीर ने अपने विरोधी को अपनी ताकत का अहसास कराया,मोटर साइकिल यात्रा जन सैलाब सा प्रतीत हो रहा था, चारो तरफमोदी -योगी और जय श्री राम के जयकारों से वातावरण गुंजयमान हो रहा था, इस मोके पर कुंवर अरुणवीर सिंह ने यूपी सरकार की विभिन्न योजनाओं का विस्तार से जिक्र किया स यात्रा के जरिये जनता से सीधे तौर पर संवाद स्थापित करने का एक प्रयास रहा हैं सउन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों मे जाति देखकर नौकरिया दी जाती थीं स योगी सरकार मे पूरी पारदर्शिता के साथ पात्रों चयन उनकी योग्यता के आधार पर किया जाता है, यात्रा को भाजपा के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, भाजयुमो बहराइच के जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल, विपुल बाबा सहित अनेको वक्ताओ ने सिलसिलेवार सरकार की उपलब्धिया गिनायीं, यह यात्रा डॉ वाकर अहमद शाह के चले आ रहे प्रभुत्व को तोड़ने का एक अभिनव पहल माना जा रहा हैं, मटेरा मे दो चुनाव मे शिकस्त खाने के बाद भी कुंवर अरुणवीर सिंह दम पराजय नहीं मानी और शेर की तरह मैदान मे आज भी डटे हुए हैं।

### आयुष मेडिकल कालेजों में छात्रों को नवीनतम जानकारी के लिए करायें सेमीनार :दयालु

**लखनऊ, चसं।** प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एमओएस डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने आज प्रदेश के आयुष मेडिकल कालेज आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथिक के प्रधानाचार्यों एवं आयुष विभाग के अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय आयुष मिशन कार्यालय के सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक की। प्रधानाचार्यों से कहा कि वे अपने कालेज में कैलेण्डर बनाकर छात्रों को पढ़ाने की व्यवस्था कराये।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

# मुख्यमंत्री ने 'इन्वेस्ट यूपी' के कार्यों की समीक्षा की

## हमारे पास हर सेक्टर के इंडस्ट्री स्पेशलिस्ट होने चाहिए : सीएम योगी

चर्चित राजनीति। ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में 'इन्वेस्ट यूपी' के कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में औद्योगिक परिवेश को और बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि 'इन्वेस्ट यूपी' को मॉडल इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और फैसिलिटेशन एजेंसी के रूप में कार्य करना होगा। इसके लिए आवश्यक है कि विशेषज्ञों की सेवाएँ ली जाएं। हमारे पास हर सेक्टर के इंडस्ट्री स्पेशलिस्ट होने चाहिए, जो अपने अनुभव और विशेषज्ञता के अनुसार ग्लोबल लेवल पर इंडस्ट्री से सुविधाजनक ढंग से संवाद और समन्वय बना सकें और प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र को आत्मसात करते हुए विगत 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश देश के सर्वश्रेष्ठ इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में औद्योगिक जगत की पहली पसंद बन कर उभरा है। इस सकारात्मक माहौल को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यद्यपि ऑनलाइन फ्रंट एंड सिंगल विंडो बनाई गई है और उद्यमियों को इसका लाभ भी प्राप्त हो रहा है। किंतु अब भी कतिपय प्रकरणों में निवेशकों को स्वीकृतियों के लिए अन्य विभागों से संपर्क करना पड़ता है। इसी प्रकार, यह भी देखने को मिला है कि निवेश की श्रेणी के आधार पर विभिन्न स्तरों पर विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। इस व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। पूरे अर्थों में 'सिंगल विंडो' की व्यवस्था लागू होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश मित्र की पुनर्सरचना की जाए। तकनीक की सहायता से ऐसी व्यवस्था करें, जिससे कि उद्यमियों के आवेदन अन्य विभागों को रीडायरेक्ट नहीं हो। सभी विभागों को जोड़ें। प्रत्येक आवेदन का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर होना सुनिश्चित करायें। यदि तय समय सीमा के भीतर संबंधित विभाग द्वारा निस्तारण नहीं किया जाता है तो डीम्ड अनुमति मिलनी चाहिए। सिंगल विंडो एक्ट लागू किया जाए, जिसके अंतर्गत बड़े निवेश के लिए औद्योगिक विकास विभाग द्वारा एकल स्वीकृति मिलने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक निवेशक हमारे लिए महत्वपूर्ण है। सभी की सुविधा, सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। बेहतर होगा कि इस कार्य में उद्यमी मित्रों का अधिकाधिक उपयोग किया जाए। निवेश सारथी पोर्टल को और उपयोगी बनाया जाना आवश्यक है। इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत एक चेजिंग सेल (अनुश्रवण प्रकोष्ठ) का गठन करें। इसमें अलग-अलग इंडस्ट्रियल सेक्टर के विशेषज्ञों को सम्मिलित करें। यह सेल संभावनाओं वाले सेक्टरों को तलाशे, संवाद और समन्वय बनायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश-दुनिया का हर निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक है। विदेशों में इंडस्ट्री अप्रोच के लिए हमें भारत सरकार के दूतावासों से सम्पर्क-समन्वय बनाना उपयोगी होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इन्वेस्ट यूपी शासी निकाय की छमाही बैठक जरूर आयोजित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के पोटेंशियल के अनुरूप बदलते वैश्विक औद्योगिक परिवेश का अधिकाधिक लाभ उत्तर प्रदेश को मिले। इसके लिए कई नए सेक्टर के लिए भी नीतियां घोषित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास विभाग द्वारा वैश्विक क्षमता केंद्र (ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर), फुटवियर एंड लेदर पॉलिसी, सर्विस सेक्टर पॉलिसी, फिनटेक और फाइनेंसियल सर्विस पॉलिसी और बायोटेक पॉलिसी यथाशीघ्र तैयार कर प्रस्तुत की जाएं। उद्योगों के लिए भूमि की उपलब्धता पहली आवश्यकता है। लैंडबैंक विस्तार के प्रयासों को और तेज किये जाने की आवश्यकता है। औद्योगिक विकास के लिए भू-उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए।

- **प्रधानमंत्री जी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र को आत्मसात करते हुए विगत 8 वर्षों में उप्र देश के सर्वश्रेष्ठ इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में औद्योगिक जगत की पहली पसंद बन कर उभरा**
- **इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत एक अनुश्रवण प्रकोष्ठ का गठन करें**
- **विदेशों में इंडस्ट्री अप्रोच के लिए हमें भारत सरकार के दूतावासों से सम्पर्क-समन्वय बनाना उपयोगी होगा : मुख्यमन्त्री**

## चित्रकूट में 50 करोड़ रुपए की राशि से विकसित होंगी पर्यटक सुविधाएं : जयवीर सिंह



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी के वनवास के प्रमुख पड़ाव चित्रकूट में लगभग 50 करोड़ रुपए से पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। हाल ही में पर्यटन विभाग की तीन योजनाओं की स्वीकृति मिली है। इनमें राम वन गमन पथ के मुख्य पड़ाव पर टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर, हवाई अड्डा के समीप देवांगना घाटी के बॉर्डर पर पर्यटक सुविधा केंद्र और डॉर्मिटरी का निर्माण तथा कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर विकास कार्य कराए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि चित्रकूट शहरी क्षेत्र में राम वन गमन पथ के मुख्य पड़ाव स्थल पर टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में इनडोर बैठक सहित रेस्टोरेंट, सत्संग हॉल व बहुउद्देश्यीय हॉल, मीटिंग रूम, कार्यालय कक्ष, शौचालय, डॉर्मिटरी (आवासीय कक्ष) सहित अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। इसके लिए लगभग 11.93 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है, जिसमें 50 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि हवाई अड्डे के समीप देवांगना में लगभग 17.56 करोड़ रुपए से पर्यटक सुविधा केंद्र बनाए जाएंगे। इसमें 70 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। परियोजना के तहत टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर में इनडोर सीटिंग युक्त रेस्टोरेंट, सत्संग हॉलध्बहुउद्देशीय हॉल, रिटेल स्पेस, कार्यालय कक्ष, शौचालय और डॉर्मिटरीज आदि का निर्माण किया जाएगा। श्रद्धालुओं के सुविधार्थ कामदगिरी परिक्रमा मार्ग का सांस्कृतिक एवं अवस्थापना संबंधी पर्यटन विकास 20.45 करोड़ रुपए से कराया जाएगा। इसमें 75 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। परियोजना के तहत फर्श की स्थापना, जल निकासी समाधान, संकेतक व साइन बोर्ड की स्थापना, दुकानों के मुखौटे की स्थापना, बाड़ व फेंसिंग की स्थापना, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली की स्थापना की सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। इसमें चित्रकूट का महत्वपूर्ण योगदान है। यह पुण्य भूमि प्रकृति प्रेमियों को भी खूब आकर्षित करती है। यहीं पर रानी टाइगर रिजर्व महत्वपूर्ण ईको साइट है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड भी पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रहा है। ताकि यहां आने वाले पर्यटक भी विशिष्ट अनुभव लेकर जाएं।

## एप के जरिए प्राइवेट कुली रखने पर भारी आक्रोश

**लखनऊ, चसं।** पश्चिम रेलवे के वसई, वापी और वलसाड स्टेशनों पर बुक माय कुली एप्प के जरिए प्राइवेट कुली रखने, प्रयागराज में गैरकानूनी प्राइवेट ट्रॉली प्रथा का विरोध करने वाले कुलियों पर मुकदमा कायम कर उनका उत्पीड़न करने, नियम विरुद्ध चलाई जा रही बैटरी रिक्शा पर लगेज नाट एलाऊड का बोर्ड लगाने और कुलियों को रेलवे की नौकरी देने के सवाल पर आज राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने वर्चुअल बैठक की। इस बैठक में पूरे देश के कुली प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। बैठक की जानकारी देते हुए मोर्चा के कोऑर्डिनेटर राम सुरेश यादव ने कहा कि पश्चिम रेलवे में जयपुर की प्राइवेट कंपनी को बुक माय कुली एप्प का ठेका देने और रेलवे में नियोजित कुलियों की जगह प्राइवेट कुलियों से कार्य कराने पर बैठक में गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया है। बैठक में कुलियों के जीवन को लगातार बर्बाद करने वाली नीतियों के खिलाफराष्ट्रीय सत्याग्रह संवाद चलाने का निर्णय हुआ। प्राइवेट एप्प के माध्यम से प्राइवेट कुलियों की भर्ती करना और कुलियों की जगह ठेकेदारों की ट्राली पद्धति को शुरू करना कहीं से भी न्यायोचित नहीं है।

## प्रशिक्षण देकर दक्ष व सक्षम बनाये जा रहे अधिकारी और कर्मचारी

- दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब में सरकारी, अर्धसरकारी विभाग, संस्थाओ के अधिकारियों व कर्मचारियों व विभाग व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ द्वारा भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीनस्थ सांख्यिकी क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के 80 वें दौर के सर्वेक्षण के अन्तर्गत दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन संस्थान के बुद्धा सभागार में किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में लखनऊ मंडल, झांसी मंडल तथा देवीपाटन मंडल के 75 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक निदेशक एनएसएसओ डिम्पल यादव ने स्वागत सम्बोधन के माध्यम से आरम्भ किया। उप महानिदेशक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ डॉ सुचिता गुप्ता ने उद्घाटन सम्बोधन में समाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के 80वें दौर के सर्वेक्षण की गतिविधियों एवं अवधारणाओं के विषय में विस्तृत रूप से प्रशिक्षु अधिकारियों का ज्ञानवर्धन किया। मो तैयब, उप निदेशक आंचलिक कार्यालय लखनऊ द्वारा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की देश में नियोजन एवं नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। वरूण विद्यार्थी संस्थापक अध्यक्ष मानवोदय सेवा संस्थान एवं आरएल राजवंशी, राज्य मद्य निषेध अधिकारी द्वारा प्रासंगिक कार्य क्षेत्र में कैसे कार्य करेंगे ,इत्यादि विधाओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं पूर्व लोक सेवा आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ कृष्णवीर सिंह शाक्य ने स्वास्थ्य, शिक्षा तथा मिशन कर्मयोगी विषयों को अन्तर्समाहित करते हुये, विश्लेषणात्मक रूप से प्रासंगिक एवं वर्तमान वस्तु स्थिति को उद्धत करते हुये एक-एक करके सम्बन्धित उपयोगी एवं तथ्यपरक घटकों पर व्याख्यान दिया। अध्यक्षीय सम्बोधन के अन्तर्गत संस्थान के प्रभारी अपर निदेशक बीडी चौधरी द्वारा सम्बन्धित विषय-विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों तथा उपस्थित प्रतिभागी अधिकारियों का स्वागत अभिनन्दन करतें हुये प्रशिक्षण विधा की उपयोगिता तथा इसके महत्व पर डीओपीटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार एक प्रासंगिक व्याख्यान दिया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन एवं प्रबन्धन के दृष्टिगत संस्थान के सहायक निदेशक आलोक कुशवाहा, शोध सहयुक्त प्रतिमेश तिवारी, उपेन्द्र दुबे, कम्प्यूटर प्रोग्रामर तथा प्रचार सहायक मो शहंशाह का सराहनीय योगदान है।

**जनमनरेगा एप दिखाएगा गांवों के विकास कार्यों का स्वरूप :** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जनमनरेगा एप विकसित किया है। इस एप को डाउनलोड करने के बाद कोई भी मनरेगा की परिसंपत्तियों को देख सकेगा। विकास कार्यों में फीडबैक भी देख सकेगा। श्रमिक, रोजगार सेवक और मनरेगा कर्मचारी एप से मानदेय के भुगतान की स्थिति को देख पाएंगे। इसे गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इसमें खास बात यह है कि कोई भी श्रमिक एप डाउनलोड कर मजदूर सेवाओं पर जाकर जाबकार्ड नंबर डालकर पंजीकरण करा सकेगा। उपस्थिति के अलावा श्रमिक ने महीने में कितने दिन काम किया, भुगतान की क्या स्थिति है। मनरेगा मेट के लिए भी यह एप बहुत ही महत्वपूर्ण है।जनहित में एप को जीपीएस ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम से लिंक कर दिया गया है। जीपीएस खोलकर मनरेगा की सभी परिसंपत्तियों की जानकारी ली जा सकेगी। कहां पर मनरेगा कार्य किया गया, कितने मजदूर लगे थे, कितना खर्च हुआ, इसकी पूरी डिटेल ली जा सकेगी। मनरेगा से होने वाले विकास कार्यों को लोग जान सकेंगे और अपना फीडबैक भी दे सकेंगे। गुणवत्ता पर सुझाव और शिकायतें भी दर्ज करा पाएंगे। यह एप हिंदी, अंग्रेजी सहित 12 भाषाओं में तैयार किया गया है।मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए यह ऐप विकसित किया गया है। मनरेगा योजना के अंतर्गत चकमार्ग, मेड़बंदी, समतलीकरण, पौधारोपण, गोशाला निर्माण, नाली, खड़ंजा, स्कूलों की बाउंड्री, तालाब की खोदाई, मनरेगा पार्क, ओपन जिम समेत कई कार्य शामिल हैं।

ये कार्य अभी मेट और रोजगार सेवकों की देखरेख में चल रहे हैं। मनरेगा कार्यों में मिलने वाली शिकायतों पर विराम लगाने के साथ लोगों की एप के माध्यम से फीडबैक लिया जा सकेगा।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस व्यवस्था से मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता आयेगी और विवरण भी सर्व सुलभ हो सकेंगे व जवाबदेही भी आसानी से निर्धारित हो सकेगी। इस ऐप का उपयोग बढ़ाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया।आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि मोबाइल एप्लीकेशन से घर बैठे मनरेगा परिसम्पत्ति को देख सकेंगे।

## डिजिटल ट्रांजेक्शन और डीबीटी में यूपी नम्बर वन

**लखनऊ, चसं।** डिजिटल लेनदेन और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर यानि डीबीटी में देश में नंबर वन है। 2017-18 में राज्य में 122.84 करोड़ का डिजिटल ट्रांजेक्शन था, 2024-25 में दिसंबर तक आंकड़ा 1024.41 करोड़ तक पहुंच गया। इतने कम समय में इतनी बड़ी छलांग यूपी के लिए बड़ी बात है। यूपी डिजिटल लेनदेन में नंबर वन है। ज्यादातर ट्रांजेक्शन यूपीआई से हो रहे हैं।योगी सरकार ने डिजिटल क्रांति को हर घर तक पहुंचाने का सपना सच कर दिखाया है। डिजिटल बैंकिंग को आसान बनाने के साथ गांवों तक हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा पहुंचाई गई है। लोगों को इसके फायदे समझाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए गए हैं। राज्य में 20416 बैंक शाखाएं 400932 बैंक मित्र और बीसी सखी 18747 एटीएम और 440095 बैंकिंग केंद्र काम कर रहे हैं। ये सुविधाएं शहरों से लेकर दूर दराज के गांवों तक लोगों की मदद कर रही हैं। बैंक मित्र और बीसी सखी जैसे कदमों से महिलाओं को रोजगार मिला है और ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग आसान हुई है। डीबीटी के जरिए सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहा है। 11 विभागों की 207 योजनाएं इस सिस्टम से चल रही हैं, जिनमें 113 केंद्रीय और 95 राज्य सरकार की योजनाएं शामिल हैं।

## देश-विदेश डायरी

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन का 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान



**लिस्बन, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन में 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान से नवाजा गया। लिस्बन के मेयर कार्लोस मोएदास ने उन्हें यह सम्मान दिया। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रपति ने लिस्बन के मेयर और लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लिस्बन अपने खुले विचारों, संस्कृति, सहिष्णुता और विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी बदलाव, इनोवेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और डिजिटल संक्रमण के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी सहयोग कर सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, पुर्तगाल एक ऐसा देश है, जिसके साथ हमारे ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। भारत और पुर्तगाल के बीच सांस्कृतिक संबंध सदियों से चले आ रहे हैं, और इन्होंने हमारे रोजमर्रा के जीवन पर अमिट छाप छोड़ी है।

उन्होंने कहा, इस वर्ष भारत और पुर्तगाल अपने राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती मना रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारा ऐतिहासिक सहयोग, एक गतिशील और बहुमुखी साझेदारी बनने की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल और स्लोवाक गणराज्य की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा पर हैं। यह 25 से अधिक वर्षों में भारत के राष्ट्रपति की इन देशों की पहली राजकीय यात्रा है। इन यात्राओं से यूरोपीय संघ के दो महत्वपूर्ण भागीदारों के साथ भारत के बहुआयामी संबंधों का और विस्तार होगा।

पुर्तगाल में पिछली राजकीय यात्रा 1998 में हुई थी जब राष्ट्रपति के.आर. नारायणन वहां पहुंचे थे। राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल के प्रेसिडेंट मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर 7-8 अप्रैल तक पुर्तगाल की राजकीय यात्रा पर हैं। पुर्तगाल से राष्ट्रपति मुर्मू स्लोवाकिया जाएंगी, जो 29 वर्षों में भारत के किसी राष्ट्रपति की पहली स्लोवाकिया यात्रा होगी।9-10 अप्रैल की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिक्रो के साथ चर्चा करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू स्लोवाक गणराज्य की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष रिचर्ड रासी से भी मिलेंगी।

### दक्षिण कोरिया : 3 जून को होगा राष्ट्रपति चुनाव, सरकार का फैसला

**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरियाई सरकार ने मंगलवार को औपचारिक रूप से ऐलान किया कि राष्ट्रपति चुनाव 3 जून को होगा। पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटाए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह घोषणा कैबिनेट बैठक में की गई जो कि यून महाभियोग केस में संवैधानिक न्यायालय के फैसले के चार दिन बाद हुई। न्यायालय ने यून के खिलाफमहाभियोग प्रस्ताव जारी रखा जिसका मतलब था कि उन्हें अपना पद छोड़ना होगा और नए राष्ट्रपति चुनाव कराए जाएंगे। संविधान के अनुसार, देश में राष्ट्रपति पद रिक्त होने के 60 दिनों के भीतर नए चुनाव कराना अनिवार्य है। जब पूर्व राष्ट्रपति पार्क ग्यून-हे को 10 मार्च, 2017 को पद से हटाया गया, तो चुनाव ठीक 60 दिन बाद, 9 मई को आयोजित किए गए। सरकार ने 3 जून को अस्थायी सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया है। पिछले शुक्रवार को संवैधानिक न्यायालय के फैसले के तुरंत बाद राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू कर दिया था। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, चुनाव के तुरंत बाद नए राष्ट्रपति बिना किसी ट्रांजिशन टीम के पदभार ग्रहण करेंगे। बता दें राष्ट्रपति यून ने 03 दिसंबर की रात को दक्षिण कोरिया में आपातकालीन मार्शल लॉ की घोषणा की, लेकिन संसद द्वारा इसके खिलाफमतदान किए जाने के बाद इसे निरस्त कर दिया गया। मार्शल लॉ कुछ घंटों के लिए ही लागू रहा लेकिन इसने देश की राजनीति को हिला कर रख दिया। नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफमहाभियोग प्रस्ताव पारित किया। प्रधानमंत्री हान डक-सू ने उनकी जगह ली लेकिन उनके खिलाफभी महाभियोग पारित हुआ। इसके बाद उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री चोई सांग-मोक कार्यवाहक राष्ट्रपति और कार्यवाहक प्रधानमंत्री दोनों की जिम्मेदारी संभालने लगे। हालांकि 24 मार्च को संवैधानिक न्यायालय ने प्रधानमंत्री हान डक-सू के महाभियोग को खारिज कर दिया और उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया।

## मंडलायुक्त ने गेहूं क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ मण्डलायुक्त डा रोशन जैकब ने आज गेहू क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय गेहूं क्रय केंद्र बंथरा व कृषक सेवा केंद्र मऊ मोहनलालगंज का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने गेहू क्रय केंद्र का निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का गेहू क्रय का भुगतान बिना किसी विलम्ब के समय से कराया जाये। उन्होंने कहा गेहू क्रय के उपरान्त 48 घण्टे में किसानों का भुगतान सभी संबंधित संस्थाएं करा दिया जाए। छोटे और मध्यम वर्गी किसानों से प्राथमिकता के आधार पर गेहू क्रय कर सभी गेहू क्रय केन्द्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संचालन किया जाये। सभी सम्बन्धित अधिकारी प्रत्येक सप्ताह गेहू क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे और प्रतिदिन क्रय सेन्टरों का फीडबैक लेते रहे। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रत्येक क्रय केन्द्र पर उपकरणों व इलेक्ट्रॉनिक काँटा, बोरो की उपलब्धता शतप्रतिशत हो।

## देश के विकास में शिक्षा की महती भूमिका : रजनी तिवारी

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**लखनऊ।** राजनीतिशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 7 अप्रैल 2025 से 8 अप्रैल 2025 तक आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन समारोह संपन्न हुआ।

संगोष्ठी का विषय राज्य, समाज और राष्ट्र के बीच अंतर्संबंधः भारतीय परिपेक्ष्य था, जिसमें देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विद्वानों ने भाग लिया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी उपस्थित रहीं। उनके साथ लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय, राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजय गुप्ता और संगोष्ठी के संयोजक डॉ. जितेंद्र कुमार भी मंच पर मौजूद थे। मुख्य अतिथि रजनी तिवारी ने अपने संबोधन में देश के विकास में शिक्षा की महती भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना अंत्योदय से सर्वोदय पर आधारित है, जिसका लक्ष्य समाज के हर वर्ग तक शिक्षा और विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह नीति शिक्षा में भारतीय मूल्यों और संस्कृति को प्राथमिकता देती है, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने संगोष्ठी की सफलता पर खुशी जताई और विशेष रूप से राजनीति विज्ञान विभाग के नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षिक आयोजनों से न केवल शोध और विचारों का आदान-प्रदान होता है, बल्कि युवा शिक्षकों और छात्रों को प्रेरणा भी मिलती है। संगोष्ठी के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्वानों ने राज्य, समाज और राष्ट्र के बीच के संबंधों पर अपने विचार और शोध पत्र प्रस्तुत किए, जो भारतीय परिपेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक थे। समापन सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जो संगोष्ठी की गरिमा को और बढ़ा गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के समस्त शिक्षक और कर्मचारी, जिनमें प्रोफेसर संजय गुप्ता (विभागाध्यक्ष), प्रोफेसर मनुका खन्ना, प्रोफेसर कमल कुमार, प्रोफेसर कविराज, डॉ. अमित कुशवाहा, डॉ. शिखा चौहान, डॉ. राजीव सागर, डॉ. माधुरी साहू, डॉ. अनामिका, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. तुंगनाथ मुआर, डॉ. दिनेश यादव, डॉ. सत्यम तिवारी समेत अन्य शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह संगोष्ठी न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही, बल्कि यह भारतीय समाज और राजनीति के अध्ययन में नए आयाम स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय और आईसीएसएसआर के इस संयुक्त प्रयास को भविष्य में भी जारी रखने की उम्मीद जताई जा रही है।

